पूर्वी अमेरिका के सम्मेलन में दी गयी सीख

ली होंगज़ी

मार्च 27-28, 1999 ~ न्यूयॉर्क

यू.एस. में पूर्वी तट के फालुन दाफा शिष्यों द्वारा, फा के अध्ययन करने से प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि को एक-दूसरे के साथ साझा करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया था, लेकिन, अब ऐसा लगता है कि वास्तव में इस सम्मेलन में बैठे बहुत सारे लोग दूसरे क्षेत्र या देश के हैं। आप में से कई लोगों ने सोचा होगा कि वहाँ गुरूजी भी आ सकते हैं। मैं आपको पहले ही बता दूं कि भविष्य में जब भी किसी भी क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ अनुभव बांटने का सम्मेलन होगा, तो मैं शायद उसमें उपस्थित नहीं हो पाऊँगा। मैं आपको यह इसलिए बता रहा हूं, ताकि आप [मेरी तलाश में] अपनी कोई यात्रा व्यर्थ न करें। दाफा सम्मेलन दुनिया भर में लगभग हर सप्ताह आयोजित किए जाते हैं और मैं उनमें से हर एक में शामिल नहीं हो सकता। मैं यह बात पहले से ही बताना चाहता था।

इसके अलावा, इस विशेष सम्मेलन का आयोजन काफी अच्छी तरह से किया गया है। कई छात्रों ने इस सम्मेलन को सफल बनाने में चुपचाप बहुत प्रयास किया और अपना बहुत योगदान दिया। आप सभी की ओर से, मैं इन शिष्यों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमें यह वातावरण प्रदान किया। इसके साथ ही, हमें इस सम्मेलन को सफल बनाना चाहिए। दाफा का कोई भी सम्मेलन, केवल एक औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। आपको इस अवसर को कुछ इस तरह से बनाना चाहिए कि, जो आपको वास्तव में स्वयं में सुधार करने और अपनी कमियों को खोजने में सक्षम बनाती है, और जो वास्तव में आपको फल पदवी की ओर बढ़ने में सहायता करती है। जब ऐसा होगा, तो इस सम्मेलन में योगदान देने वाले छात्रों के प्रयास सफल होंगे, और वास्तव में, हमारे सम्मेलन का उद्देश्य पूरा होगा। अन्य क्षेत्रों में आयोजित सम्मेलनों को भी ऐसे ही होना चाहिए—आपको इस तरह के सम्मेलनों को वास्तव में सभी की साधन और सुधार के लिए उपयोगी बनाना चाहिए, और उन्हें एक औपचारिकता नहीं बनने देना चाहिए।

साधना का आकलन इस बात से नहीं करना चाहिए कि कितने लोग अभ्यास करते हैं। मैंने कहा है कि मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि कितने कम या कितने अधिक लोग अभ्यास करते हैं। भले ही केवल 1% लोगों ने साधना का अभ्यास करते हैं, मैंने जो किया है वह व्यर्थ नहीं होगा, इस तथ्य का उल्लेख नहीं करते हुए भी कि हमारे बहुत से साधक हैं। आप सभी साधना का अभ्यास कर रहे हैं, और आप भरपूर सुधार कर रहे हैं—आप सभी तेजी से सुधार की ओर बढ़ रहे हैं, और मैं

देख रहा हूँ कि आप पूरी मेहनत भी कर रहे हैं। अब, दुनिया भर में बहुत सारे लोग दाफा को और अच्छी तरह समझने लगे हैं, और अब दाफा साधना सीखने वाले लोगों की संख्या और भी बढ़ रही है। तो, तदनुसार कुछ समस्याएं आएगी, अर्थात, जब आपने पहली बार इस फा का अध्ययन करना शुरू किया, तो हो सकता है कि आपके पास बहुत सारे प्रश्न या संदेह हों, और ऐसी कई बातें सामने आयी हों, जो आप ठीक से समझ नहीं पाए हों। मुझे लगता है कि यहां बैठे सभी नए छात्र, चाहे आप किसी भी देश या जाती के हों, आपको फा का अध्ययन करते समय, पुस्तक पढ़ते रहना चाहिए। ऐसा करने से ही आपके मन में उलझे प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं। मैं प्रत्येक सम्मेलन में इस बारे में बताता हूँ: साधना के दौरान आपको बार-बार पुस्तक पढ़ना चाहिए। मैं इन शब्दों को क्यों दोहराते रहता हूँ? क्योंकि हर दिन नए लोग जुड़ रहे हैं। इसलिए, इन शब्दों को भविष्य में फिर से दोहराना होगा। दूसरे शब्दों में, मेरे इस फा को प्रदान करने का उद्देश्य, साधना करने और अच्छाई की ओर बढ़ने के लिए, लोगों को सक्षम बनाना है—इस बात में कोई संदेह नहीं है, और हमने वास्तव में देखा है कि यह लक्ष्य प्राप्त हो सकता है।

फिर भी, हम सभी जानते हैं कि इस संसार में मेरा केवल यही एक मानव शरीर है। मेरे लिए प्रत्येक छात्र को यह सिखाना वास्तव में मुश्किल होगा कि दाफा की साधना कैसे करें, क्योंकि लगभग 10 करोड़ लोग इसे सीख रहे हैं और भविष्य में और भी बहुत से होंगे। दाफा को सार्वजनिक कर दिया गया है। मैं इस संसार में सभी से एक-एक करके बात नहीं कर सकता और न ही सिखा सकता हूं, फिर भी मैं चाहता हूं कि आप बेहतर बनें—वास्तव में अपना सुधार करें और यहां तक कि फल पदवी तक पहुंचें। यदि मैं यह नहीं कर पाता, तो क्या यह आपको धोखा नहीं दे रहा? लेकिन, वास्तव में हमने देखा है कि लोग न केवल साधना के माध्यम से ऊपर उठे हं, बल्कि उन्होंने बहुत अच्छी तरह से साधना भी की है।

तो इससे सिद्ध होता है कि मेरा आपकी ओर उत्तरदायित्व है और मेरे द्वारा कहे गए शब्द बेबुनियाद नहीं हैं। मैं अभी जिस बारे में बात करने जा रहा हूं, वह है कि छात्र बड़ी संख्या में होने के कारण मैं आप में से हर एक को मिल या व्यक्तिगत रूप सिखा नहीं सकता, लेकिन जब तक आप ज़ुआन फालुन की पुस्तक पढ़ते हैं, आपको वह सब कुछ प्राप्त होगा जिस पर आपका अधिकार है। (तालियां) आप सभी जानते हैं कि यह कोई साधारण पुस्तक नहीं है, यह फा है। हमारे समाज में

विभिन्न नियम, सिद्धांत और विचारधाराएं हैं, लेकिन मैं आपसे कहता हूं कि ये सभी मानवीय चीजें हैं—ये मानवीय चीजें हैं और ये चीज़ें साधारण मानव समाज के स्तर पर हैं। लेकिन आज जो मैं आपको सिखा रहा हूं वह मानव समाज में किसी भी सिद्धांत और साधारण मानव समाज के स्तर पर किसी भी फा से कहीं आगे का है। तो, यह जो है, निश्चित रूप से इसका प्रभावशाली और गहरो आंतरिक अर्थ है।

दूसरे शब्दों में, यदि आप साधना करना चाहते हैं, तो यह फा वास्तव में आपको सुधार करने में मार्गदर्शन कर सकता है। सतही रूप से. यह पुस्तक किसी दूसरी साधारण पुस्तक की तरह ही दिखती है जिसके सफ़ेद पन्नों पर काली स्याही से लिखा गया है। लेकिन मनुष्य की आँखें, इस साधारण मानव समाज के आयाम में ही चीजों को पहचान सकती हैं, और जो चीज़ इस सीमा से परे है, वह मनुष्य के लिए अदृश्य है। इस समय, विज्ञान उस स्तर तक विकसित नहीं है और न ही इन बातों को समझ सकता है। लेकिन दूसरे आयामों में, उच्च और अधिक प्रगाढ़ आयामों में, अनेकों जीवित रहने के वातावरण और आयाम हैं जिनमें जीवित प्राणीयों का वास है जो आयाम अभी भी हमारी मानव जाति के लिए अज्ञात हैं। दूसरे शब्दों में, यह इस मानवीय आयाम में एक पुस्तक की तरह है, लेकिन दूसरे आयाम से देखने पर यह भिन्न है। यह दिव्यलोक का नियम है। मैं यहाँ यह नहीं बता रहा हूं कि ली होंगज़ी कितने महान हैं। मैं अक्सर कहता हूं कि मैं केवल एक मनुष्य हूं और आप मुझे इतना महान न मानें। ऐसा इसलिए है क्योंकि जो मैं आपको सिखाता हूं वह यह फा है, जो आपको एक-दूसरे साथ मिलकर साधना अभ्यास करने में सक्षम बनाता है, और आपको स्वयं में सुधार करने और फा को समझने में सक्षम बनाता है।

क्योंकि बहुत से छात्र मुझे मिल नहीं पाते हैं, मैंने बार-बार कहा है कि आपको "फा को अपना शिक्षक समझना चाहिए।" फा आपकी साधना से जुड़ी हर चीज में आपका मार्गदर्शन कर सकता है। सफेद पन्नों पर लिखे काली स्याही के पीछे अनगिनत बुद्ध, ताओ और भगवान हैं। जब आप पुस्तक पढ़ते हैं और अपने आप में सुधार करना चाहते हैं या एक निश्चित आयाम तक पहुंचना चाहते हैं, यदि आप उस स्तर पर हैं जहाँ आपको होना चाहिए, तो प्रत्येक अक्षर के पीछे के देव आपको अलग-अलग स्तरों पर उस अक्षर के पीछे के सही अर्थ को समझने देते हैं। इसलिए

जब आप बार-बार पुस्तक पढ़ेंगे और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आपने इसे कितनी भी बार पढ़ा है, हर बार आपको एक ही वाक्य का अलग-अलग अर्थ समझ आएगा।

आप श्रोताओं में से जिन्होंने इस पुस्तक को सौ से अधिक बार पढ़ा हउनकी संख्या कम नहीं है। और लगभग 10 करोड़ दाफा छात्रों में, जिन्होंने पुस्तक को सौ से अधिक बार पढ़ा होगा उनकी संख्या कम नहीं है। और आप अभी भी इसे पढ़ रहे हैं। आप अब इस फा को पढ़ना नहीं छोड़ पाएंगे, क्योंकि जितना अधिक आप पढ़ते हैं, उतनी ही अधिक चीजें आपको समझ आती है; जितना आप पढ़ेंगे, उतना अधिक आप समझेंगे, और आप वर्तमान में साधारण मनुष्य से ज़्यादा समझ सकते हैं, आधुनिक विज्ञान से भी अधिक। और इस प्रकार आप सुधार कर सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। अवश्य ही, फा आपको उच्च स्तरों तक ले जा सकता है और साधना में आपका मार्गदर्शन कर सकता है।

फा आपको कई अन्य चीजों में भी मदद कर सकता है। लेकिन मैं आप सभी से कहता हूं कि आपकी स्वयं की साधना सबसे महत्वपूर्ण है। यदि किसी व्यक्ति का मन ही साधना करने का नहीं है, तो बाकी चीज़ों का कोई मतलब नहीं है। आपका मन दृढ़ता से साधना के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए।

फा का अध्ययन करके, आप धीरे-धीरे इन सिद्धांतों को समझेंगे और बाद में अधिक दृढ़ हो जाएंगे। मन में प्रश्न आने पर मत डरो। मुझे खुशी है कि आप अपने प्रश्नों को समझ सकते हैं। बहुत से ऐसे प्रश्न जिनके उत्तर आपके पास नहीं हैं और जिन्हें आप पूछना चाहते हैं, वास्तव में साधना करते हुए पुस्तक को लगातार पढ़कर उत्तर मिल सकते हैं। जैसा कि कई अनुभवी छात्र पहले से ही जानते हैं, जब आप पहली बार पुस्तक पढ़ते हैं तो आपके कई प्रश्न होंगे: "क्यों? क्यों?" कई विचार प्राथमिक स्तर पर भी आते होंगे जैसे, "क्या यह सच में है?" आपके पास इस प्रकार के विचार हो सकते हैं। लेकिन, जब आप इसे दूसरी बार पढ़ेंगे, तो आपके मन में जो भी प्रश्न या विचार रहे होंगे, उनका उत्तर मिल जाएगा। वहीं जब आप दूसरी बार पुस्तक पढ़ेंगे तो नए प्रश्न सामने आएंगे। फिर, जब आप तीसरी बार पुस्तक पढ़ेंगे, तो उन प्रश्नों के उत्तर मिल जाएंगे। तो यह इस तरह की एक प्रगतिशील प्रक्रिया है। यह सरल लगता है, लेकिन वास्तव में, मैं आपको बता

सकता हूं: साधना इस प्रकार चलती है, क्योंकि हर बार जब आप इसे पढ़ते हैं तो आप स्वयं में सुधार कर रहे होते हैं।

जैसा कि आप जानते हैं, 10 करोड़ से अधिक लोगों ने फा प्राप्त किया है। पूरे इतिहास में इतने लोग कभी नहीं थे, जब पवित्र फा को सिखाया गया था। निःसंदेह, मैं और भी लोगों को बचाना चाहता हूं। आप में से कई अनुभवी छात्र जानते हैं कि मैंने फा को इतने भव्य तरीके से केवल इसलिए सिखाया है क्योंकि हम अभी एक विशेष ऐतिहासिक काल में हैं। इसलिए, आपको साधना के दौरान पुस्तक को खूब पढ़ना होगा। यह आपके सुधार के लिए महत्वपूर्ण है—आपको यह करना चाहिए। मानव समाज में रहते हुए, जिन चीज़ों के संपर्क में आप हैं, वे मानव समाज की व्यावहारिक चीजें हैं। यदि आप पुस्तक को पढ़ने के लिए, समय नहीं निकालते हैं, तो आपके विचार और साधना के लिए, आपका मन कमजोर पड़ सकता है। इससे आप साधना करना कम कर सकते हैं, यहाँ तक कि एक दिन इसे छोड़ भी सकते हैं। ऐसा हो सकता है। लेकिन मैं अक्सर सोचता हूँ: तुमने फा प्राप्त कर लिया है, जो बहुत कठिन था, इसलिए यदि आप इसका मूल्य नहीं समझते हैं, तो यह बहुत अफ़सोस की बात होगी क्योंकि हजारों वर्षों के इतिहास में आदिकाल से ऐसा कभी नहीं हुआ। अतीत में, ब्रह्मांड के सच्चे फा को मनुष्यों के सामने कैसे प्रकट किया जा सकता था? यह बिल्कुल असंभव था।

मैंने कहा है कि मैं इसे केवल इसलिए सिखा रहा हूं क्योंकि हम इतिहास में एक विशेष काल में हैं। भविष्य में मानव समाज में जबरदस्त बदलाव होंगे; ब्रह्मांड में कई विशेष घटनाएं प्रदर्शित होंगी। आधुनिक विज्ञान ने पहले से ही नए खगोलीय पिंडों की खोज की है जो लगातार बन रहे हैं और पुराने नष्ट हो रहे हैं। क्या समाचार पत्र यह रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं कि नई आकाशगंगाएँ सामने आ रही हैं जहाँ पहले कभी कोई नहीं दिखी थी, और यह कि कई प्राचीन खगोलीय पिंड नष्ट हो रहे हैं, कई नए उभर रहे हैं? यह बहुत दूर और सबसे अलग ब्रह्मांडीय पिंडों में हो रहा है। धीरे-धीरे, यह उस आयाम के और करीब आ रहा है जो हमारी मानवीय आंखों को दिखाई देता है। ये दृश्य दिखाई देंगे। बेशक, इन बातों का उल्लेख करने का कारण आपको यह बताना है कि मैं केवल इन विशेष ऐतिहासिक परिस्थितियों में इस फा को सिखा रहा हूं। तो आपको इस फा को संजोना चाहिए। यदि आप फा का अध्ययन नहीं करते हैं, तो आप निश्चित रूप से यह नहीं समझ पाएंगे कि फा

कितना अनमोल है। यदि आप फा का अध्ययन कर सकते हैं, तो जितना अधिक आप अध्ययन करेंगे उतना ही अधिक आप जान पाएंगे कि फा कितना मूल्यवान है।

विश्व के धर्म लगभग सदियों या उससे अधिक समय से अस्तित्व में हैं, और बीतते समय के साथ, उन्होंने वह खो दिया है जो एक धर्म के लिए सबसे मौलिक और आवश्यक है। दूसरे शब्दों में, वे धर्म अब लोगों को दिव्यलोक में वापस नहीं ले जा सकते हैं ताकि वे आध्यात्मिक पूर्णता के मानक को पूरा कर सकें। कहने का अर्थ यह है कि आधुनिक समय में वे अब इस उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकते हैं, और यह कि लोग अपना जीवन उसी के आधार पर चला रहे हैं जिसे वे सच मानते हैं। इसलिए, मैंने दाफा सीखाने का निर्णय लिया। आपको पता होना चाहिए कि जब मैंने फा को सिखाया था, और यदि लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते , तो इसका परिणाम भयानक होता। मैंने आपको यह कभी नहीं बताया। इससे पहले कि मैं इसके बारे में बात करना शुरू करूं, मैं पहले एक सामाजिक समस्या पर बात करना चाहता हूं।

जैसा कि आप जानते हैं, मानव समाज में, विशेष रूप से पिछले एक या दो हजार वर्षों में, अच्छे, बुरे या निष्पक्ष सभी प्रकार के सिद्धांत सामने आए हैं; और विभिन्न धार्मिक सिद्धांत भी। शुरुआत में, कुछ प्रमुख सच्चे धर्मों का इरादा मानव जाती को अच्छे लोग बनाने का था। उन्होंने हमारे समाज के नैतिक आदर्शों को प्रभावी ढंग से बनाए रखा और साथ ही, जो लोग बेहतर बन गए थे उन्हें ऊपर उठने यहाँ तक की, उन्हें दिव्यलोक में वापस जाने में भी सक्षम बनाया। लेकिन लम्बे काल के दौरान , आधुनिक लोगों की सोच और धारणाओं ने उन सिद्धांतों को धीरे-धीरे कमजोर कर दिया है।

लोग उन सिद्धांतों को स्वीकार करने में अत्यधिक असमर्थ होते जा रहे हैं, और उनका उनमें विश्वास और कम होते जा रहा है। वे यीशु, सेंट मैरी या याहवे द्वारा दी गई शिक्षाओं के अनुसार, स्वयं को ढालने की कोशिश करने के बजाय रविवार को चर्च जाने को एक नागरिक कर्तव्य के रूप में देखते हैं। आप बुद्ध की शिक्षाओं का पालन किए बिना दिव्यलोक नहीं जा सकते। कुछ लोग दावा करते हैं: “मैं उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं का पालन कर रहा हूँ।” वास्तव में, आप यह भी नहीं जानते कि उनकी शिक्षाओं का पालन कैसे किया जाए। यही मूल कारण है कि मैं

कहता हूं कि धर्म अब लोगों को साधना करने और घर लौटने की अनुमति नहीं दे सकते।

लेकिन आज मैंने इतना महान फा सिखया है जो सभी के मन को गहराई से प्रभावित कर सकता है। जब तक आप यह पुस्तक पढ़ते रहेंगे, आप समझेंगे की यह अच्छी है। जब तक आप यह पुस्तक पढ़ते रहेंगे, आपको फा की महिमा का पता चलता रहेगा। मैं जो सिखाता हूं वह ब्रह्मांड के सच्चे सिद्धांत हैं, और फा हर किसी को गहराई से प्रभावित होगा। वे लोग जो बहुत भ्रष्ट हैं और पूरी तरह से ब्रह्मांड की प्रकृति के विरूद्ध चले गए हैं, उन्हें भी फा गहराई से प्रभावित होगा। क्यों? क्योंकि वे इस फा के बिल्कुल विपरीत हो गए हैं, वे वास्तव में डरेंगे, और इससे घृणा करेंगे। दूसरे शब्दों में, ऐसे लोग पूरी तरह से बर्बाद हो जाते हैं! इसलिए, हर कोई इस फा से प्रभावित होगा—वे या तो फा को स्वीकार करेंगे या फा के विरूद्ध जाएंगे।

जैसा कि मैं कह रहा था, मेरे द्वारा यह दाफा प्रदान करने से बहुत सी गंभीर कठिनाईयां आ सकती हैं । प्राचीन काल से लेकर आज तक कोई भी सिद्धांत लोगों के मन को वापस [जिस तरह से वे थे] अब तक के सबसे अच्छे समय में नहीं ले जा सकते हैं, फिर भी वास्तविकता ने साबित कर दिया है कि ब्रह्मांड का यह मौलिक फा जिसे मैं सिखा रहा हूं, लोगों को फल पदवी तक पहुंचने में सहायता कर सकता है।

लेकिन यदि यह फा आपको फिर से आगे बढ़ने में सहायता नहीं कर पाता है, तो कोई दूसरा मार्ग नहीं है—मानव जाति की सुदूर पुरातनता से लेकर आधुनिक समय और यहां तक कि भविष्य तक—जो आपको फिर से ऊपर उठने में सक्षम बनाएगा, और फिर मानव जाति के पास और कोई आशा नहीं बचेगी। यह बहुत भयानक होगा! यदि यह फा वास्तव में उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सकता है या यदि फा को हानि पहुंचती है, तो मानव जाति को बचाने का कोई दूसरा तरीका नहीं होगा। (तालियां) क्योंकि यह ब्रह्मांड का सबसे श्रेष्ठ फा है, इसके अलावा, कोई अन्य फा नहीं है जिसमें ब्रह्मांड के मौलिक, महान फा जैसी शक्ति हो। लेकिन सच्चाई यह है कि मैंने आपको उस अवस्था से आगे बढ़ाया है: मैंने वास्तव में छात्रों को स्वयं का सुधार करने और शिष्यों को अपनी साधना में सचमुच ऊपर

उठने में सक्षम बनाया है, और अधिक लोगों को इस फा को समझने के योग्य बनाया है।

यद्यपि मानव समाज की नैतिकता तेजी से घट रही है और यह बर्बाद हो गई है, मैंने पाया है कि भले ही लोग अज्ञानता के कारण बुरे कर्म और अनुचित कर्म कर रहे हैं, लेकिन एक बार जब लोग इस फा को जान लेते हैं, तो वे फा के अनुसार चलने लगते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि लोगों के पास अभी भी बुद्ध-स्वभाव और अच्छे विचार हैं, और उनका दयालु स्वभाव अभी भी उनमें है—बात बस इतनी है कि उन्होंने अनजाने में कई बुरे काम किए हैं।

मैं आपको उस अवस्था से आगे ले आया हूं। यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे वास्तव में खुशी मिली है। (तालियां) हमारे छात्रों और मानव समाज के लिए, यह सबसे अधिक खुशी की बात है, क्योंकि आप वास्तव में सबसे खतरनाक स्थिति से गुजरे और उससे बाहर निकले हैं। (तालियां) जैसा कि आप जानते हैं, हमारे इतिहास में ऐसे कई भविष्यवक्ता, चीगोंग गुरु और धर्मों के प्रबुद्ध लोग हुए हैं। इन लोगों ने इस सदी के अंत में मानव समाज में होने वाली विभिन्न आपदाओं के बारे में बहुत सारी टिप्पणियां की हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मानवजाति नष्ट हो जायेगी। निःसंदेह, ये मेरे शब्द नहीं हैं—मैं आपको केवल वही बता रहा हूं जो उन भविष्यवक्ताओं ने कहा था।

मैं लोगों को इसका स्पष्ट उत्तर दे सकता हूं कि वे चीजें होंगी या नहीं। आप जानते हैं, यह ठीक वैसा ही है जैसा मैंने कहा था, जो चित्रण मैंने ज़ुआन फालुन में उपयोग किया था। एक सड़ा हुआ सेब है—इस विशाल ब्रह्मांड में, पृथ्वी एक सेब की तरह दिखती है—एक सेब जो अंदर और बाहर से सड़ गया है। हर मनुष्य की तरह इस सेब के अंदर का हर कण सड़ा हुआ है। तो क्या इस सेब को नष्ट नहीं कर देना चाहिए, फेंक देना चाहिए या हटा नहीं देना चाहिए? यदि भगवान की दृष्टि में मानव समाज की नैतिकता इस स्तर तक गिर गई है, तो क्या यह पृथ्वी एक सड़े हुए सेब की तरह नहीं दिखती जिसे नष्ट कर देना चाहिए?

लेकिन भगवान होने के नाते, जैसा कि हम सभी जानते हैं—विशेष रूप से वे जो मानव जाति करीब हैं—वे मनुष्यों पर दया करते हैं, इसलिए वे मनुष्यों को बचाना चाहते हैं। लेकिन हर कोई इसके बारे में सोचें: आप एक सड़े हुए सेब को बचाना चाहते हैं और इसे फेंकना नहीं चाहते हैं। इसलिए, आप इसे कमरे में छोड़ दें, इसके

बाद भी, यह बहुत अधिक सड़ जाता है, जिसमें हर जगह कीड़े रेंगने लगते हैं। अब तुम्हारे साफ-सुथरे कमरे में एक सड़ा हुआ सेब है, जिसमें हर ओर कीड़े लगे हैं—आप इसे वहीं क्यों छोड़ेंगे? यदि आप इसे वहीं छोड़ने पर जोर देते हैं, तो क्या आप एक बुरा काम नहीं कर रहे? ठीक इसी तरह, यह इस पृथ्वी के लिए भी है। पृथ्वी पहले ही ऐसी हो चुकी है। इसे नष्ट क्यों नहीं करते? यदि भगवान ने इसे नष्ट नहीं किया, तो क्या वह बुरा काम नहीं करते? फिर भी भगवान मनुष्यों से अलग हैं। उनके पास ऐसी शक्ति है जिससे वे इस सड़े हुए सेब को उसके सबसे मूल कणों से एक ताजे सेब में बदल सकते हैं। वे सेब को वापस ताजा कर सकते हैं; इसकी संरचना बदलने से सेब फिर से अच्छा हो जाता है। फिर यदि कोई इसे फेंक दे, तो क्या वह एक अनुचित काम नहीं कर रहाा? लेकिन यह कुछ ऐसा नहीं है जो कोई भी भगवान कर सकता है।

आज 10 करोड़ लोग हैं जो साधना कर रहे हैं, अपनी सोच बदल रहे हैं, अच्छे मनुष्य बन रहे हैं और अधिक सदगुणी बन रहे हैं। वे वास्तव में ऐसे मनुष्य बनने की ओर अग्रसर हैं जो ब्रह्मांड के विभिन्न स्तरों पर मौजूद आदर्शों तक पहुँच सकते हैं। तो क्या पृथ्वी को विस्फोटित किया जा सकता है? क्या इसे नष्ट किया जा सकता है? क्या उन भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणियाँ सच हो सकती थी? अब वे बिल्कुल सही नहीं है। मैं कह रहा हूं कि कोई भी भविष्यवाणी अब सच नहीं है, क्योंकि दाफा आज हमारे समाज में फैल रहा है, और लोगो के मन शीघ्रता से ऊँचे उठ रहे हैं—बहुत शीघ्रता से।

कल, एक पत्रकार ने मुझसे प्रश्न पूछा और बताया कि अब 10 करोड़ लोग यह [अभ्यास] सीख रहे हैं। इसके अलावा, लोगों का इस ओर झुकाव तेजी से बढ़ रहा है। इसे सीखने वाले और भी लोग होंगे। अभी, 10 करोड़ लोग अपनी नैतिकता में सुधार कर रहे हैं। यदि इन 10 करोड़ लोगों में से हर एक, एक और व्यक्ति को आने और सीखने के लिए कहें, तो यह संख्या 20 करोड़ हो जाएगी। संख्या बहुत तेजी से बढ़ेगी। जब हर कोई उदारता की ओर लौट रहा है, एक अच्छा मनुष्य बन रहा है और अपने स्वयं के नैतिक आदर्शों में सुधार कर रहा है,हमारा समाज वैसा बन जाएगा जिसका मैंने अभी-अभी चित्रण किया है—एक सेब जो ताजा हो गया है। अब इसे कौन नष्ट करेगा?

मानव समाज के विकास और ब्रह्मांड की हर स्थिति को भगवानों ने क्रमबद्ध किया है। ये सभी चीजें एक निश्चित क्रम का पालन करती हैं। मानव समाज कई बुरी स्थितियों का सामना करता है जैसे, युद्ध, भूकंप, बाढ़, महामारी, विपत्तियाँ आदि, और इनके अलावा, बहुत सारी प्राकृतिक आपदाएँ भी हैं। वास्तव में, ये सारी चीज़ें किसी कारण से होती हैं। वे मानव जाति के कर्म को नष्ट करते हैं। मनुष्य के विचारों को भगवान निर्देशित करते हैं। मनुष्य कभी नहीं सोचता कि उसके विचार कहाँ से आते हैं।

जब वे किसी खास तरीका से कुछ करना चाहते हैं, जब उनके विचार सामने आते हैं, जब तथाकथित प्रेरणा मिलती है या जब उन्हें अचानक कुछ याद आता है, तो वे सभी सोचते हैं कि यह उनके अपने विचार हैं, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। भगवान मानव समाज के हर पहलू पर कड़ा नियंत्रण रखते हैं। हालाँकि, एक बात है। इस ब्रह्मांड में एक सिद्धांत है जो कहता है: जब बात आती है कि एक मनुष्य क्या करना चाहता है, व्यक्तिगत रूप से वह क्या करना चाहता है, तब भी आपको उस व्यक्ति के विचारों पर ध्यान देना होगा। यदि वह साधना करना चाहता है, तो बहुत बढ़िया, मैं उसे साधना करने में मदद करूंगा; यदि वह अच्छा नहीं बनना चाहता, तो मैं उसे वैसे ही छोड़ दूँगा, और वह बहुत बुरा मनुष्य बन सकता है। लेकिन कुल मिलाकर, मानव समाज भगवानों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। इसलिए, जब कोई व्यक्ति अच्छा होगा, तो उसका भविष्य उज्ज्वल होगा, वहीं दूसरी ओर यदि वह अच्छा नहीं है, तो उसके पास नहीं होगा, और उसके पास अंधकार होगा और बुरे कर्म उसकी प्रतीक्षा में होंगे।

मैंने अभी जिस बारे में बात की है, वह आपकी साधना और मेरे फा की चर्चा के कारण हुई है। इसका उद्देश्य था कि सभी इसे संजो कर रखे। आज, 10 करोड़ लोग फा का अध्ययन कर रहे हैं। आप पहले ही इतिहास को फिर से लिख चुके हैं। क्या यह उत्सव मनाने का समय नहीं है? क्या यह अद्भुत नहीं है? (तालियां) लेकिन, अभी भी बहुत से बुरे लोग हैं जो बुरे काम कर रहे हैं। इसलिए, भले ही भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी के कहे अनुसार, मानव जाति पर बड़ी विपदा न आए, इसके बाद भी, कुछ क्षेत्रों में कई बुरी घटनाएं हो रही होंगी, क्योंकि उनके पास वहां फा नहीं है।

क्योंकि आज का सम्मेलन फा के अध्ययन से प्राप्त समझ और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए है, इसलिए मैं आपका अधिक समय नहीं लेना चाहूंगा। मैं केवल आपसे मिलना चाहता था। हमारे सम्मेलन का लक्ष्य यह है कि आप सभी उन्नति करें और अन्य छात्रों के भाषणों को सुनने और साझा करने से आगे और समझ प्राप्त करें। निश्चित रूप से, आपके पास बहुत सारे प्रश्न होंगे। हर क्षण नए छात्र इसे सीखना शुरू कर रहे हैं, और नए छात्रों के पास प्रश्न होंगे। पुराने छात्रों के पास भी कुछ प्रश्न हैं।

तो आइए ऐसा करते हैं: मैं कल दोपहर आपके प्रश्नों के उत्तर दूंगा। मैंने अभी आप सभी से कहा था कि आपको फा को संजो कर रखने की आवश्यकता है, और साथ ही इसका खूब अध्ययन करें। आपको पुस्तक को बार-बार पढ़ना होगा और इससे आप में सुधार होगा। मैंने इस दाफा में अपनी शक्ति का संचार किया है। जब तक, आप इसका अध्ययन करते हैं, तब तक आप में परिवर्तन होते रहेंगे। जब तक, आप इसका अध्ययन करेंगे, आप में सुधार होते रहेंगे। जब तक, आप इसका अंत तक अभ्यास करते रहेंगे, तब तक आप फल पदवी तक पहुँचने में सक्षम रहेंगे। (तालियां)

मैं बीच-बीच में कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दूंगा। पहली बात, अभी से ही, पुराने छात्र, बाहर आकर तब तक अभ्यास करें जब तक वे फल पदवी तक नहीं पहुँच जाते हैं। मैं एक बार फिर इसका उल्लेख कर रहा हूं। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूँ? ऐसा इसलिए, क्योंकि हमारा साधना करने का वातावरण, हमारा फा-अध्ययन का वातावरण, और छात्र जो चर्चा करते हैं और कहते हैं जब वे एक साथ होते हैं, तो वह उत्कृष्ट, और एक असाधारण और सबसे शुद्ध वातावरण बनाते हैं।

इसका मानव समाज में मिलना बहुत कठिन है, और यह पवित्र भूमि का सबसे उदार और सबसे अद्भुत हिस्सा है, इसलिए आपको इस वातावरण को खोना नहीं चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि मानव समाज का पतन होते जा रहा है, और यह और अधिक खराब होते जा रहा है। इस साधारण मनुष्य समाज में आप सभी के पास नौकरियां हैं, और आप सामाजिक गतिविधियां करते हैं—आपे सभी साधारण और सामान्य मनुष्य समाज के लोगों के संपर्क में हैं। परिणामस्वरूप, आप जो देखते और सुनते हैं, चाहे वह आप चाहते हों या नहीं, यह सभी सामान्य मनुष्यों से सम्बंधित चीज़ें हैं, जो आपकी साधना में बाधा डालेगी। तो आपके लिए लाभदायक

होगा कि आप फा का अध्ययन प्रायः एक साथ करें और अपने आप को शुद्ध करने के लिए, ताजे पानी के इस तालाब का उपयोग करें।

इसके अलावा, मैंने हाल ही में दो लेख लिखे हैं, जिन्हें आप शास्त्र कहते हैं। इनमें उठाए गए मुद्दे गहन हैं और वर्तमान में अधिक सापेक्ष हैं। अर्थात, ऐसे लोग हैं जो निचले स्तरों पर आधा-ज्ञान प्राप्त कर चुके हैं, जो, क्योंकि वे निचले स्तर पर हैं, फा की अधिक समझ नहीं रखते हैं, और जो मैंने सिखाया है उनमें से बहुत सी चीजों को पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं।

क्योंकि वे निम्न स्तरों पर आधे-ज्ञान की स्थिति में हैं, वे कुछ उच्च-स्तरीय प्राणियों को देखते हैं जो अपकृष्ट हो गए हैं और उच्च-स्तरीय आयामों से त्रिलोक में चले गए हैं (क्योंकि फा-सुधार वहां हो रहा है, पुराने ब्रह्मांड का विघटन हो रहा है, और नया ब्रह्मांड बनाया जा रहा है, इसलिए इस वास्तविकता से बचने के लिए, ये लोग मनुष्य के इस आयाम में चले गए हैं—वे आपदा से बचने के लिए मनुष्य आयाम में आए हैं) या कुछ निम्न-स्तर के भगवान जो मूल रूप से त्रिलोक में मौजूद थे। वे जीव इस ब्रह्मांड में हो रही चीज़ों की सही तस्वीर नहीं देख सकते हैं। बेशक, वे यहां आने से पहले इसके बारे में जानते थे, लेकिन आने के बाद से यह नहीं पता कि क्या हुआ है। अर्थात उन्हें यहाँ पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

उनमें से कई जीव फा-सुधार और दाफा का विरोध करते हैं, लेकिन उनमें से कई वास्तविक स्थिति को नहीं जानते हैं। मूल रूप से इस आयाम में रहने वाले भगवान भी उस वास्तविकता को नहीं जानते हैं और इसी कारण, वे सत्य से अवगत नहीं हैं। इसलिए वे भी दाफा के छात्रों के लिए विघ्न उत्पन्न करते हैं। उनमें से कुछ जानबूझकर विघ्न उत्पन्न करते हैं, यह नहीं जानते कि वे ब्रह्मांड के महान मार्ग के लिए विघ्न उत्पन्न कर रहे हैं और एक गंभीर अपराध कर रहे हैं—वे इसे पहचान नहीं सकते हैं। क्योंकि ब्रह्मांड का सत्य उनसे छिपा हुआ है, वे केवल त्रिलोक के भीतर की चीजों को देख सकते हैं। अब दाफा त्रिलोक में प्रवेश कर चुका है—त्रिलोक में इस पर काम शुरू हो चुका है।

यह उन लोगों के लिए काफी बड़े विघ्न उत्पन्न करता है जिनका तीसरा नेत्र (त्येनमु) निम्न स्तर पर खुल गया है। कुछ छात्र, अपने खुले तीसरे नेत्र के माध्यम से, एक शानदार और विलक्षण देव को देखते हैं जो ऐसा कुछ बोलते हैं जिससे दाफा की बदनामी होती है। बेशक, ये वे सभी उनकी मनगढ़ंत बातें हैं । उनका

उद्देश्य छात्रों को भ्रमित करना और उन्हें दाफा से बाहर निकालना है। उनमें से कुछ मेरे सिद्धांत शरीर (फाशन) का वेश धारण करते हैं, और आपको बताते हैं कि क्या करना है। जो कोई साधक शिष्य को स्पष्ट रूप से बताता है कि उसे क्या करना है, निश्चित रूप से कोई ऐसा है जो दाफा और छात्रों को नुकसान पहुँचाने आया है। आपका शोषण क्यों किया जा रहा है? यह केवल इसलिए है क्योंकि आपके मोहभाव बहुत मजबूत हैं । आप अपना मार्ग स्वयं चुनते हैं, और आपका भविष्य वहीँ माना जाता है जहां आपके अस्तित्व को होना चाहिए। हर कोई, इसके बारे में सोचें: मेरा उत्तरदायित्व इस आयाम में पहुँचने से पहले ही नियंत्रित है।

उन्हें ऐसा करने की अनुमति क्यों है? क्योंकि आपकी साधना पूरी तरह सुचारू रूप से नहीं चल सकती है। भविष्य में, जब आप दिव्यलोक में एक विलक्षण देव के रूप में प्रकट होंगे, जो फल पदवी तक पहुँच गया है, तो सभी देव आपसे पूछेंगे: आपने इस स्तर तक की साधना कैसे की? यह महत्वपूर्ण है कि आप कई तरह की परीक्षाओं से गुजरे हैं, आपने अपनी साधना में कुछ ऐसा अनुभव किया है जहां आपको वास्तव में यह तय करना पड़ा हो कि क्या आप इस फा की साधना करते रहेंगे, और क्या आप आपत्ति आने पर दृढ़ बने रहे हैं।

इस प्रकार, हमने आपके मन को जांचने के लिए, विघ्न उत्पन्न किए। कुछ लोग इन परीक्षाओं को पास नहीं कर सके और उन्होंने फा को छोड़ दिया। कुछ दृढ़ नहीं रहे। ऐसी घटनाएं और गंभीर होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, मैंने यह बात उठाई, जिन्होंने फा को छोड़ दिया है उनको एक अंतिम अवसर दिया; अन्यथा, वे इस अवसर को खो देंगे। हर कोई इसके बारे में सोचें: ब्रह्मांड में फा के सुधार के दौरान, कई उच्च-स्तरीय देव इतने अच्छे नहीं रहे हैं और इस कारण उनके स्तर को नीचे कर दिया गया। उन्होंने मानव होने का अवसर भी खो दिया है। यहाँ तक कि उनमें से बहुतों को मनुष्यों से भी नीचे के स्तरों पर गिरा दिया गया है, और कुछ को तो नष्ट भी कर दिया गया है। तो मनुष्यों का क्या? यदि आप इस अवसर को खो देते हैं, तो दूसरा अवसर कभी नहीं आएगा। बेशक, आप तय करें कि आप क्या चाहते हैं। मैंने यह लेख इसलिए लिखा कि आप इस अवसर को खो ना दें ।

दूसरा लेख ऐसे लोगों के बारे में था जो धर्मों से जुड़े थे और उन लोगों के बारे में जो अन्य चीजों का अभ्यास करते थे। वे भी दाफा सीखने आए क्योंकि ब्रह्मांड का सत्य और अधिक स्पष्ट होता जा रहा है। आखिरकार, उच्च-स्तरीय जीवों में कुछ

क्षमताएं होती हैं। उन्होंने अनुभव किया कि केवल यही दाफा, लोगों को वापस लौटने में सक्षम बना सकता है, और मानव समाज में साधना का कोई अन्य तरीका अब इसे प्राप्त करने में सहायता नहीं कर सकता। इसलिए उन्होंने अपने लोगों को, और कुछ जिन्हें इसकी पूरी समझ नहीं है, हमारे दाफा में ले आए। उनका लक्ष्य हमारे दाफा का उपयोग उस [दिव्य] स्थिति में वापस जाने के लिए करना है जिसकी वे लालसा रखते हैं। वे वास्तव में अपनी चीजों को नहीं छोड़ सकते हैं, और वास्तव में दाफा में साधना करने के बजाय, केवल दाफा और मेरा उपयोग कर रहे हैं। वे उन "देवों" को नहीं छोड़ सकते जिन्हें वे अपने मन में रखते हैं, उन चीज़ों को भी नहीं जिन से वे जुड़े हुए हैं या और वे चीज़ें जो पहले ही हटा दी गयी हैं और अब मौजूद नहीं हैं।

वे यहां मानव आयाम में हैं और वे इन चीजों के बारे में बिल्कुल भी नहीं जानते हैं। वे इस दाफा का उपयोग करना चाहते हैं और ऐसा इरादा रखना अपने आप में पाप है। मैं चाहता तो उनकी उपेक्षा कर सकता था और उन्हें छोड़ सकता था, लेकिन मुझे लगता है कि आखिरकार, उन्होंने इस फा को जान लिया है। भले ही उनके ह्रदय और मन शुद्ध न हो, लेकिन उन्होंने पुस्तक पढ़ ली है। इसलिए, मैं इसे स्पष्ट करके और इसे इंगित करके उन्हें एक मौका देना चाहता था।

यदि आप अभी भी वापस मुड़ नहीं सकते हैं तो आप इस अवसर को हमेशा के लिए खो देंगे। मैं आपको बता दूं , ऐसा अवसर चूकना नहीं चाहिए और यह मौका दोबारा नहीं आएगा। दाफा पवित्र है, और साधना एक गंभीर विषय़ है—यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या आपको लगता है कि आप इसे जब चाहें तब प्राप्त कर सकते हैं? क्या आपको लगता है कि आप इसे अपनी सुविधानुसार कभी भी प्राप्त कर सकते हैं? यह आप पर निर्भर नहीं है। यदि आप इसे खो देते हैं तो आप इसे हमेशा के लिए खो देंगे।

मैं एक और चीज़ के बारे में बात करना चाहता हूं। हमारे अभ्यासियों में कई युवा शिष्य हैं। आपको अपने निजी जीवन पर ध्यान देना चाहिए। आत्यमीयता के विषय पर, आपको सामान्य मानव समाज के नष्टधर्मी व्यवहार को नहीं अपनाना चाहिए। आपकी एक पत्नी या पति हो सकता है—यह ठीक है और उचित है। जहाँ तक हो सके सामान्य मानव समाज के अनुरूप जीते हुए साधना करना आपके लिए कोई समस्या नहीं है। आपके लिए पति-पत्नी के रूप में रहना ठीक है, लेकिन

यदि आप पति-पत्नी नहीं हैं और यौन संबंध रखते हैं, तो आप सबसे गलत काम कर रहे हैं। यह ऐसी चीज है जिसे भगवान बिल्कुल स्वीकार नहीं कर सकते—कोई भी भगवान इसे स्वीकार नहीं करेंगे।

इसलिए इस बात का पूरा ध्यान रखें। किसी व्यक्ति की साधना का क्रम उस साधक का इतिहास होता है। असंख्य, अतुलनीय, अनगिनत देव, दाफा शिष्यों के हर विचार और हर कार्य को देख रहे हैं। एक साधक के रूप में फल पदवी तक पहुँचने के लिए, आप इस परीक्षा में सफल क्यों नहीं हो सकते? मैं आज के लिए यहीं रुकता हूँ। मुझे आशा है कि यह सम्मेलन सफल होगा। कल दोपहर मैं आपके प्रश्नों के उत्तर दूंगा। अब आप सम्मेलन जारी रख सकते हैं और शिष्यों से अपने अनुभव साझा करने को कह सकते हैं। (तालियां)

नमस्कार!

पिछले दो दिनों को देखते हुए, यह सम्मेलन वास्तव में बहुत सफल रहा है। इस तरह के सम्मेलन जितने हों कम हैं—वे हमारे छात्रों को लाभान्वित कर सकते हैं, सभी को सुधार करने में सहायता कर सकते हैं, लोगों को एक-दूसरे से सीखने में सहायता कर सकते हैं जहाँ उनमें कमी हो सकती है और लोगों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित करते हैं। यह बहुत बढ़िया है। यही वास्तव में फा सम्मेलनों का लक्ष्य है।

वे आपके साधना अभ्यास में आपकी सहायता कर सकते हैं, जो दाफा सम्मेलनों का उद्देश्य है। इसके अलावा, आपने पहले ही देखा होगा कि इस सम्मेलन की एक उल्लेखनीय विशेषता है: पश्चिमी छात्रों की फा के बारे में समझ गहरी होती जा रही है। मुझे लगता है कि इस बार हमने उनके साथ अब तक की सबसे गहरी चर्चा की है। (तालियां) ऐसा इसलिए है क्योंकि वे फा का अध्ययन करते रहते हैं, वे इस फा को अधिक तर्कसंगत रूप से समझते हैं, और वे फा से अपने बारे में बात करने में सक्षम होते हैं। ये सचमुच उत्तम है। यह दोपहर मुख्य रूप से आपके प्रश्नों के उत्तर देने के लिए है। ठीक है, मैं अब आपके प्रश्नों के उत्तर देना शुरू करता हूँ।

शिष्य: दाफा संगीत, "पुडु" लोगों के आंसू बहा सकता है। यह मन को छूने वाला संगीत कहाँ से आया ?

गुरु जी: यह संगीत कल से सम्मेलन के दौरान बजाया जा रहा है। आप सभी ने इसे सुना है, और यह बहुत ही गंभीर और मन को छूने वाला है। यह हमारे दाफा का अपना संगीत है। मुझे लगा कि क्योंकि बहुत अधिक दाफा छात्र होंगे, हमारे व्यायाम के संगीत को पब्लिशिंग हाउस के माध्यम से जनता तक पहुंचाना चाहिए। इसमें कॉपीराइट की समस्या थी। इसलिए मैंने एक ही समय में दो तरीके अपनाए: एक तरफ, हमने संगीतकार के साथ कॉपीराइट की समस्या पर चर्चा की; दूसरी तरफ, मैंने एक संगीतकार अभ्यासी को व्यायाम संगीत की हमारी आवश्यकता को पूरा करने के लिए, एक संगीत बनाने को कहा। मैंने व्यक्तिगत रूप से अभ्यासी से बात की और उसे बताया कि यह कैसे करना है, और बहुत जल्दी, उसने संगीत की रचना कर दी। उन्होंने दो संगीत की रचना की— "जिशी" और "पुडु।" उसी दौरान, व्यायाम के लिए हम जिस संगीत का मूल रूप से उपयोग कर रहे थे, उसका संगीतकार भी फा का अध्ययन कर रहा था, और उन्होंने बिना शर्त दाफा को संगीत दिया। (तालियां) यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जो असीम सदगुण लेकर आता है। तो मैंने सोचा कि यह वास्तव में अद्भुत है। इस प्रकार हमें मूल व्यायाम के लिए, संगीत का उपयोग जारी रखना चाहिए क्योंकि हम सभी पहले से ही इस संगीत से परिचित हैं।

हम अभ्यास करते समय मूल संगीत को सुनते रहेंगे, क्योंकि बदलना सभी को काफी प्रभावित करेगा । इस तरह कुछ भी बदलने की आवश्यकता नहीं होगी, जो अच्छी बात है। हालाँकि, नए संगीत की रचना बहुत अच्छी तरह से की गई थी। इसे सुनने के बाद सभी को लगा कि संगीत बेहतरीन है; केवल एक चीज़ यह है कि यह बहुत ही पवित्र और मन को छूने वाला है। इतना पवित्र और मन को छूने वाला होने के कारण, आसानी से लोगों के आँसू निकल आते हैं और उन्हें अंदर से उत्तेजित और भावुक कर देता है। इससे उनके लिए अभ्यास के दौरान, शांत बैठना कठिन हो जाता है। इसलिए, मुझे लगता है कि इस संगीत को सम्मेलनों या अन्य दाफा गतिविधियों के दौरान बजाया जा सकता है; इसके अलावा, वे हमारे दाफा छात्र द्वारा रचित थे, इसलिए वे हमारे दाफा के संगीत हैं। कृपया ध्यान दें कि हमें

अभ्यास करने के लिए, अभी भी मूल संगीत का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि इस संगीत का पहले से ही छात्रों पर बहुत शक्तिशाली प्रभाव पड़ा है।

शिष्य: ध्यान करने में बिताया गया समय अभ्यासियों के बीच बहुत भिन्न होता है। क्या फल पदवी तक पहुंचने के बाद भी यह अंतर बना रहेगा ?

गुरु जी: नहीं। आप चाहे कितनी भी ऊंचाई तक साधन कर लें, फल पदवी के बाद आपके शरीर पर मानवीय आयाम या समय, या इस आयाम के किसी भी तत्व का प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसलिए उस समय जब आप ध्यान करेंगे, तो आपका शरीर बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होगा। चाहे आप बैठे हों या लेटे हों, आप आराम से रहेंगे।

शिष्य: साधना अभ्यास के लिए समय सीमित है। कई शिष्य चिंतित हैं कि यह समय कम पड़ सकता है।

गुरु जी: यह विचार अनुचित है—यह एक प्रकार का मोहभाव है। आपमें जल्दबाजी की भावना हो सकती है, जो आपको तेजी से सुधार और शीघ्र फल पदवी प्राप्त करने के लिए, एक प्रेरक शक्ति की तरह सहायता कर सकती है, लेकिन यदि आपको इन चीजों से मोहभाव हैं, तो यह निश्चित रूप से एक बाधा बन जाएगी। बल्कि, इस कारण, आपकी प्रगति में देरी होगी और आपकी साधना प्रभावित होगी। इसलिए कुछ भी नहीं सोचें और बस आगे बढ़ें और स्वयं की साधना करें।

जब तक आप स्वयं की साधना करते हैं, तो यह बात निश्चित होती है कि आप फल पदवी की ओर बढ़ रहे हैं। जब तक उन कठिन क्षणों को पार करते रहेंगे, फल पदवी आपके नजदीक होगी। आपकी साधना के दौरान, आप में से प्रत्येक का सामना उन चीजों से हो सकती है जो आपको मूल रूप से प्रभावित कर सकती हैं, और कभी-कभी यह भावना काफी प्रबल भी हो सकती है। हो सकता है कि इनमें से कुछ चीज़ें आपके आस-पास, आपके शरीर पर या आपके सामने आने वाली चीज़ों में सीधे तौर पर प्रकट न हों। वे उन चीजों में प्रकट हो सकते हैं जिनसे दूसरे लोग गुजरते हैं या जब दूसरे आपकी आलोचना करते हैं या किसी दूसरे संघर्षों के दौरान

सामने आ सकती है। आपको दाफा का अध्ययन करने या दाफा का अध्ययन न करने, या आप यह फा चाहते हैं या नहीं, यह सब इनके बीच के चयन को प्रभावित करेंगे। आप जो चुनेंगे उस पर नज़र रखी जाएगी। सभी को इन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

इसलिए, जब आपको इन चीजों का सामना करना पड़ा होगा, तो यह इस बात को जांचने के लिए होता है कि क्या आप साधना करना जारी रख सकते हैं, और क्या आप दाफा में दृढ़ता से साधना कर सकते हैं। यह सबसे दुविधापूर्ण है। आपको यह स्पष्ट होना चाहिए कि आपकी साधना प्रक्रिया के दौरान, किसी भी क्षण आपकी परीक्षा हो सकती है, इस बात को जानने के लिए कि आप फल पदवी तक पहुँच सकते हैं या नहीं। आप इसमें असफल हो सकते क्योंकि आप दाफा में दृढ़ नहीं है या आप इसमें सफल हो सकते हैं क्योंकि आपको दाफा में दृढ़ विश्वास है—तब आप दृढ़ संकल्प के साथ पहुँच पायेंगे।

चाहे आप सफल हों या असफल, बाद में आपको लग सकता है कि यह कुछ भी नहीं था, लेकिन जब आप इसके बीच में होंगे, तो आपको नहीं लगेगा कि यह कुछ भी नहीं है। फिर भी, यह एक परीक्षा है कि आप फल पदवी की ओर बढ़ सकते हैं या नहीं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। वास्तव में, मनुष्यों के लिए कुछ मोहभावों से छुटकारा पाना बहुत आसान है। एक बार जब यह पुष्टि हो जाती है कि यह व्यक्ति फल पदवी तक पहुंच सकता है, तो वह अपने शेष मोहभावों से छुटकारा पाने के लिए अपना समय ले सकता है। इसलिए मैं आप सभी से कहता हूं कि साधना के मार्ग में, आपको इस प्रकार की परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। क्या आप उन्हें अच्छी तरह से संभाल सकते हैं, क्या आप उनमें सफल हो सकते हैं, यह सब आप पर निर्भर करता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह कौन है जो विभिन्न आपदाओं के बीच में है, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता कि वह कौन है जिसके मूल पर चोट लगाई जा रही है, जो उसे डगमगा रही है, जिससे वह हमेशा की तरह शांति से अपने मामलों से निपट नहीं पाता—यही वे परिस्थितीयाँ हैं जो लोगों की सबसे ज्यादा परीक्षा लेती हैं।

शिष्य: क्या यह सही है कि व्यायाम संगीत में एक साथ विदेशी भाषा का अनुवाद जोड़ें और उसमें शिक्षक की आवाज़ को रहने दें?

गुरु जी: यह ठीक है। लेकिन एक साथ अनुवाद को न जोड़ना और भी बेहतर है। इसे जोड़ना अनुचित भी नहीं है, क्योंकि यह नए छात्रों के लिए सहायता हो सकती है। हालाँकि, मेरे व्याख्यान टेप में, एक साथ अनुवाद जोड़ा जाना चाहिए, और अब ऐसा किया जा रहा है। मेरी आवाज वहां होनी चाहिए। जैसा कि आप जानते हैं कि मेरी आवाज केवल एक आवाज नहीं है। इसलिए मेरी आवाज दुभाषिए के साथ-साथ होनी चाहिए। इस प्रकार, फा को सुनने और प्राप्त करने की आपकी प्रक्रिया वैसी ही होगी, जैसे चीनी छात्र चीनी भाषा में मुझे सुनते हैं।

शिष्य: जब कोई दिव्य मार्ग तक पहुँचने की साधना करता है, तो क्या उसका तीसरा नेत्र खुला रहेगा?

गुरु जी: किसी का तीसरा नेत्र खुला रहेगा, किसी का नहीं। यह उस व्यक्ति और उसकी विशेष परिस्थितियों पर निर्भर करता है। आप इससे मोहभाव नहीं रख सकते। आपने अभी-अभी सुना कि एक पश्चिमी छात्र ने अपने भाषण में क्या कहा: "मुझे कुछ भी नहीं दिख रहा है, लेकिन मुझे इस दाफा में दृढ़ विश्वास है।" इस व्यक्ति ने कितनी अच्छी तरह साधना की है इसे छोड़ दिया जाए तो भी उसके ये शब्द वास्तव में उल्लेखनीय थे। (तालियाँ) केवल आध्यात्मिक अहसास के माध्यम से फल पदवी तक पहुँचना वास्तव में उल्लेखनीय है। बेशक, इसका अर्थ यह नहीं है कि जो लोग अन्य आयामों को देख सकते हैं वे उल्लेखनीय नहीं हैं। हर किसी की अपनी साधना की स्थिति होती है। आपको जो देखना चाहिए, उसकी अनुमति आपको होगी। और इस बात की गारंटी है कि आपको वह देखने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो आपको नहीं देखना चाहिए। कुछ लोग देखना चाहते हैं, और यह अपने आप में एक मोहभाव है। तो इनका यह मोहभाव है तो उनको देखने नहीं दिया जाएगा। कुछ लोग फा के माध्यम से, अपनी स्वयं की आध्यात्मिक अनुभूतियों से ही अपने स्थान पर लौट सकते हैं, फिर भी वे चीजों को देखने पर जोर देते हैं। उनके भविष्य के लिए, उनको फल पदवी तक पहुँचने के लिए, हम उन्हें देखने नहीं दे सकते, और यह उनकी अपनी भलाई के लिए है।

साधक के रूप में, आपके लिए की गई सभी व्यवस्थाएं आपके हित के लिए हैं। वे मेरे लिए, आपके गुरु के लिए बिल्कुल नहीं हैं। वे सभी आपकी फल पदवी के लिए व्यवस्थित किये गए हैं। (तालियां) इसलिए, मैं आशा करता हूँ कि आप अपने सभी मोहभावों को पीछे छोड़ देंगे—कोई भी न रखें। एक व्यक्ति बिना पीछा किये भी प्राप्त कर सकता है। जब आपकी कोई इच्छा होती है, वह एक मोहभाव होता है। आप वह सब कुछ छोड़ सकते हैं जिसका साधारण लोग पीछा करते हैं।

आप जो पाना चाहते हैं वह और भी अद्भुत चीजें हैं, जिन्हें साधारण लोग प्राप्त नहीं कर सकते हैं, और क्योंकि आप सभी साधारण लोगों वाली चीजों को छोड़ रहे हैं, आप फिर भी उन चीजों का पीछा क्यों करना चाहते हैं? क्या आप साधारण लोगों के बीच उनका उपयोग करने के लिए उनका पीछा नहीं कर रहे हैं? स्पष्ट रूप से कहें तो, क्या आप अभी भी साधारण लोगों की इन तुच्छ बातों से नहीं जुड़े हुए हैं? बेशक, आप सोचते होगे कि , "कितना अच्छा होगा यदि मैं अपनी साधना के दौरान चीजों को देख सकूं।" "कितना अच्छा होगा" के पीछे एक मोहभाव हो सकता है। इसके दूसरे कारण हैं, और यह उतना सरल नहीं है जितना की सतह पर दिखाई देता है। आपके प्रति सही मायने में जिम्मेदार होने के लिए, मुझे आपके भीतर गहराई से छिपे हुए मोहभावों से छुटकारा पाना होगा।

शिष्य: मैं यूरोप से हूँ। एक ऐसी कठिनाई है जो अक्सर मेरे लिए चलना बहुत कठिन बना देती है। क्या मैं कुछ अनुचित कर रहा हूं?

गुरु जी: कई पश्चिमी लोग जॉगिंग या जिम जाना पसंद करते हैं। कुछ लोगों को चलने में आनंद आता है, और सोचते हैं कि ऐसा करने से वे स्वस्थ हो सकते हैं। क्या वे चीजें प्रभावी हैं? वे, ऊपरी शरीर के, छोटे और कम-गंभीर रोगों से बचाव कर सकते हैं। इसे अधिक स्पष्ट और सटीक रूप से कहें तो, इस प्रकार का बचाव कार्य कर्म को सतह पर लौटने से रोकता है। यह कर्म को उसकी जगह पर ही रोक देता है। यह कुछ समय के लिए, रोग-कर्म को सतही शरीर तक पहुंचने से रोक सकता है।

हम उस प्रकार के बचाव कार्य की बात कर रहे हैं । दूसरी ओर, साधकों के लिए, हमें संभवत: आपके द्वारा संचित किए गए सभी रोग कर्मों को सतह पर लाने की

आवश्यकता है—उन सभी को बाहर निकालना—और वास्तव में आपको मौलिक स्तर पर स्वस्थ बनाना, आपको कर्म से मुक्त करना, और आपको स्वच्छ और शुद्ध बनाना। तो ये [दो दृष्टिकोण] संघर्ष में हो सकते हैं। शायद यही कारण है कि हम आपको ऐसा करने के लिए नहीं कहते हैं। वास्तव में स्वस्थ होने के लिए साधना ही एकमात्र साधन है। इसलिए, यदि आप चलने से स्वास्थ्य प्राप्त करना चाहते हैं, स्पष्ट रूप से कहा जाये तो आप अभी भी दाफा में दृढ़ता से विश्वास नहीं करते हैं। आप सोचते हैं कि दाफा आपको चलने से प्राप्त होने जैसा स्वस्थ शरीर प्राप्त करने में सक्षम नहीं है। या शायद आप मानते हैं कि आपने इसके बारे में इतनी गहराई से नहीं सोचा है और आप आदत के कारण चलने जाते हैं।

तब संभवतः आपका यह स्वभाव अनजाने में मोहभाव बन गया है, और आपको उस मोहभाव को समाप्त करने की आवश्यकता है। हो सकता है कि आपने अपने उस मोहभाव को समाप्त करने को एक कठिन परीक्षा या बाधा के रूप में माना हो। तो, आप इसे दूसरे दृष्टिकोण से क्यों नहीं देख सकते हैं और देखिए कि क्या यह आपके किसी मोहभाव को समाप्त करने के लिए है? क्या यह अच्छा नहीं होगा कि आप सुबह या शाम के जॉगिंग करने के बदले व्यायाम करें? मुझे लगता है कि जब आपको कठिनाइयां आती है तब यदि आप यह सोचते हैं कि आपकी ओर से क्या अनुचित है, तो आप तीव्रता से सुधार कर सकते हैं। जब आप कठिनाइयों का सामना करते हैं, आत्मचिंतन करते हैं, तो हो सकता है कि आपको समस्या का पता चल जाए।

शिष्य: क्या यह उचित है कि व्यायाम के संगीत में एक साथ विदेशी भाषा का अनुवाद जोड़ें और उसमें शिक्षक की आवाज़ को रहने दें?

गुरु जी: यह ठीक है। लेकिन एक साथ अनुवाद को न जोड़ना और भी ठीक है। इसे जोड़ना अनुचित भी नहीं है, क्योंकि यह नए छात्रों के लिए सहायक हो सकता है। यद्यपि, मेरे व्याख्यान टेप में, एक साथ अनुवाद जोड़ा जाना चाहिए, और अब ऐसा किया जा रहा है। मेरी आवाज वहां होनी चाहिए। जैसा कि आप जानते हैं कि मेरी आवाज केवल एक आवाज नहीं है। इसलिए, मेरी आवाज दुभाषिए के

साथ-साथ होनी चाहिए। इस प्रकार, फा को सुनने और प्राप्त करने की आपकी प्रक्रिया वैसी ही होगी, जैसे चीनी छात्र चीनी भाषा में मुझे सुनते हैं।

शिष्य: जब हम पढ़ते हैं, तो क्या शांत अभ्यास करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जैसे कि शरीर का गुम हो जाना , केवल मन पुस्तक पढ़ने के लिए रह जाए ?

गुरु जी: ऐसा हो सकता है। क्योंकि यह फा है, यह किसी भी अवस्था को उत्पन्न कर सकता है। कोई भी स्थिति प्रकट हो सकती है।

शिष्य: मुझे फा के प्रचार-प्रसार वाली गतिविधियों में भाग लेने में मानसिक बाधाएँ हैं। मुझे क्या करना चाहिए?

गुरु जी: तो आप कह रहे हैं कि आप फा के प्रचार-प्रसार (होंग-फा) वाली चीजें नहीं करना चाहते हैं। फिर जो आपको रोक रहा है उसका मूल कारण खोजने का प्रयास करें। वास्तव में, मैं आप सभी से कहना चाहता हूं: ऐसा नहीं है कि आप में से प्रत्येक को फा के प्रचार-प्रसार वाली गतिविधियों में भाग लेना चाहिए या आपको यह और वह करना है। हमारा ऐसा कोई नियम नहीं है। आपके लिए ऐसी कोई अवश्यकता नहीं है। हालांकि, शिष्य के रूप में, जब आप [दाफा] से लाभान्वित होते हैं और आपको यह अच्छा लगता है और आप अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और अधिक लोगों को इस अच्छी बात के बारे में बताना चाहते हैं, तो यह महान करुणा का कार्य है। यह भाव आपके मन से आता है—आप इसे स्वयं करना चाहेंगे । यदि आप ऐसा नहीं करना चाहते हैं, तो अपने आप को बाध्य न करें। इसलिए, मुझे आशा है कि जब आप में ऐसा करने की इच्छा होगी, तो आप आगे बढ़ेंगे और इसे करेंगे, क्योंकि हम करुणामय होने की बात करते हैं, और हम सभी दूसरों के साथ अच्छी बातें साझा करना चाहते हैं। इस दुनिया में, आप जो कुछ भी दूसरों को देते हैं वह बहुत लंबे समय तक नहीं रहेगा। यदि आप उन्हें पैसे देते हैं तो वे इसे थोड़े ही समय में खर्च कर देंगे, है ना? चाहे आप दूसरों को कितनी भी अच्छी चीजें देते हैं, ऐसा कोई तरीका नहीं है कि वे उन्हें हमेशा के लिए रख सकें।

जब कोई व्यक्ति इस संसार में आता है, तो उसके पास कुछ भी नहीं होता है, और जब वह जाता है, तो मिट्टी के नीचे दबा दिया जाता है और उसका सब कुछ नष्ट हो जाता है। आप अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा पाएंगे, इसलिए जब आप जाते हैं, तो आप कुछ ले भी नहीं जा सकते हैं। क्या बचा रह सकता है? केवल फा, जो आप दूसरों को देते हैं, हमेशा के लिए रहता है, और इसलिए यह सबसे मूल्यवान चीज है। तो हम अपनी चर्चा पर वापस आते हैं, फा का प्रचार-प्रसार करना सबसे पावन है। वास्तव में, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हर किसी को यह करना है—मैं कह रहा हूं कि आपको स्वयं को बाध्य नहीं करना चाहिए। यदि आप इसे करना चाहते हैं, तो इसे करें; यदि आप ऐसा नहीं करना चाहते हैं, तो मैं यह नहीं कहूंगा कि आप गलत हैं।

शिष्य: क्या पश्चिमी लोगों को फा प्राप्त करने में सहायता के लिए, फालुन गोंग या ज़ुआन फालुन को पढ़ने के लिए कहना ठीक है?

गुरु जी: यह आपकी स्थानीय स्थिति पर निर्भर करता है। इसके लिए न कोई एक समान व्यवस्था है और न ही कोई नियम। यदि आपको लगता है कि पहले फालुन गोंग का पाठ करने से उन्हें समझने में सहायता मिल सकती है, तो आगे बढ़ें और ऐसा करें। यदि आपको लगता है कि छात्रों में अच्छे जन्मजात गुण हैं और उनमें गहरी समझ है, तो आप उन्हें सीधे ज़ुआन फालुन पढ़ने के लिए कह सकते हैं। अर्थात, चीजों को अपनी व्यक्तिगत स्थिति और परिस्थिति के अनुसार करें। यह बहुत स्पष्ट है, इसके लिए कोई नियम नहीं है।

शिष्य: आदरणीय गुरु जी, "बुद्ध-प्रकृति में त्रुटि-हीन होना" में वर्णित "प्रकृति" का "बुद्ध प्रकृति" में वर्णित "जन्मजात करुणामय प्रकृति" से क्या संबंध है?

गुरु जी: दोनों संबंधित हैं, लेकिन एक तरह से वे असंबंधित भी हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपका स्वभाव आपके स्तर द्वारा निर्धारित आयाम की अभिव्यक्ति है। दूसरे शब्दों में, यह आपके स्तर पर आयाम की अभिव्यक्ति है, या, उस आयाम और स्तर पर दाफा के आदर्शों की अभिव्यक्ति या मूर्त रूप को दिखाता है जहां आप मूल रूप से पैदा हुए थे। यह साधना के दौरान स्वयं को प्रदर्शित कर सकता है;

या, जैसे-जैसे आप अपनी साधना में निरंतर सुधार करते हैं, विभिन्न स्तरों पर आपकी बढ़ती हुई गहरी समझ के परिणामस्वरूप जो अवस्थाएँ लगातार दिखती हैं—वह आपकी प्रकृति है। लेकिन स्वार्थी स्वभाव ही है जिससे आप ब्रह्मांड के अत्यंत लंबे समय में धीरे-धीरे दूषित हो गए हैं। यदि संपूर्ण ब्रह्मांड और ब्रह्मांडीय पिंड फा से विचलित हो गए हैं, तो इसी तरह की घटनाएं हर जगह होंगी, यह बात किसी को आपस में पता भी नहीं चलेगी। यह साधारण मानव के बीच होने जैसा है: भले ही मानव समाज इतना भ्रष्ट हो गया हो, लेकिन यहां के लोग इसे महसूस नहीं कर सकते हैं, और अभी भी वे सोचते हैं कि यहां सब कुछ अद्भुत है। यह वही विचार है। इसलिए, अपनी साधना में, आपको न केवल विभिन्न आयामों के स्तरों तक पहुँचने और अपने स्वभाव को वापस पहले जैसा करने की आवश्कता है, बल्कि आपको उन चीज़ों से भी छुटकारा पाना चाहिए जिनसे आप भिन्न-भिन्न समय पर, विभिन्न स्तरों पर, और विभिन्न आयामों में दूषित हुए हैं—आपको उन सभी चीजों को हटाना होगा। मैं आपको जो देना चाहता हूं वह दिव्यलोक और पृथ्वी के निर्माण के बाद से शुद्धतम आयाम तक पहुंचने की क्षमता है। (तालियाँ)

शिष्य: पाँचवाँ अभ्यास करते समय, हम तीन सुदृद करने वाली मुद्राओं में से प्रत्येक पर बीस मिनट देते हैं, इसलिए यह गुरु जी के मौखिक निर्देश से भिन्न होता है... *[क्या यह ठीक है]?*

गुरु जी: यदि आप इसे व्यायाम संगीत से अधिक समय तक कर सकते हैं, दूसरे शब्दों में, यदि आप व्यायाम संगीत समाप्त होने के बाद भी अभ्यास जारी रख सकते हैं, तो आप आगे बढ़ सकते हैं और व्यायाम जारी रख सकते हैं। सब समान है, चाहे आप संगीत का उपयोग करें या नहीं। हम अपने इधर-उधर के विचारों को हटाने के लिए संगीत सुनते हैं; अन्यथा आपको सभी प्रकार के विचार आते रहेंगे । आप इसके बारे में सोच रहे होंगे, उसके बारे में सोच रहे होंगे...

इसके अलावा, यह संगीत हमारे दाफा का संगीत है। संगीत के पीछे आंतरिक अर्थ के साथ-साथ अद्भुत बुद्ध फा भी है। इसलिए, जब आप संगीत सुनते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे आप बुद्ध का संगीत या बुद्ध की आवाज़ सुन रहे हैं—यह इस तरह का कार्य करता है। यदि आप कहते हैं कि आप शांति प्राप्त कर सकते हैं और आपके मन में इधर-उधर के विचार नहीं आते हैं, तो यदि आप संगीत नहीं भी

सुनते हैं, तो यह वैसा ही रहेगा। यदि आप अधिक समय तक व्यायाम कर सकते हैं, तो संगीत सुने बिना भी ऐसा करना ठीक है।

शिष्य: एकाग्रता *(*डिंग*)* में प्रवेश करना और शांति *(*जिंग*)* तक पहुंचना एक-दूसरे से कैसे संबंधित है*?*

गुरु जी**:** जब आप व्यायाम करते समय शांत हो जाते हैं और कुछ भी नहीं सोचते हैं, तो शांति प्राप्त होती है। एकाग्रता में प्रवेश करने का अर्थ है कि आप मन को एकाग्रचित करने में सक्षम हैं—"शरीर को भूलने और मन को भूलने" की स्थिति में प्रवेश करना। लेकिन आपको पता होना चाहिए कि आप व्यायाम कर रहे हैं। "शरीर को भूलना" तब होता है जब आपको लगता है कि आपका शरीर भी गायब हो गया है। "मन को भूलना" तब होता है जब आप व्यायाम करने के अलावा कुछ भी नहीं सोचते हैं। यह एक अच्छी अवस्था है, और इसे एकाग्रचित होना, या एकाग्रता में प्रवेश करना कहते हैं।

शिष्य: लंबे समय तक सामान्य मनुष्य के समाज की स्थिति के अनुरूप रहकर, धारा के साथ बहना बहुत आसान है, है न*?*

गुरु जी**:** यह सच है। यही कारण है कि मैंने कहा है कि सभी छात्रों को अभ्यास स्थल पर जाना चाहिए और सामुहिक अध्ययन में भाग लेना चाहिए, भले ही आपने अभ्यास अभी-अभी शुरू किया हों या अनुभवी हों। वह वातावरण आपको शुद्ध करेगा, और साधारण मनुष्य द्वारा दूषित आपकी वाणी, आचरण, और धारणाओं को लगातार शुद्ध करेगा।

शिष्य: जब अभ्यास के दौरान बहुत शांति होती है, यदि अचानक कोई शोर होता है, तो मैं हमेशा चौंक जाता हूँ।

गुरु जी**:** वह ठीक है। अन्य अभ्यासों में कई कहावतें हैं, जैसे कि जब लोग वास्तव में चौंक जाते हैं और शायद उनकी ची सिर से नीचे नहीं उतरेगी, इत्यादि। हमारी ऐसी समस्याएं नहीं हैं। लेकिन सब सुनें—इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन

अभ्यास करता है—वे ऐसी स्थितियों का सामना करेंगे जहां आपको शोर परेशान करेगा। दूर खड़ी कारों के हॉर्न, आपके पड़ोसियों का शोर-शराबा और यहां तक कि आपके घर में अचानक होने वाली आवाजें भी आपको परेशान कर देंगी और इससे कोई बच नहीं सकता। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों के पास कर्म होते हैं, और जहां कर्म होते हैं वहां क्लेश होता है। लेकिन यह लंबे समय तक नहीं चलेगा। यह घटना अक्सर अभ्यास के प्रारंभिक चरणों के दौरान होती है। आपकी साधना में कुछ समय बाद इस प्रकार की घटनाएं समाप्त हो जाएंगी।

शिष्य: गुरु जी, क्या कृपया हमें साधना अभ्यास की उत्पत्ति बता सकते हैं?

गुरु जी: ओह, आप जो जानना चाहते हैं वह एक बड़ा विषय है। यहां तक कि इस युग के दौरान के ब्रह्मांडीय पिंड [जो मौजूद हैं] वे भी आदिकालीन नहीं हैं। आप नहीं जानते कि मैं जिस ब्रह्मांड के बारे में बात कर रहा हूं वह कितना विशाल है। ब्रह्मांड की अवधारणा जिसकी आप कल्पना करते हैं, या जिसके बारे में मैं आपको बताता हूं—चाहे वह कितना ही विस्तृत क्यों न हो—अभी भी बहुत सीमित है। इसलिए, यदि आप साधना के मूल तक जाना चाहते हैं, तो यह सोच से परे और अकल्पनीय होगा। इसलिए, यह आपके लिए अर्थपूर्ण नहीं होगा, और इसका आपकी साधना से कोई लेना-देना नहीं है।

शिष्य: गुरु जी जो प्रदान करते हैं वह ब्रह्मांड का फा है। फिर फालुन दिव्यलोक उच्च स्तर पर क्यों नहीं है?

गुरु जी: फालुन दिव्यलोक को उच्च स्तर पर क्यों होना चाहिए? जैसा कि मैंने कहा है, और मैं इसे दोहराता हूं: मैं यहां एक मनुष्य के रूप में हूं, इसलिए मुझे एक मनुष्य के रूप में समझें। आपकी तरह ही मुझे भी खाने और सोने की आवश्यकता होती है। निःसंदेह, हर प्राणी का मूल होता है। मेरा भी मूल है। यह करने के लिए यहां आने से पहले मैंने जो आखिरी पड़ाव बनाया था, वह फालुन दिव्यलोक था। तो, फालुन दिव्यलोक से परे, मैं और भी ऊंचे स्तरों पर रहा होऊंगा या अन्य दिव्यलोक बनाये होंगे। इसके बारे में चिंता न करें—इस पर अपना ध्यान न दें।

शिष्य: बहुत ऊँचे स्तर के देव मानवीय शरीर के रूप में नहीं होते हैं। तो क्या वहां देवों के बीच बुद्ध और ताओ के बीच का अंतर अभी भी है?

गुरु जी: मुझे याद है कि मैंने इसके बारे में एक शास्त्र में लिखा था: ब्रह्मांड बहुत ही विशाल है। लोगों की "बुद्ध" के बारे में आज जो अवधारणा है, जैसा कि आप "बुद्ध" को समझते हैं, बहुत सीमित है। "बुद्ध" की अवधारणा वास्तव में अथाह है। लेकिन यह जितना भी व्यापक है, अभी भी यह ब्रह्मांड की विशाल सीमा से अधिक नहीं है। "ताओ" की अवधारणा भी विशाल ब्रह्मांड का समावेश नहीं कर सकती। तो कहने का तात्पर्य यह है कि उनका एक निश्चित स्तर से बाहर अस्तित्व समाप्त हो जाता है। फिर भी मैंने बुद्ध के स्वरूप को चुना; मेरे पास पहले शरीर का कोई स्वरुप नहीं था—यह मैं आपको बहुत उच्च स्तर पर कुछ बता रहा है। मैंने आपको पहले ही बताया है कि मैंने बुद्ध के स्वरूप को चुना है, और मैं बुद्ध की शिक्षा के दृष्टिकोण से, ब्रह्मांड के फा को सिखा रहा हूं। वास्तव में, सभी मेरे स्वरुप हैं। मुझे लगता है कि यदि आपने पुस्तक को अधिक पढ़ा होता, तो आपको इस बारे में पता होता। इस बारे में मैंने पहले भी बात की है।

शिष्य: हम आपके शिष्य हैं। फल पदवी तक पहुँचने के बाद, क्या हम यह जान पाएंगे कि बहुत ही उच्चतम स्तर पर, हमारे गुरु जी हैं?

गुरु जी: कुछ लोग जान पाएंगे, लेकिन वे उतना ही जान पायेंगे । कुछ नहीं जान पाएंगे, क्योंकि आपके ऊपर की बातें आपके सामने प्रकट नहीं होंगी—आप उनमें से किसी भी चीज को नहीं जान पाएंगे। तो आपकी अवधारणा के अनुसार ऊपर कुछ भी नहीं होगा। जब आप अपने निचले स्तरों को देखेंगे, तो आपको एक नज़र में सब कुछ पता चल जाएगा; सब कुछ आपकी आंखों के सामने प्रदर्शित होगा, लेकिन आपके स्तर के ऊपर कुछ भी दिखाई नहीं देगा। उस आयाम में प्रकट होने वाली स्थिति कुछ ऐसी है है जिसे आप अभी समझ नहीं सकते हैं। हालांकि, फा-सिद्धांत वहां मौजूद हैं और मैंने बहुत उच्च स्तरों पर चीजों पर चर्चा की है, फिर भी मैं मानवीय भाषा का उपयोग कर रहा हूं। उस समय, आप जिन फा-सिद्धांतों को जानेंगे और सुनेंगे, वे उस भाषा में बिल्कुल नहीं होंगे जो मैं

आपको अभी सिखा रहा हूँ। आपकी सभी अवधारणाएं बदल जाएंगी, और आपको ऐसा लगेगा कि आपके ऊपर कुछ भी मौजूद नहीं है। आप सोचेंगे कि उच्च स्तर पर चीजें मौजूद हो सकती हैं और शायद कम से कम गुरु जी वहां हैं, लेकिन यह इतना ही होगा। और वे विचार भी कमजोर होंगे। कारण यह है कि वे चीजें आपकी फल पदवी द्वारा निर्धारित की जाएंगी, आपके स्तर द्वारा निर्धारित होंगी। जब आप उस स्तर तक साधना करते हैं, तो आपके पास निचले स्तरों पर पूरी पकड़ होगी। लेकिन जहां तक आपके ऊपर के स्तरों का प्रश्न है, उन पर आपका कोई पकड़ नहीं होगी।

शिष्य : क्या स्वास्थ्य प्रदर्शनी में फालुन के बड़े प्रतीक को प्रदर्शित करना नितांत आवश्यक है?

गुरु जी: छात्र दाफा के प्रति अपने गहरे प्रेम के कारण स्वास्थ्य प्रदर्शनी में भाग लेते हैं, क्योंकि वे चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग फा प्राप्त करें। इस बारे में कि क्या हमें फालुन का प्रतीक प्रदर्शित करना चाहिए, मानवीय धारणाओं का उपयोग करते हुए इसके बारे में न सोचें। फिर भी, मैंने हमेशा सुझाया है कि हम इन चीजों को करते समय विशिष्ट परिस्थितियों को ध्यान में रखें। हमें किसी भी चीज की अति नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अपनी साधना में हम सामान्य मनुष्य समाज के रूपों का उपयोग कर रहे हैं, हमें अपनी साधना में अधिकतम सीमा तक साधारण मनुष्य के अनुरूप होना चाहिए। इन शब्दों को लेकर आपकी समझ न केवल आपके साधना करने के तरीके में दिखाई देनी चाहिए, बल्कि आपके फा के प्रचार-प्रसार की गतिविधियों, आपके अभ्यास और आपके सभी आचरण में भी होनी चाहिए। तभी अधिक लोग आपको समझ पाएंगे, और तभी आप अधिक लोगों को फा प्राप्त करने में सहायता कर पाएंगे। लोग यह न समझें कि आप धार्मिक या अंधविश्वासी चीजें कर रहे हैं और वे आपको समझने में असमर्थ हों। यदि यह एक ऐसा कारक बन जाता है जो लोगों को फा प्राप्त करने से रोकता है, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए, हमें सब कुछ ठीक से करना चाहिए—जब इसकी बात हो, तो हमें तर्कसंगत होने की आवश्यकता होती है।

शिष्य: शिष्य के फल पदवी तक पहुंचने के बाद, क्या वे गुरु जी को देख पाएंगे?

गुरु जी: आप फल पदवी तक नहीं पहुंचे हैं और आप पहले से ही फल पदवी के बाद की चीजों के बारे में सोच रहे हैं। इसलिए, अभी आपको अपना ध्यान साधना पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। मैंने आपको इसके बारे में पहले भी बताया है: मैं किसी भी आयाम या स्तर पर प्रकट हो सकता हूं। मेरे ऊपर से नीचे तक, सभी स्तरों पर सम्पूर्ण स्वरुप हैं—यह चीजें आप समझ नहीं सकते—जिसमें मानवीय स्तर भी शामिल है। मैं जब चाहूँगा आऊँगा। मुझे याद है कि मैंने एक कविता लिखी थी: "अनंत रूप से दूर दिव्यलोक की तिजोरी है, लेकिन केवल एक विचार के साथ // 'दृष्टि के ठीक सामने है..." चाहे वह कितना भी विशाल क्यों न हो, विभिन्न स्तरों के जीवों के लिए अपने स्वयं के स्तरों से ऊपर जाना असंभव है। उनके नीचे के स्तरों के माध्यम से जाने के लिए, समय अंतराल द्वारा गठित विभाजन होते हैं—अर्थात, इसमें समय शामिल है, इसमें समय लगता है। लेकिन मेरे लिए, आपके गुरु के लिए, कोई भी समय की अवधारणा मुझे अवरुद्ध नहीं कर सकती। निःसंदेह, आप इसे अभी नहीं समझ सकते।

शिष्य: आदरणीय गुरु जी, हमें बचाने के लिए, आपको पृथ्वी पर कई बार पुनर्जन्म क्यों लेना पड़ा?

गुरु जी: क्योंकि यहां बैठे सभी लोग मानव नहीं हैं, और वे सभी एक ही समय काल में पृथ्वी पर नहीं आए हैं। यदि मैंने केवल एक ही बार पुनर्जन्म लिया होता, तो उसके बाद जो आए, उनका क्या होता, जिनके पास मेरे साथ पूर्वनिर्धारित संबंध स्थापित करने का कोई तरीका नहीं होता? इस आयोजन की तैयारी में कई, कई जटिल कारक शामिल थे। इसके अलावा, मैंने विभिन्न देशों में और विभिन्न जातियों के रूप में पुनर्जन्म लिया है। कई जन्म पहले, मैं आपके देश का सम्राट, राजा, सेनापति, साधु, विद्वान या योद्धा रहा हो सकता हूँ। (तालियाँ) इसे हलके में लें। मैं जो बात कर रहा हूं वह पूर्वनिर्धारित संबंध के विषय में है।

शिष्य: सागर का पानी बुद्ध का अश्रु है। कृपया हमें बताएं कि हमारे आयाम में बुद्ध का अश्रु क्यों अभिव्यक्त होना चाहिए?

गुरु जी: यह ठीक उसी तरह है जैसे दिव्यलोक के भगवान कैसे पृथ्वी पर गिर सकते हैं और मनुष्य बन सकते हैं। आपको यह समझने के योग्य होना चाहिए। सागर का पानी बुद्ध के आंसुओं की एक बूंद थी। यदि आप इस सागर के जल को दिव्यलोक में ले जाते, तो बुद्ध इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे , क्योंकि यह बहुत गंदा है।

दूसरे शब्दों में, यह इस आयाम का एक पदार्थ बन गया है।

शिष्य: मैं अभी भी एक बच्चा हूँ। मेरे माता-पिता मुझे साधना अभ्यास करने की अनुमति नहीं देते हैं। मुझे क्या करना चाहिए?

गुरु जी: यदि आप चीजों को समझने योग्य बड़े हो चुके हैं, तो आपको अपने लिए निर्णय लेना चाहिए। साधना करना या न करना आप पर निर्भर है। यदि आप वास्तव में साधना करना चाहते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि आपके माता-पिता आपके लिए ऐसी बाधाएँ पैदा करेंगे जैसे कि आप एक वयस्क हों। बात यह है कि क्या आप दृढ़ हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी साधना के आरंभ में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा, और सभी को बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। कल एक शिष्य ने उल्लेख किया कि वह एक फा सम्मेलन में भाग लेना चाहता है, लेकिन स्कूल ने उसके लिए दरवाजा नहीं खोला , इसलिए उसे वहां पर छोड़ा गया पता नहीं मिल सका। यह उसकी बाधा थी। फा प्राप्त करने में सभी को बाधाओं का सामना करना पड़ेगा, फिर भी इन बाधाओं की अभिव्यक्ति बहुत कम महत्व रखती है। यदि आप इन छोटी-छोटी बाधाओं को दूर नहीं कर पाते हैं, तो यह एक समस्या बन जाएगी। फा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे आप ऐसे ही प्राप्त कर सकते हैं। भले ही आप सभी यहां बैठे हों, लेकिन आप नहीं जानते कि इतिहास के विभिन्न कालखंडों सहित इस पूर्वनिर्धारित संबंध को स्थापित करने के लिए आपने इस फा के लिए कितना त्याग किया होगा—आप नहीं जानते कि इसको प्राप्त करने कि लिए, आप कितने कष्टों से गुजरे हैं। उनमें से कुछ के बारे में आप जानते हैं, उनमें से कुछ के बारे में आप नहीं जानते हैं। वह क्षण जब आप फा से

परिचित हुए, वह आपको काफी स्वाभाविक लगा होगा, जबकि वास्तव में फा प्राप्त करने के समय और स्थान की व्यवस्था करने में बहुत प्रयास किया गया था। आप उन चीजों के बारे में नहीं जानते हैं।

शिष्य: बीजिंग में एक /दाफा/ शिष्य ने दाफा पुस्तकों के अनुवाद के लिए एक चीनी-अंग्रेज़ी संदर्भ पुस्तिका लिखी है। हमें इसके बारे में क्या करना चाहिए?

गुरु जी: मुझे इसे इस तरह से कहना होगा: वह दाफा के लिए एक अच्छा काम करना चाहता है, लेकिन यह पुस्तक बिल्कुल प्रकाशित नहीं की जा सकती है, क्योंकि दाफा में किसी भी शब्द को सामान्य मानवीय शब्दों में परिभाषित नहीं किया जा सकता है। जैसा कि आप जानते हैं, दाफा की सभी पुस्तकें वह फा हैं जो मैंने सिखाया है —वे सभी मेरे शब्द हैं। मैंने व्यक्तिगत रूप से प्रकाशित सभी पुस्तकों का संपादन किया है। मेरे संपादन या सहमति के बिना, कुछ भी प्रकाशित नहीं की जा सकता , वे मेरी चीजें नहीं हैं, और वे दाफा से संबंधित नहीं हैं। कोई भी अपनी इच्छानुसार चीजो का संग्रह नहीं कर सकता। मैंने इस बारे में पहले भी बात की है। निःसंदेह, इस शिष्य का इरादा अच्छा था। हमें उन चीजों को वापस ले लेना चाहिए ।

शिष्य: इसकालचक्र का मानव शरीर श्रेष्ठ है, और हर कोई इसे पाना चाहता है। क्या यह फा-सुधार की व्यवस्थाओं से संबंधित है?

गुरु जी: इस कालचक्र का मानव शरीर सबसे श्रेष्ठ नहीं है। आप जानते हैं, इस ब्रह्मांड के मध्य युग का मानव शरीर सबसे श्रेष्ठ था। मैं इस मानव सभ्यता के मध्य युग की बात नहीं कर रहा हूँ। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं, इसलिए इन चीजों के बारे में ज्यादा न सोचें।

शिष्य: मेरे विचारों को बहुत बुरी चीजें नियंत्रित करती हैं, और पुस्तकें पढ़ने और फा का अध्ययन करने से कोई सहायता नहीं मिलती है। क्या गुरु जी अभी भी मुझे बचाएंगे?

गुरु जी: मुझे इसके बारे में दो दृष्टिकोण से बात करनी होगी । यदि आप उन लोगों में से एक हैं जिनका मैंने अपने हाल के शास्त्र में उल्लेख किया है, जो मुझे पहले अपने गुरु के रूप में नहीं मानते थे, या यदि आप उन चीजों द्वारा नियंत्रित हुए हैं, जैसे कि शास्त्र में इसका वर्णन किया गया है—अर्थात, आप केवल एक साधना मार्ग का अभ्यास नहीं कर रहे हैं—तो आपको अपनी मुख्य चेतना को मजबूत रखना होगा, और चाहे कुछ भी हो जाए, आपको अटल रहना होगा। यदि कोई चीज़ इधर उधर घूम रही है, या कहीं दर्द है, तो इसकी चिंता न करें, बस आगे बढ़ें और अध्ययन करें और साधना करें और दृढ़ रहें, और सब कुछ बदल जाएगा। एक साधक के रूप में, जब आप अपने शरीर में बेचैनी महसूस करते हैं, तो क्या यह अपने आप में एक अच्छी बात नहीं है? यदि आप साधना नहीं करते हैं, तो आपके शरीर में वे बुरी चीजें नहीं हिलेगी। शास्त्र लिखना और प्रकाशित करना आपको एक और मौका देना था। यदि आप अभी भी बदलना नहीं चाहते हैं, तो आप यह मौका खो देंगे। आपका शरीर इतना क्यों बदल गया है? यह आप ही कारण से है। आपको स्वयं जागरूक होकर इस वर्तमान स्थिति से बाहर निकालना होगा। आप सोच सकते हैं, "जैसे ही मुझे इसका पछतावा होने लगेगा, गुरु जी मेरे लिए सब कुछ तुरंत बदल देंगे।" ऐसा नहीं होगा—यह साधना नहीं कहा जायेगा। साधना अभ्यास गंभीर है। अपने दृढ़ संकल्प को लगातार मजबूत करने की अपनी प्रक्रिया में, फा का लगातार अध्ययन करते हुए, और अपनी समझ को लगातार गहरा करते हुए, आप धीरे-धीरे बदल जाएंगे। इससे पहले, आपने वास्तव में दाफा में साधना नहीं की थी। यद्यपि आप पुस्तक पढ़ रहे थे, आपके पढ़ने का उद्देश्य आपके शरीर को ठीक करना था या जिसे आप समस्याएं समझते थे उससे छुटकारा पाना था। मैंने लोगों को बचाने के लिए, उन्हें साधना के माध्यम से फल पदवी तक पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए फा प्रदान किया है। यह लोगों के लिए कुछ समस्याओं को दूर करने, लोगों की बीमारियों को ठीक करने, या लोग जिन्हें बुरी चीजें समझते है उनसे छुटकारा पाने के लिए नहीं है। इसलिए, जब आप वास्तव में साधना करना चाहते हैं और दाफा में दृढ़ विश्वास रखते हैं, तभी आपका सब कुछ बदल जाएगा। यदि आप दाफा का अध्ययन सिर्फ उन्हीं चीजों के लिए कर रहे हैं, तो आपको कुछ भी हासिल नहीं होगा। क्यों? ऐसा नहीं है कि हमें लोगों के प्रति दया भाव नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं जिसकी देखभाल करता हूं वह

शिष्य और उनकी साधना है, जबकि लोगों को अंततः उनके द्वारा किए गए कर्म का भुगतान करना पड़ेगा । (तालियाँ)

शिष्य: गुरु जी, कृपया हमें ब्रह्मांड में विभिन्न स्तरों पर जीवों द्वारा दाफा के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रियाओं के पीछे के कारण के बारे में बताएं?

गुरु जी: इसका आपकी साधना से बिलकुल भी कोई लेना-देना नहीं है। न ही मैं दिव्यलोक के इन रहस्यों को आपके सामने प्रकट कर सकता हूँ। मैं आपको बता दूं: संपूर्ण ब्रह्मांड, ब्रह्मांड के महान नियम से बहुत लंबे समय से भटका हुआ है, और क्योंकि सब कुछ भटक गया है, कोई नहीं जानता कि वह स्वयं भटक गया है। उसे ठीक होने के बाद ही पता चल पाएगा। यह मनुष्यों की तरह है, आज यहां बैठे साधकों की तरह हैं: जब आप पीछे मुड़कर उन साधारण मनुष्यों को देखेंगे, तो आप देखेंगे कि वे कितने बुरे बन चुके हैं। हालाँकि, साधना शुरू करने से पहले, आपको इसका बिल्कुल भी आभास नहीं था। यह वही विचार है। भिन्न-भिन्न आयामों में भिन्न-भिन्न प्रकार के भ्रम विद्यमान हैं।

शिष्य: इस दिन से लेकर आने वाले अरबों वर्षों तक, क्या यह सच है कि सभी जीवों को हर समय अपने भीतर देखने पर का ध्यान देना चाहिए?

गुरु जी: यह साधना करने वाले मनुष्य की स्थिति है। भगवानों के साथ ऐसा नहीं है। साधना किसी जीव के अस्तित्व का उद्देश्य नहीं है, यह केवल एक तरीका है जिसके द्वारा लोग स्वयं के स्तर ऊपर उठाते हैं। भगवानों की चीजों की कल्पना करने के लिए मानव सोच का उपयोग कैसे किया जा सकता है? यह बिल्कुल भी एक जैसी बात नहीं है। मनुष्य... जिस कारण से मैंने कहा है कि मैं आपके मानवीय पक्ष को संजोता हूं, वह यह है कि आप साधना कर सकते हैं—यह मनुष्य नहीं है जिसे मैं संजोता हूं। भगवानों के लिए, मनुष्य अपवित्र हैं। मेरे लिए भी, मानव [आयाम] ब्रह्मांड के निम्नतम—हालांकि अपरिहार्य—स्तर से अधिक नहीं है। इसलिए, [मैं कहता हूं कि] आपके विचार हमेशा मानवीय दायरे तक ही सीमित रहते हैं, मनुष्यों के बारे यह और वह सोचते हैं और भगवानों के बारे में सोचने के

लिए मानवीय मानसिकता का उपयोग करते हैं। वह बिल्कुल काम नहीं करेगा; यह ठीक उसी तरह है जैसे भगवानों के पास कोई मानवीय विचार नहीं होते हैं।

शिष्य: फा सीखने आने वाले ऐसे लोग जिनके इरादे शुद्ध नहीं होते,, वे फिर भी अपने रोगों को ठीक करने और स्वास्थ्य में सुधार करने में सक्षम क्यों हैं? उन्हें अभी भी सौभाग्य क्यों प्राप्त होता है?

गुरु जी: ऐसा इसलिए है क्योंकि यह सबसे निचले स्तर पर दाफा की अभिव्यक्ति है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ब्रह्मांड का फा मनुष्यों की साधना के लिए नहीं है—यह विभिन्न स्तरों पर जीवों के लिए जीने के अलग-अलग वातावरण बनाता है। आप इस स्तर पर, सबसे निचले स्तर पर, मानवीय अवस्था में, और मानव जीवन के वातावरण में फा की अभिव्यक्ति के संपर्क में आ गए हैं। निःसंदेह, मनुष्य साधना नहीं करते, मनुष्य केवल मनुष्य हैं। मनुष्य के लिए सबसे अच्छी स्थिति रोग से मुक्त, स्वस्थ और अच्छे भाग्य का साथ होना है। क्योंकि, आप फा के संपर्क में आए हैं, ये सभी चीजें आपको मिल सकती हैं।

शिष्य: गुरु जी, आपने कहा है, "जब दाफा स्वयं को मानव जाति के सामने प्रकट करता है, तो केवल यही चीजें नहीं हैं जिन्हें आप खो देंगे।"

गुरु जी: यह सही है। यह ब्रह्मांड कितना विशाल है! यहां तक कि विभिन्न स्तरों और विभिन्न लोकों के भगवानों को भी नीचे गिरा दिया जाएगा यदि वे दिव्यलोक के नियमों का उल्लंघन करते हैं। लंबे काल के दौरान, जब वे बुरे हो गए हैं और अपने आयामों में नहीं रहके सकते, तो वे निचले आयामों में गिर जाते हैं। कुछ बहुत बुरे हो गए हैं और उन्हें मानवीय स्तर पर गिरा दिया जाएगा। कुछ तो मनुष्यों से भी बुरे हो गए हैं, तो उन्हें मनुष्य बनने का अवसर भी नहीं मिलेगा, और संभवतः नष्ट भी हो सकते हैं। तो फिर यह मनुष्यों के लिए यह तो और भी बुरा है। दूसरे शब्दों में, "केवल यही चीजें नहीं हैं जिन्हें आप गंवा देंगे"—इसका यही अर्थ है। फा की मानव जगत में इतनी ही अभिव्यक्ति हुई है—अभी आप केवल साधना कर रहे हैं—यह अभी तक उस अवस्था में नहीं पहुंचा है जहाँ यह मानव जगत में अपनी शक्ति को प्रकट कर। जब यह वास्तव में मानव जगत में

प्रकट होता है, तभी यह मानव जगत के फा को सुधारता है। उस समय, विभिन्न पतित लोगों को हटाने की बात आएगी। वे कहां जाएंगे यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वे स्वयं को कहां रखते हैं।

शिष्य: साधना अभ्यास के लिए एक समय सीमा होती है। यदि हमने समय सीमा तक साधना पूरी नहीं की ...

गुरु जी: इतना सोचने से क्या मिलता है? मैंने बार-बार इस बात पर जोर दिया है: उसके बारे में सोचना एक मोहभाव है। उसे जाने दो और उसके बारे में मत सोचो। आपको साधना करने के लिए दिया गया समय निश्चित रूप से पर्याप्त होगा, लेकिन यदि आप अपने समय का पर्याप्त उपयोग नहीं करते हैं, तो ऐसा नहीं चलेगा । यदि आप कहते हैं, "तो मुझे साधना करने के लिए अपना समय लेने दो। क्या मेरे पास पर्याप्त समय होगा?" नहीं, नहीं होगा , क्योंकि फा गंभीर है।

शिष्य: साधकों का रक्त बहुमूल्य होता है। इसे मच्छरों द्वारा चूसे जाने की अनुमति कैसे दी जा सकती है?

गुरू जी: क्या आप जानते हैं कि आपका रक्त कितना अशुद्ध है जब आपका वह कर्म आपकी साधना के दौरान निकाला जा रहा होता है? क्या आप जानते हैं कि मच्छर जो चूसते हैं वह अशुद्ध चीज है? निःसंदेह, हमारी साधना में, जब हमारा शरीर स्वस्थ, और स्वस्थ हो जाता है और साधारण लोगों की तुलना में बेहतर, और बेहतर हो जाता है, तब भी ऐसा हो सकता है। मान लीजिए कि मच्छर एक ऐसा जीव था जिसे आपने एक बार इस जीवन काल से पहले मार दिया था—क्या आपको इसे वापस नहीं चुकाना होगा? फिर भी जो चूसा जाता है वह निश्चित रूप से कुछ ऐसा नहीं है जो मूल्यवान होगा। हमेशा यह न देखें कि आपको कैसे नुकसान पहुँचा है। आप इस बारे में क्यों नहीं सोचते कि आपके द्वारा किये गए कर्म के ऋणों को कैसे चुकाया जाए? कुछ लोगों ने अपने पिछले जन्मों में कई, कई लोगों को मारा है, और उन्होंने बहुत सारे बुरे काम किए हैं। अब वे आज साधना करना चाहते हैं और मच्छरों को काटने तक नहीं देते? आप यहाँ से ऐसे निकलना चाहते हैं जैसे कि कुछ हुआ ही न हो? यह ऐसे कैसे चलेगा? यदि आपने वास्तव में

अच्छी तरह से साधना की है या आपके पास बहुत कम कर्म हैं, तो आप देखेंगे कि मच्छर आपके पास नहीं आ पाएंगे—वे आपके आस-पास के लोगों को काटेंगे, लेकिन आपको नहीं। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आपके शरीर में काले कर्म नहीं हैं, तो मच्छर इस प्रकार के विशुद्ध रूप से सकारात्मक (यांग) वातावरण में प्रवेश करने का साहस नहीं करते हैं। एक नकारात्मक (यिन) वातावरण होने के कारण मच्छर आने में सक्षम होते हैं, जो उनके अनुकूल होता है, और वे इसे पसंद करते हैं। जब आपका खून उनके मापदंड के अनुसार होता है, तभी वे इसे चूसना पसंद करते हैं। यदि आपका रक्त शुद्ध है, तो मच्छर वास्तव में इसे पसंद नहीं करेंगे। क्या यह ऐसे ही काम नहीं करता है? (तालियाँ)

शिष्य: क्योंकि अन्य आयामों में सभी पदार्थों का एक वास्तविक अस्तित्व है, तो मनोभाव के साथ परिवर्तन की समस्या क्यों होगी?

गुरू जी: यह सही है, लेकिन अपने आप को एक आखिरी छोर तक मत लें जाएं। मैंने कहा है कि लोगों के विचार भी पदार्थ हैं। आप जो सोचते हैं वह साकार हो सकता है और आपके शब्द, जो आप कहते हैं, उसका एक रूप होता है। यह सिर्फ इतना है कि आप इसे नहीं देख सकते हैं। सब कुछ भौतिक रूप में है। जिस तरह से मनुष्य पदार्थ को देखते हैं, वह इससे अलग है कि भगवान इसे कैसे देखते हैं। मनुष्यों द्वारा देखे गए पदार्थ के अस्तित्व के रूप वास्तविक नहीं हैं, और वे निश्चित नहीं हैं। यह ब्रह्मांड के मौजूदगी की वास्तविकता है। मानव विचार बहुत भ्रष्ट हो गए हैं—वे जो सोचते हैं वे सभी चीजें हैं जो बुरी, दुष्ट, निर्दयी, स्वार्थी, चाह से भरी हुई और भावनाएं (चिंग) इत्यादि हैं। इसलिए, वे जो सोचते हैं वह सब झूठे दिखावे हैं। आप सभी हमेशा बहुत संकीर्ण सोच रखते हैं। ऐसा क्यों कहा जाता है कि बुद्ध का विवेक अपार है? वह आपसे अलग सोचते है, उनकी क्षमता बहुत अधिक है, और वह चीजों के बारे में सिर्फ एक दृष्टिकोण से नहीं सोचते।

शिष्य: मैं एक पश्चिमी छात्र हूँ। मुझे लगता है कि ज़ुआन फालुन में "प्रेम" ने अपना स्थान खो दिया है।

गुरू जी: मैं आपको बता दूं, जिस प्रेम के बारे में यीशु, सेंट मैरी और याहवे ने बात की, वह मानव जाति द्वारा समझा जाने वाला "प्रेम" नहीं है—यह सिबे है। क्योंकि आज की मानव जाति के पास पश्चिमी भाषा में सिबे के लिए शब्द नहीं है, बाद की पीढ़ियों के लोगों ने देवों की कही हुई बातों के स्थान पर "प्रेम" शब्द का प्रयोग किया। देवों के दृष्टिकोण से, उस प्रकार का [साधारण] प्रेम गंदा है, जबकि सिबे वह है जो पवित्र है। प्रेम के कारण से मनुष्य कामवासना में डूबे रहते हैं। प्रेम के कारण, लोग अधर्मी, विकृत यौन व्यवहार में डूबे रहते हैं। प्रेम के कारण, मनुष्य बहुत से बुरे काम और ऐसे काम करते हैं जिन्हें देव बर्दाश्त नहीं कर सकते। प्रेम का एक पक्ष है जिसे मानव जाति अच्छा मानती है, जिसमें एक दूसरे की सहायता करना भी शामिल है। साथ ही, इसका एक बुरा, नकारात्मक पक्ष भी है। दूसरी ओर, सिबे पूरी तरह से अच्छा है। इसलिए, पश्चिमी देवों ने जिस प्रेम के बारे में अतीत में बात की थी, मैं आपको फिर से स्पष्ट रूप से बताऊंगा, उसे सिबे कहा जाता है, न कि वह प्रेम जिसके बारे में लोग इस मानव संसार में बात करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपकी संस्कृति में सिबे की कोई अवधारणा नहीं थी। आपके पूर्वजों ने देवों के शब्दों को संजोने के लिए "प्रेम" शब्द का उपयोग किया, बस।

शिष्य: पश्चिमी लोगों के लिए, "प्रेतग्रस्त" बहुत ही अजीब और समझने में कठिन है। हम पश्चिमी लोगों को "प्रेतग्रस्त" की स्पष्ट व्याख्या कैसे कर सकते हैं?

गुरू जी: पुनर्जन्म एक ऐसी चीज है जो पश्चिम में भी मौजूद है। यह कुछ ऐसा है जिससे मनुष्य बच नहीं सकता। यह सिर्फ इतना है कि यीशु ने केवल नर्क के बारे में बात की और पुनर्जन्म के बारे में नहीं। यीशु ने बताया कि लोगों के पाप थे, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि लोगों के पापी होने का कारण यह था कि उनके पास कर्म थे। यह मानव संस्कृतियों में अंतर के कारण है। जहां तक प्रेतग्रस्त का प्रश्न है, ऐसा नहीं है कि यह पश्चिमी संस्कृति में मौजूद नहीं है। क्या आपको याद है कि न्यू टेस्टामेंट में यीशु की उन आत्माओं को बाहर निकालने की कहानियाँ शामिल हैं जो लोगों को ग्रस्त किये थीं? उनका बाइबिल में उल्लेख हैं। उन आत्माओं ने कहा, "इसका आपसे कोई लेना-देना नहीं है यीशु, इससे आपका कोई मतलब नहीं है।" फिर भी यीशु ने उन्हें बाहर निकालने पर जोर दिया। इससे पता चलता है कि आप अपनी संस्कृति को पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं।

शिष्य: "प्रहार होने पर वापस प्रहार मत करो; अपशब्द कहे जाने पर वापस अपशब्द मत कहो।" क्या हम यह कह सकते हैं: "आप जो कर रहे हैं वह सही नहीं है"?

गुरू जी: साधकों के लिए, "प्रहार होने पर वापस प्रहार मत करो;अपशब्द कहे जाने पर वापस अपशब्द मत कहो" इसे संभालने का सबसे उपयुक्त तरीका दर्शाता है। कारण यह है कि जब कोई व्यक्ति आपको मारता है या आपको अपशब्द कहता है, तो यह हमेशा विवादों या संघर्षों का परिणाम होता है। यदि आप उससे कहते हैं, "तुम्हें मुझे मारना नहीं चाहिए," तो वह आपको और मार सकता है। यदि आप उसके साथ तर्क करते हैं तो आप स्वयं उसके साथ संघर्ष में पड़ जाएंगे। चीजें तभी खत्म होंगी जब आप उस पर ध्यान नहीं देंगे। इसलिए, "प्रहार होने पर वापस प्रहार मत करो; अपशब्द कहे जाने पर वापस अपशब्द मत कहो" सबसे उपयुक्त तरीका बताता है। (तालियाँ) हमारे पास कुछ लोग हैं जो ऐसा करने में सक्षम हैं। मैं कहूंगा कि वे वास्तव में अच्छी तरह से साधना कर रहे हैं, काफी अच्छी तरह से।

कुछ लोग जानते हैं: "जब तुम मुझ पर प्रहार करोगे, तो मैं पलट कर प्रहार नहीं करूंगा; जब तुम मुझ पर चिल्लाओगे, तो मैं पलट कर तुम पर नहीं चिल्लाउंगा।" फिर भी मन में वे अभी भी अशांत महसूस करते हैं और वे अभी भी कुछ कहना चाहते हैं: "आपको मुझे नहीं मारना चाहिए।" ऐसा इसलिए है क्योंकि आप अभी भी इसे मन से नहीं छोड़ पा रहे हैं, और आप अभी भी अपने कर्ज का भुगतान नहीं करना चाहते हैं, या यहां तक कि जब आपने इसका वापस भुगतान किया है तब भी आप इसे अपने मन से छोड़ने के इच्छुक नहीं हैं। तो आप अभी भी अपने आप को संतुष्ट करने के लिए कुछ कहना चाहते हैं। बेशक, मैं जो कहता हूं वह कुछ द्वंद्वात्मक लगता है। मैं पूछना चाहता हूं: मेरे कोकेशियान और अश्वेत शिष्यों, जब मैं इस तरह से बात करता हूं तो क्या आप समझ सकते हैं? (तालियाँ) अच्छा, धन्यवाद।

शिष्य: मेरा काम दर्शनशास्त्र और साहित्य पढ़ाना है। मुझे लगता है कि दर्शनशास्त्र और साहित्य मानव समाज के लिए मूल्यवान हैं।

गुरु जी: मैं आप सभी से कह रहा हूं, अपनी साधना में हमें जहाँ तक हो सके मानव समाज के अनुरूप होना चाहिए। आप जो भी काम करते हैं उसे करते रहना चाहिए, और यह अनुचित नहीं हैं, क्योंकि आपका काम आपकी साधना से अलग है, और यह केवल इतना है कि आपका नैतिक गुण आपके काम करने के तरीके में प्रदर्शित होगा। हर कोई कहेगा कि आप अच्छे हैं और दाफा की साधना करने वाले लोग इतने अच्छे होते हैं, क्योंकि आपने अच्छे से काम किया है। भविष्य में [दर्शनशास्त्र और साहित्य] की स्थिति कैसे होगी, क्योंकि, यहाँ तक कि संपूर्ण ब्रह्मांड भी फा से विचलित हो गया है, तो मानव समाज में दाफा के अलावा पवित्र भूमि और कहाँ मौजूद है? कोई और पवित्र जगह कहां है? मैं भविष्य की चीजों के बारे में बात नहीं करना चाहता। वैसे भी, मानव समाज में सब कुछ पतित हो गया है। संभवतः जो अच्छे नहीं बन सकते उन्हें भविष्य में नष्ट कर दिया जाएगा, और यह केवल मानवों तक ही सीमित नहीं है। अभी के लिए आप बस आगे बढ़ सकते हैं और अपना काम करना जारी रख सकते हैं, क्योंकि फा-सुधार अभी तक मानव जाति के स्तर पर नहीं आया है। अब बस इतना है कि फा आपको बचा रहा है।

शिष्य: मेरे परिवार में चीजें ठीक नहीं चल रही हैं, जिसके कारण मेरे माता-पिता दाफा का अनादर करने लगे। क्या मैं कोई बुरा कर्म बना रहा हूँ?

गुरु जी: इसे इस तरह से नहीं देखना चाहिए। हमें इसे दो प्रकार से देखना चाहिए। एक संभावना यह है कि इसका कारण आपका बुरा कर्म है। दूसरी संभावना यह है कि आपने अपनी साधना में अपने मोहभावों को समाप्त नहीं किया। दोनों कारण हो सकते हैं, लेकिन भिन्न-भिन्न लोगों की, दाफा की समझ की कमी से प्रकट होने वाली भिन्न-भिन्न स्थितियां भी होती हैं।

शिष्य: कुछ ईसाई छः परतों के जन्म-मरण के क्रम में विश्वास नहीं करते हैं।

गुरु जी: क्या यीशु ने यह नहीं कहा था कि यदि लोग बुरे काम करेंगे तो वे नर्क में जाएंगे? मैं आपको केवल निम्नलिखित चीजें बता सकता हूं। आप में से कुछ लोगों ने नया टेस्टामेंट और पुराना टेस्टामेंट पढ़ा होगा। नया टेस्टामेंट, विशेष रूप से, इस व्यक्ति या उस व्यक्ति द्वारा लिखा गया था, लिखे गए शब्दों के अनुच्छेद पर

अनुच्छेद—शब्द जो स्मृति से शामिल किए गए थे। अर्थात्, जिन लोगों ने यीशु की शिक्षाओं को सुना, उन्होंने जो कुछ याद रखा, उसके आधार पर लिखा। लेकिन क्या यीशु द्वारा अपने जीवन के दौरान बोले गए शब्द—सब इसके बारे में सोचें—क्या उस पुस्तक में निहित शब्द इतने कम हो सकते हैं? इतने कम? यीशु ने बहुत सी चीजों के बारे में बातें कीं। बहुत सी बातें लोगों द्वारा भुला दी गईं और परिणामस्वरूप शामिल नहीं की गईं। तो उन्हें लिखा क्यों नहीं किया गया? दूसरा कारण यह था कि मनुष्य केवल इतना ही जानने का पात्र था।

क्योंकि बुद्ध फा, तथागत स्तर पर भी, पूरी तरह से मनुष्यों को नहीं बताया जा सकता है, शाक्यमुनि ने मानव संसार में रहते हुए जो सिखाया वह अरहत स्तर का फा था, और मनुष्य केवल इतना ही जान सकता था। यीशु ने जो कहा, वह उनके वचनों का अनुसरण करने वालों को दिव्यलोक तक पहुंचने में सहायता करने के लिए पर्याप्त था—उतना ही पर्याप्त था। इसलिए देवों ने उन्हें उतने अधिक नहीं रहने दिए। पूर्व में, भले ही कई शास्त्र हैं, वे सभी स्मृति पर आधारित अधूरे और अपूर्ण लिखे गए हैं —यह निश्चित है। एक अलग दृष्टिकोण से, कुछ एशियाई लोगों का कोकेशियान के रूप में पुनर्जन्म हुआ। इसलिए, यदि आप पश्चिम में रहते हैं और आप ये चीजें नहीं मानते हैं, तो क्या आपने एशियाई के रूप में पुनर्जन्म लेते समय इनका अनुभव किया होगा? इसके अतिरिक्त, कई एशियाई और पश्चिमी लोग पारस्परिक रूप से पुनर्जन्म लेते हैं, अर्थात वे एक-दूसरे के रूप में आगे और पीछे पुनर्जन्म लेते हैं। कुछ लोग एशियाई संस्कृति के करीब महसूस करते हैं, कुछ पश्चिमी संस्कृति के। यह संभव है कि यह अलग-अलग समय में उनके पुनर्जन्म से रह गए लक्षणों के कारण होता है। फिर भी भले ही आप गोरे हों, या आप पीले या काले हों, आप किसी भी जाति के हो सकते हैं।

शिष्य: आंखों की रोशनी कम होने के कारण बुजुर्ग लोग टेप पर व्याख्यान सुनना पसंद करते हैं। क्या यह दाफा पढ़ने के समान प्रभावी है?

गुरु जी: यह समान है। यदि आप पूरे मन से फा का अध्ययन करते हैं, तो यह संभव है कि आपकी आँखों में परिवर्तन हो सकता है। सुनना पढ़ने जैसा ही है। इस बारे में बात न करें कि आप कितने साल के हैं या युवा हैं। वह भी आपका अपना मोहभाव और बाधा हो सकता है। दाफा में आयु से कोई फर्क नहीं पड़ता, बस आगे

बढ़ो और साधना करो। मुझे याद है कि कैसे, उन वर्षों में जब मैंने बीजिंग में फा पढ़ाया था, शिष्य मुझे "महान गुरु" कहना पसंद करते थे। बाद में, दर्शकों में एक वृद्ध व्यक्ति, जो शायद सत्तर या अस्सी के दशक में था, ने मुझे एक प्रश्न प्रस्तुत किया, यह कहते हुए: "आप अपने आप को 'महान गुरु' क्यों कहते हैं? मेरी आयु के हिसाब से भी मैं स्वयं को 'महान गुरु' नहीं कहता।" (हंसी) तो मैंने उससे कहा, "मैं स्वयं को 'महान गुरु' नहीं कहता। लोग मुझे सम्मान के कारण कहते हैं। उन्होनें 'महान गुरु' शब्द चुना। वास्तव में, आप मुझे कुछ भी बुला सकते हैं। आप मुझे मेरे नाम से बुला सकते हैं, या आप मुझे "गुरु जी" या "श्रीमान" कह सकते हैं, कुछ भी ठीक है। मुझे इन चीजों की परवाह नहीं है, और मुझे किसी औपचारिकता की परवाह नहीं है। वास्तव में, मानव की आयु साधकों पर लागू नहीं होती क्योंकि किसी की भी मुख्य चेतना (युआनशेन) की कोई भी उम्र हो सकती है, और वह आपका सच्चा स्व है। उस हिसाब से, मैं इस ब्रह्मांड में सबसे वृद्ध हूं। आप में से कोई भी मुझसे बड़ा नहीं है। (तालियाँ)

शिष्य: "लुनयु" जुआन फालुन की संपूर्ण विषय-वस्तु को समाहित करता है। कृपया हमें बताएं कि इसे "लुनयु" क्यों कहा जाता है।

गुरु जी: आप जानते हैं, ऐसा माना जाता है कि कन्फ्यूशियस में भी "लुनयु" है, लेकिन इसकी अवधारणाएं और विषय-वस्तु पूरी तरह से अलग हैं। मैं मानव भाषा (यू) का उपयोग करते हुए इस बुद्ध फा की चर्चा (लून) कर रहा हूं, इसलिए मैं इसे लुनयु कहता हूं। (तालियाँ) यही विचार है। फा द्वारा मानव भाषा का उपयोग किया जाना है, इसलिए मैं जैसे भी इसका उपयोग करता हूं, यह ठीक है। जब तक चीजों को स्पष्ट रूप से समझाया जा सकता है, जब तक मैं आपको बचा सकता हूं, और जब तक फा को स्पष्ट रूप से सिखाया जा सकता है, मैं ऐसे ही इसका उपयोग करूंगा। इसलिए आधुनिक, मानकीकृत भाषा और शब्दावली मुझे प्रतिबंधित नहीं करती है।

शिष्य: कैंसर अस्पताल में कार्यरत दाफा का एक शिष्य वहां फा को फैलाने की योजना बना रहा है। क्या यह उचित है?

गुरु जी: यह इस बात पर निर्भर करता है कि आशय क्या है। मान लीजिए कि आप लोगों के रोगों को ठीक करने के लिए दाफा का उपयोग करना चाहते हैं। दाफा किसी भी असामान्य स्थिति को ठीक कर सकता है। लोगों को रोग होना असामान्य है, फिर भी दाफा लोगों की असामान्य स्थितियों को सुधारने के लिए नहीं है। लोगों को फा की शिक्षा देने का उद्देश्य उन्हें बचाना है। यह दिव्यलोक का वह महान सिद्धांत है जिसने ब्रह्मांड में विभिन्न जीवों के लिए रहने के भिन्न-भिन्न वातावरण बनाये हैं। (तालियाँ) यदि आप इसका उपयोग मनुष्यों के रोगों को ठीक करने के लिए करना चाहते हैं, यदि ऐसा आपका आशय है, तो यह ठीक नहीं है? "ओह, दाफा कैंसर का इलाज कर सकता है। लोगों के कैंसर के इलाज के लिए अस्पतालों में चलते हैं।" यह लोगों को बचाना नहीं है, बल्कि रोग के इलाज के लिए दाफा का उपयोग करना है—यह सही नहीं है।

ऐसा नहीं है कि हम दयालु नहीं हैं। मैंने आपको कहा है कि चाहे वह यीशु हो, सेंट मैरी, याहवे (जिनकी क्षमता इन दोनों से भी अधिक है), या पूर्वी धर्मों में बुद्ध, जिनके हाथ घुमाने पर इस छोटी सी धरती पर एक भी रोगग्रस्त व्यक्ति नहीं होगा। वे दयाभाव क्यों नहीं दिखाते है और लोगों के लिए ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं? क्योंकि लोग स्वयं बुरे काम कर रहे हैं। यदि मैंने आज आपके लिए ऐसा किया होता, तो आप कल भी बुरे काम कर रहे होते। निःसंदेह, यह लोगों को दंडित करने के लिए नहीं है—यह सभी जीवों का मूल्यांकन करने वाले ब्रह्मांड का सिद्धांत है। क्योंकि मनुष्यों ने बुरे काम किए हैं, इसलिए उन्हें स्वयं ही इसका मूल्य चुकाना पड़ता है। मान लीजिए कि आपने किसी को मार डाला, और एक बुद्ध ने आपके लिए कर्म को समाप्त कर दिया। फिर, क्या इसका अर्थ यह होगा कि आपको अपनी इच्छानुसार लोगों को मारने की अनुमति है? जैसे ही आपने लोगों को मारा और कर्म उत्पन्न कर दिया, बुद्ध के लिए आपके रोगों को खत्म करना कैसे स्वीकार्य हो सकता है? जब लोग बुरे काम करते हैं तो उन्हें उसका मूल्य है और उत्तरदायित्व वहन करना पड़ता है। लेकिन जब लोगों ने बुरे काम किए हैं, तो मानव शरीर में इसकी सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति, रोग है, जिसका उपयोग लोगों को दंडित करने के लिए किया जाता है। यह कहने वाला मैं अकेला नहीं हूँ—यीशु ने यह भी कहा कि लोगों में पाप होते हैं। लोग पाप क्यों करते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों के शरीर में बुरे कर्म होते हैं। पश्चिमी संस्कृति में "कर्म" शब्द नहीं है—पश्चिमी संस्कृति में ऐसा कोई शब्द नहीं है। इसलिए यीशु ने इस सामान्य

बिंदु को स्पष्ट करने के लिए "पाप" शब्द का प्रयोग किया। वास्तव में, क्या बुरे कर्म करना पाप करने के समान नहीं है? पाप के बिना बुरे कर्म कैसे हो सकते हैं? यह एक ही सोच है।

शिष्य: फल पदवी के बाद, जब हम अपने स्तर पर पहुंचेंगे, तो क्या हमारे शरीर पर हमारे आदरणीय गुरु जी के निशान होंगे?

गुरु जी: आपके फल पदवी पर पहुंचने के बाद आपके शरीर पर निशान होने की कोई बात नहीं है। चिन्ह भूलभुलैया में फंसे लोगों के लिए हैं; यहां नीचे गिरने के बाद ही आपको चिन्हित किया जाता है। फल पदवी के बाद आप एक स्वतंत्र इकाई, एक भव्य भगवान होंगे जो स्वयं निर्णय ले सकते हैं। जो मैं आपको दे रहा हूं वह आपको प्रतिबंधित करने के लिए नहीं हैं, बल्कि एक भव्य भगवान [बनने का अवसर] है। (तालियाँ)

शिष्य: जो लोग फालुन दाफा का अभ्यास नहीं करते हैं, वे "पुडु" और "जिशी" संगीत सुनना पसंद करते हैं। गुरु जी, कृपया हमें बताएं, क्या हम उन्हें इसे सुनने दे सकते हैं?

गुरु जी: हाँ, यह संगीत है। निःसंदेह, जब वे हमारा दाफा संगीत सुनते हैं, तो यह निश्चित रूप से उनके लिए अच्छा होता है।

शिष्य: आज के समाज में स्त्री और पुरुष के बीच समानता की अवधारणा प्रचलित है। महिला शिष्यों के रूप में, साधना में लगन से प्रगति करते हुए हम सौम्य और मृदु कैसे हो सकते हैं?

गुरु जी: आजकल लोग कह रहे हैं कि महिलाएं अधिक से अधिक उदार होती जा रही हैं और उनका व्यक्तित्व मजबूत होता जा रहा है। वास्तव में, आप स्वयं के करुणामयी (शान) पक्ष से प्रेरित नहीं हो रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि बल किसी व्यक्ति की बाहरी अभिव्यक्ति में आवश्यक रूप से परिलक्षित होता है। यदि आप अपने दैनिक जीवन में एक सौम्य, सच्ची महिला की तरह हैं, तो आपकी योग्यता

आपको वह सब कुछ देगी जिसके आप हकदार हैं। आवश्यक नहीं कि आपको उन चीजों को प्राप्त करने के लिए स्वयं को कठोर और मर्दाना तरीके से व्यक्त करना पड़े। क्या आप समझ रहे हैं कि मैं क्या कहना चाह रहा हूँ? (तालियाँ) दूसरे शब्दों में, यदि आप एक महिला हैं, तो आपको एक महिला की तरह व्यवहार करना चाहिए, और दयालु और सौम्य होना चाहिए। तभी आप पुरुषों से सम्मान और प्यार प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप दयालु और कोमल नहीं हैं, तो पुरुष आपको देखकर डरेंगे, (हंसी) और आपको वह प्यार या पारिवारिक स्नेह भी नहीं मिल पाएगा, जो आपके पास होना चाहिए।

इसके विपरीत, आइए केवल महिलाओं के बारे में बात न करें—हम पुरुषों को भी, पुरुषों की तरह व्यवहार करना चाहिए। लेकिन आजकल पृथ्वी पर पूरा समाज बुरा हो गया है, इसलिए मैं केवल अपने शिष्यों से ही इस तरह से व्यवहार करने के लिए कह सकता हूं—समाज द्वारा यह कर पाना संभव नहीं है। मुझे याद है कि पश्चिम में पचास के दशक से पहले, पुरुष बहुत सज्जन थे, और वे महिलाओं का सम्मान करते थे। और क्योंकि महिलाओं ने महिलाओं की तरह व्यवहार किया, पुरुषों को उनकी सहायता करना, उनका सम्मान करना और उनकी देखभाल करना पसंद था। वहीं, नारी के रूप में महिलाएं अपने पति का पालन-पोषण करती थीं। वह मानवीय व्यवहार था। लेकिन आज हमने यह सब भ्रष्ट कर दिया है।

एशियाई समाज में, महिलाएं अत्यधिक शक्तिशाली हो गई हैं, जिससे पुरुष महिलाओं की तरह हो गए हैं। मैं आपको बता सकता हूं कि आप मन में यह चाहती हैं कि आपके पुरुष शक्तिशाली हों, फिर भी अपने मस्तिष्क में आप उन पर हावी होना चाहती हैं। क्या यह विरोधाभासी नहीं है? यदि समाज इसी तरह का हो जाता है, तो क्या पुरुष अब भी आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ चल पाएंगे? क्या उनके पास पुरुषत्व होगा? दो लोग एक घर के मुखिया नहीं हो सकते, जैसे एक ही महल के दो राजा नहीं हो सकते। तो जब दो बाघ लड़ते हैं, तो एक को चोट लगती है, (हँसी) और परिवार का बेमेल होना तय है। यदि दो राजा एक ही छत के नीचे रहते हैं तो यह कैसे काम करेगा? घर का एक मुखिया होना चाहिए। इसलिए परिवारों में तलाक और कलह है। आप हमेशा कुछ न कुछ कहते हैं: पुरुष कहते हैं कि महिलाएं महिलाओं की तरह बिल्कुल नहीं हैं, और महिलाएं कहती हैं कि पुरुष पुरुषों की तरह बिल्कुल नहीं हैं।

पश्चिमी समाज में यह और भी अधिक स्पष्ट है, जहां जब वे एक-दूसरे से शादी करते हैं, तो उससे पहले ही वे अपनी संपत्ति का बंटवारा कर चुके होते है: "जब हम भविष्य में तलाक लेते हैं, तो यह मेरा होगा और यह आपका।" यह और भी मुखर है। जब वे विवाहित होते हैं तो एक महिला को अपने पुरुष पर भरोसा करना चाहिए, यह पूरी तरह से लुप्त है। और पुरुष यह नहीं सोच रहे हैं कि एक बार जब महिलाएं उनसे शादी कर लेती हैं, तो उन्होंने उन्हें अपना पूरा जीवन सौंप दिया होता है और इसलिए उन्हें उनके प्रति उत्तरदायी होने की आवश्यकता है—वे अब ऐसा बिल्कुल नहीं सोचते हैं। स्वार्थ और व्यक्तिगत स्वतंत्रता हर चीज से ऊपर हो गई है। फिर परिवार सुखी कहां से होगा? लोग आपस में झगड़ते हैं और एक-दूसरे पर काबू पाने की कोशिश करते हैं—कोई भी मानने को तैयार नहीं है। मैं आपसे कहता हूँ कि मनुष्यों को ऐसा नहीं होना चाहिए! (तालियाँ) जब पति-पत्नी भी एक-दूसरे पर भरोसा करने की साहस नहीं करते हैं, और कोई जगह नहीं है जो आपको सुरक्षा, सुख और स्नेह की भावना दे सके, तो क्या आप एक संकटपूर्ण जीवन नहीं जी रहे हैं? अपने मन में आप स्वयं ही सोचते हैं: "ऐसा नहीं होना चाहिए। हमारे पास एक अपनापन भरा और स्नेही स्थान होना चाहिए।" लेकिन आपका बाहरी व्यवहार यह सब नष्ट कर रहा है, और आपके स्वार्थी गुण ऐसी जगह को असंभव बना रहे हैं। जब सभी इस तरह से व्यवहार करते हैं तो मनुष्यों के बीच के अद्भुत रिश्ते खत्म हो जाते हैं। निःसंदेह, मैं ये बातें केवल अपने शिष्यों से, आपसे कह सकता हूँ, और आपसे कह सकता हूँ कि ये सही नहीं हैं। मानव जाति के लिए अब कोई समाधान नहीं है और सब कुछ बदलना असंभव होगा। आज समाज में चर्चा और मीडिया की प्रवृत्ति सभी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बारे में हैं और व्यक्तित्व में लिप्त हैं। मैं आपसे कहता हूं, यह लिप्त व्यक्तित्व आपको स्वतंत्र प्रतीत हो सकता है, लेकिन वास्तव में, आप अब कभी भी अपनापन और स्नेह का आनंद नहीं ले पाएंगे! और आपके पास कभी कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा जिस पर आप विश्वास कर सकें! (तालियाँ)

शिष्य: क्या ऐसे दाफा शिष्य होंगे जो बुद्धों के संसार में साधारण जीव बनने के लिए साधना करते हैं? *(हँसी)*

गुरु जी: हंसो मत। यह एक वैचारिक प्रश्न है। साधकों के पास सिद्धि पद है, तो निश्चित ही वे साधारण लोग नहीं होंगे। उन सभी के पास फल पदवी पर पहुंचने पर सिद्धि पद होगा ।

शिष्य: दाफा मेरे सतही रूप को, साथ ही भिन्न-भिन्न आयामों में विभिन्न स्तरों पर भी मुझे बदल सकता है। क्या यह समझ सही है?

गुरु जी: यह समझ अनुचित नहीं है। मैंने यह पहले भी कहा है: मानव शरीर के बिना, साधना अभ्यास करना असंभव है, और स्वयं को सुधारना असंभव है। फिर अन्य आयामों में आपके शरीर को कैसे संभवतः परिवर्तित किया जा सकता है? आप इस मानव शरीर के बिना साधना नहीं कर सकते, इसलिए आपको स्वयं को बदलने के लिए यहां, इस मानव स्थान पर साधना करनी होगी। कभी-कभी, जब आप दाफा की पुस्तक का अध्ययन कर रहे होते हैं, तो आप एकाग्रचित नहीं होते हैं, और आपके होंठ एक गद्यांश को पढ़ना समाप्त कर देते हैं, फिर भी आपका मन वहां नहीं होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपकी सह चेतना (फू यिशी) या अन्य कारक काम कर रहे थे। आपका ध्यान कभी-कभी रहता है, केवल कुछ ही समय बाद गायब हो जाता है। यदि आपको यह समस्या अक्सर होती है, तो यह ठीक वैसा ही है जैसे आप इन सभी चीजों को छोड़कर और इस फा को किसी अन्य को दे देते हैं। आप ऐसा नहीं कर सकते, और मैं आपको इस तरह से साधना करने की अनुमति नहीं देता।

शिष्य: प्रेम और मोहभाव में अंतर को हम कैसे समझें?

गुरू जी: वे दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं। प्रेम मोहभावों को जन्म दे सकता है, यह साधना के दौरान मोहभाव पैदा कर सकता है, लेकिन साधारण लोगों के बीच और समाज में, यह अभी भी एक आवश्यक चीज है। प्रेम के बिना, मनुष्य के बुरे काम करने की संभावना और भी अधिक होगी, और उनका असुर-स्वभाव और भी मजबूत होगा। इसलिए मनुष्य प्रेम या भावना के बिना नहीं रह सकता। ऐसा इसलिए है क्योंकि भावना एक मानवीय चीज है—यह मानव को प्रदान किए गए जीने के वातावरण का एक आवश्यक तत्व है, लेकिन यह भगवानों के लिए नहीं है।

साधक के रूप में, आपको इससे ऊपर उठना होगा, और प्रेम और भावना से उत्पन्न मोहभावों को दूर करना होगा। इन चीजों के बीच यही संबंध है। यदि आप बिना लगाव के प्रेम करना चाहते हैं, तो यह असंभव है। लेकिन अपनी साधना की प्रक्रिया में, आप संभवतः हर चीज को हल्के में नहीं ले सकते, हर चीज को छोड़ नहीं सकते, और इतनी जल्दी मोहभाव नहीं छोड़ सकते। तो आपके वर्तमान चरण में, आप जिस भी अवस्था में हैं, आप बस उसी अवस्था में रह सकते हैं।

अपने आप को मजबूर मत करो: "मैं मन से प्रेम करता हूँ, मैं अपने परिवार के सदस्यों से प्रेम करता हूँ, लेकिन मैं स्वयं को उनसे प्रेम करने से बलपूर्वक रोकूंगा।" यह अनुचित होगा, क्योंकि आपका स्तर ऊँचा नहीं हुआ है और आप इसे केवल बलपूर्वक करने का प्रयत्न कर रहे हैं। यदि आप ऐसा करते हैं, तो यह वास्तव में लोगों को दाफा के प्रति गलतफहमी का कारण बनेगा, और दाफा की छवि को हानि पहुंचाएगा। जैसे-जैसे आपकी साधना में प्रेम कम होता जाएगा, वैसे-वैसे उसकी जगह उस करुणा (सिबेई) ने ले ली होगी जो उभरती है। आप जानते हैं, मैं यहां बैठा हूं और—आपके शब्दों का उपयोग कर रहा हूं —हर एक से प्रेम और देखभाल कर रहा हूँ। वास्तव में, यह एक प्रकार की करुणा (तालियां) है, लेकिन यह आपकी व्यक्तिगत भावनाओं से बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि आपके आपस के प्रेम में और मेरे प्रेम में, अंतर कर सकते हैं। (तालियाँ)

शिष्य: समूह अभ्यास के दौरान जब कोई देर से आने पर और जल्दी जाने पर बहुत शोर करता है, जिससे दूसरों के लिए ध्यान में प्रवेश करना कठिन हो जाता है, तो क्या हमें उसको बताना चाहिए?

गुरु जी: यह प्रश्न मुझे मेरे एक और विचार की याद दिलाता है। मैं आपको बता दूं, सांस्कृतिक क्रांति से पहले, चीनी लोग दुनिया भर में सभ्य लोगों के रूप में जाने जाते थे, और वे सभ्य होने के बारे में, स्वच्छता के बारे में और अपने आचरण पर बहुत ध्यान देते थे। चीन के पड़ोसी देशों की संस्कृतियां चीनी लोगों द्वारा लाई गई थीं—उन्होंने चीन से सीखा। (तालियाँ) लेकिन क्या आप जानते हैं कि सांस्कृतिक क्रांति के बाद, उन्हें "चार वर्षीय बच्चों" की तरह छोड़ दिया गया था? इसके बजाय, पूरे शरीर पर गंदगी होना और हाथों पर मोटे छाले होना गर्व की बात थी, और जूँ को "क्रांतिकारी कीड़े" भी कहा जाता था। लोग गंदगी को कुछ अच्छा समझते थे।

उस तरह की अवधारणा जारी रही, और अभी, भले ही लोगों की रहने की स्थिति में सुधार हुआ है और वे चीजों के प्रति अधिक चौकस हैं, सांस्कृतिक क्रांति से छोड़ी गई इन अवधारणाओं का अभी तक बिखरना बाकी है। भले ही आप पश्चिमी समाजों में आ गए हों, पश्चिमी समाजों के लोगों को लगता है कि इस हाल में आपको बर्दाश्त करना वास्तव में बहुत कठिन है।

आप शिष्टाचार की बारीकी पर ध्यान नहीं देते हैं, स्वयं को संवारते नहीं हैं, बेढंगे दिखते हैं, परिस्थितियों या स्थान को ध्यान में रखे बिना जोर से बात करते हैं, और स्वच्छता पर ध्यान नहीं देते हैं। निःसंदेह, मैंने कहा है कि जब आप साधना करते हैं तो आपको अधिकतम सीमा तक साधारण लोगों के अनुरूप होना चाहिए। साधक शिष्यों के रूप में, आपको वह प्राप्त करना होगा। यह कोई मुद्दा ही नहीं होना चाहिए, और यह ऐसा कुछ नहीं है जिस पर मैं चर्चा करना चाहता हूं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके व्यवहार के कारण, जब आप फा का प्रसार करते हैं तो कुछ पश्चिमी छात्र इसमें शामिल होने के लिए अनिच्छुक होते हैं? अब आपको इस पर ध्यान देना होगा! यह केवल एक व्यवहारिक मुद्दा नहीं है। आपको वास्तव में इस संबंध में चीजों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मैं आपको फैशन के हिसाब से कपड़े पहनने के लिए नहीं कह रहा हूं। आपको सतही स्तर की मानव सभ्यता से अवगत होने की आवश्यकता है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि दाफा का अर्थ वास्तव में निम्नतम स्तर को भी सम्मिलित करता है। मुझे लगता है कि यदि आप हमेशा दूसरों के बारे में सोच सकते हैं तो आप सब कुछ अच्छा कर पाएंगे। (तालियाँ)

शिष्य: एक छात्र ने कहा कि उसने कुछ चीजों के लिए शिक्षक की स्वीकृति मांगी और प्राप्त की। लेकिन दूसरों को लगता है कि उसका आचरण, शब्द और व्यवहार एक साधक की तरह नहीं है।

गुरु जी: जब दो लोग बहस करते हैं और एक समझौते पर नहीं पहुंच सकते हैं, तो उनमें से कई संदर्भ देते हैं और कहते हैं, "गुरु जी ने यह कहा" अपने स्वयं के मोहभावों का बचाव करने के लिए और उन मोहभावों को छुपाने के लिए जिनसे उन्हें छुटकारा पाना चाहिए। यह बहुत ही बुरा है। लेकिन इसके विपरीत, आप यह नहीं कह सकते कि वह एक शिष्य नहीं है या उसने अच्छी तरह से साधना नहीं की

है क्योंकि आप देखते हैं कि उसके कुछ शब्द और उसका व्यवहार दाफा के अनुरूप नहीं है। वास्तव में, उसने अपने बहुत से मोहभाव पहले ही हटा दिए हैं, और वह साधारण लोगों की तुलना में बहुत बेहतर है। केवल वे मोहभाव ही प्रकट हो सकते हैं जिन्हें उसने हटाया नहीं है। इसलिए जब आप उन्हें देखते हैं, तो एक साधक के रूप में आपके लिए इसे स्वीकार करना कठिन होता है। इसका अर्थ यह है कि हमें किसी व्यक्ति को उसके कार्य करने के तरीके से नहीं आंकना चाहिए। मैंने अभी दोनों प्रकार से इस पर चर्चा की है।

शिष्य: कुछ अनुभवी छात्रों के चेहरे काले होते हैं और उन्हें कई लीवर स्पॉट होते हैं, और कुछ बहुत पतले होते हैं। क्या ये घटनाएं सामान्य हैं?

गुरु जी: साधना जटिल है। यदि आप इन बातों पर बहुत अधिक ध्यान देते हैं, तो आपको उद्देश्यपूर्ण ढंग से यह देखने के लिए विवश किया जाएगा कि क्या आप अभी भी साधना करेंगे या नहीं। दूसरी ओर, जब वे व्यक्ति ऐसी स्थितियाँ विकसित करते हैं, तो हमें सच में यह देखने की आवश्यकता है कि क्या वे वास्तव में लगन से साधना कर रहे हैं। वे पुस्तक पढ़ रहे होंगे और अभ्यास कर रहे होंगे, लेकिन मूलरूप से, वे वास्तव में अमल कर रहे हैं? कुछ लोग पुस्तकें पढ़ रहे हैं, लेकिन एक साल से अधिक समय हो गया है और उन्होंने अभी भी ज़ुआन फालुन को पूरा नहीं पढ़ा है, भले ही वे हमेशा पढ़ रहे हों, वे अभ्यास को लगन से करते हैं, और वे दूसरों को भी इसका अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साधना अभ्यास गंभीर है। इस दुनिया में साधना से अधिक गंभीर कुछ भी नहीं है। हमें वास्तव में आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए।

शिष्य: यदि कोई प्रात:कालीन सामूहिक अभ्यास में भाग नहीं लेता है, और प्रचंड हवाओं, तपती धूप, सर्दी की कड़ाके की ठंड या गर्मी की तीव्र गर्मी में उसकी परीक्षा नहीं हुई है, तो क्या यह उसकी फल पदवी को प्रभावित करेगा?

गुरु जी: वे वास्तव में कारक नहीं हैं। क्या मैंने यह नहीं कहा कि कठिनाइयों से गुजरने का उद्देश्य आपके मोहभावों को दूर करना और सुधारना है? इसका कोई अर्थ नहीं होता है जब लोग केवल कठिनाई सहते रहे—चाहे वे कितनी भी कठिनाई

से गुजरें। सार यह है कि अभ्यास का वातावरण लोगों को संयमित और परिष्कृत कर सकता है। एक व्यक्ति की सबसे बाहरी सतह पर, वह हर समय सामान्य मानव समाज में गैर-साधना करने वालों के साथ व्यवहार करता है। दाफा में रहते हुए आप किससे प्रभावित होंगे—उनके द्वारा या दाफा के शिष्यों द्वारा? मैं इसके बारे में बात कर रहा हूँ।

शिष्य: ब्रह्मांड की रचना किसने की, फा या भगवान मैंने ब्रह्मांड को बनाने वाले भगवानों के बारे में सुना है, लेकिन शायद ही कभी सुना हो कि बुद्ध या ताओ ने ब्रह्मांड का निर्माण किया हो।

गुरु जी: तो फिर उन भगवानों को किसने बनाया है जिनके बारे में आपने सुना है? आपको फा का अधिक अध्ययन करना चाहिए। लेकिन आपके शब्द कुछ याद दिलाते हैं। संभवतः बहुत से लोगों ने सुना है कि पश्चिमी धर्म दावा करते हैं कि उनके भगवान ने विश्व बनाया है, और पूर्व में बौद्ध धर्म सिखाता है कि यह बुद्ध का कर्म था जिसने ब्रह्मांड का निर्माण किया। कर्म की उनकी अवधारणा है कि कुछ भी करना कर्म है, या कर्म का परिणाम है। पूर्वी मिथकों और प्राचीन किंवदंतियों में, हम सुनते हैं कि पंगु ने दिव्यलोक और पृथ्वी का निर्माण किया। आइए पंगु द्वारा दिव्यलोक और पृथ्वी बनाने की कहानी के बारे में बात करते हैं। आपने कहानी में सुना होगा कि पंगु ने अंत में, पलभर में अपने शरीर को दिव्यलोक, पृथ्वी, पहाड़ों, नदियों और आकाश में सितारों में बदल दिया। भले ही इसे कैसे भी बताया गया हो, मैं आप सब से कहता हूं कि विभिन्न स्तरों पर, चाहे आप किसी भी स्तर के भगवान हों, आपके लिए अपने से ऊपर की चीजों के बारे में जानना असंभव है। इतिहास के लंबे समय के दौरान [जीव] बहुत पहले फा से विचलित हो गए थे, और कई जीव अब फा के बारे में भी नहीं जानते हैं; वे इसे भूल गए हैं। वे इसे क्यों भूल गए हैं? सभ्यता के वर्तमान चक्र के सभी जीवों में से, चाहे उनके स्तर कितने भी ऊँचे हों या थे, अधिकांश नौवें चक्र के दौरान बनाए गए थे। नौवें चक्र से पहले फा कैसा था, लोग नहीं जानते। और जब नौवें चक्र की बात आती है, तो वे फा क्या है, इसके बारे में और भी कम लोग जानते हैं, और केवल यह जानते हैं कि विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग आदर्श होते हैं। दूसरे शब्दों में,

आदिम जीव अब लगभग न के बराबर हैं, और इसलिए [जीवों] नहीं जानते कि ब्रह्मांड कैसे बना।

जब ब्रह्मांड के विभिन्न स्तरों पर विनाश होता है, तो यह वास्तव में अलग-अलग ब्रह्मांडीय पिंडों का विघटन होता है। आपके शब्दों में, वे विस्फोट कर रहे हैं। विस्फोट के बाद, एक उच्च-स्तरीय भगवान नीचे आकरऔर सबसे निचले स्तर के भगवानों को उन्हें ब्रह्मांड का निर्माण करते हुए नहीं दिखाई देना चाहेंगे। उच्च-स्तरीय भगवान निम्न-स्तर के भगवान का निर्माण करेंगे और उनसे अगले स्तर के ब्रह्मांड का निर्माण करवाएंगे, फिर उस स्तर पर नए भगवानों का जन्म होगा। मैंने कहा है कि जीवों को सभी विभिन्न स्तरों पर बनाया जा सकता है। एक विशेष स्तर पर जन्म लेने वाले भगवान में उस परत के ब्रह्मांड को बनाने की क्षमता होनी चाहिए। ब्रह्मांड के उच्च स्तरों में भगवान हैं या नहीं, इस बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

जो मैंने अभी समझाया है वह वास्तव में एक सिद्धांत है: अर्थात्, बुद्ध, ताओ, और विभिन्न स्तरों के सभी भगवानों में ब्रह्मांड में अपने स्वयं के स्तर पर या उससे नीचे सब कुछ बनाने की क्षमता है। लेकिन क्योंकि यह उसकी सीमा के भीतर है, इसलिए वह सोचता है कि उसने स्वयं ब्रह्मांड का निर्माण किया है। यह अपेक्षाकृत आदिम काल के मामलों में होता है। मान लीजिए कि एक भगवान एक विशाल ब्रह्मांड का निर्माण करता है, और फिर बाद में एक भगवान का जन्म एक निश्चित स्तर पर और उस ब्रह्मांड की एक निश्चित अवधि के दौरान होता है। यदि बहुत लंबे समय के बाद, ब्रह्मांड में समस्याएँ उत्पन्न होती हैं, जहाँ इस भगवान का जन्म हुआ है, तो यह उसके ऊपर के भगवानों द्वारा भंग कर दिया जाता है, और विस्फोट होंगे। इसके बाद, जब वे बाद में सब कुछ पुनर्निर्माण करते हैं तो उन्हें लगता है कि उन्होनें ब्रह्मांड को फिर से बनाया है। वह नहीं जानते कि इस ब्रह्मांड के ऊपर बड़े ब्रह्मांड हैं। तो ठीक उसी तरह, ऐसी चीजें उससे छोटी परतों पर भी हो सकती हैं। उसकी तुलना में बहुत छोटी परतों पर, विभिन्न स्तरों पर ब्रह्मांडों का निर्माण भी होता है। क्या आप समझ रहे हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूँ? (तालियाँ) मैंने इसे ज़ुआन फालुन के पाँचवें व्याख्यान में समझाया: विभिन्न भगवानों ने विभिन्न विशेषताओं वाले ब्रह्मांडों का निर्माण किया। आप में से कई लोगों के मन में [उसके बारे में] प्रश्न थे, है ना? ठीक इसी

स्थिति की मैंने अभी चर्चा की है। ब्रह्मांड बहुत विशाल है। विभिन्न स्तरों पर हो रहे परिवर्तन अत्यंत विशाल ब्रह्मांडीय पिंडों में केवल छोटे कण हैं, और यह भगवानों के लिए भी अकल्पनीय है।

शिष्य: क्या प्राचीन ग्रीक और चीनी मिथकों में वर्णित भगवानों की कल्पना की गई है या वे वास्तव में मौजूद थे?

गुरु जी: मैं आपको बता सकता हूं, वर्तमान विज्ञान से प्रेरित होकर, आज के समाज में लोग "वास्तविकता" में और अधिक गहराई में जा रहे हैं। फिर भी यह वास्तविकता झूठी है, और ब्रह्मांड का वास्तविक और शानदार सत्य इस झूठी वास्तविकता से तेजी से ढंका गया है। यह स्वयं मनुष्यों के कारण होता है। वे स्वयं ही इन सतही बातों पर अधिकाधिक विश्वास करने लगे हैं। कई प्राचीन मिथक सत्य हैं, फिर भी लोग उन्हें दूसरों द्वारा बनाई गई कहानियों के रूप में देखते हैं। आज मैं ब्रह्मांड के महान सिद्धांत की शिक्षा दे रहा हूं। इसके कारण जो कुछ भी होता है और भविष्य में जो कुछ भी होगा वह सभी जीवों को झकझोर कर रख देगा। भविष्य में, और भी शानदार घटनाएं सामने आएंगी, क्योंकि फा यहां मानव जगत में पहुंचेगा। वह सब कुछ होगा जिस पर लोग विश्वास नहीं करते हैं, और यह इतना चौंकाने वाला होगा कि लोग अवाक रह जाएंगे। लेकिन चाहे वह घटना कितनी भी ठोस प्रतिक्रिया उत्पन्न करे, या कितनी भी देर तक चल, हजारों या दसियों हज़ार वर्षों के बाद, लोग इसे एक मिथक के रूप में मानेंगे, और अधिक वर्षों के बाद, लोग इसे मनगढ़ंत बाते मानेंगे। मनुष्य इतने सीमित होते हैं। क्या ऐसे लोग नहीं हैं जो यीशु के अस्तित्व को नकारते हैं? वे कहते हैं कि लोगों ने ये बातें बनई है। क्या ऐसे लोग भी नहीं हैं जो कहते हैं कि पूर्व में शाक्यमुनि का अस्तित्व होना मनगढंत था?

शिष्य: मेरे माता-पिता ने कई वर्षों तक बौद्ध धर्म में साधना की है। वे उनमें से हैं, जैसा कि गुरु जी के दो हालिया कथन में वर्णित है, भ्रम में खो गए हैं। मैं उन्हें पवित्र साधना मार्ग का अभ्यास करने की ओर कैसे कर सकता हूँ?

गुरु जी: मैंने जो लेख लिखे हैं, उन्हें दिखाओ—आप बस इतना ही कर सकते हो। कोई किसी की ओर से कुछ नहीं कर सकता। हम लोगों को केवल अच्छा करने की सलाह दे सकते हैं, और दूसरों को किसी भी चीज़ के लिए विवश नहीं कर सकते। हम उन्हें विवश नहीं कर सकते। लोग जो हासिल करना चाहते हैं वह उनकी अपनी इच्छा है। इसका कोई मोल नहीं होगा यदि उन्हें कुछ करने के लिए विवश किया जाये; यह केवल तभी मायने रखता है जब वे इसे स्वयं करते हैं और यदि वे स्वयं साधना करते हैं।

शिष्य: यदि किसी का रहन-सहन पहले बहुत अच्छा हुआ करता था, लेकिन अब वह जानबूझ कर मितव्ययी जीवन जीता है, तो क्या उसे मोहभाव माना जाता है?

गुरु जी: संभवतः यह इसलिए है क्योंकि चीनी लोग बहुत कठिन समय से गुज़रे हैं इसलिए वे गरीब होने से इतना डरते हैं, और इससे लोग अत्यधिक मितव्ययी हो सकते हैं। जब कोई हद से ज्यादा करता है, तो यह अच्छा नहीं होता है। सामान्य रूप से जिएं। मितव्ययी होना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन यदि कोई चीज हद से ज्यादा हो जाए तो वह बुरी चीज बन जाती है। एक साधक के पास कोई पूर्वकल्पित धारणा नहीं होनी चाहिए। लेकिन मितव्ययी होने में कुछ भी अनुचित नहीं है।

शिष्य: क्या आपका वही सिद्धांत शरीर किसी छात्र की देखभाल करता है जब वह चीन में साधना का अभ्यास करता है या यूरोप की यात्रा करता है?

गुरु जी: वही सिद्धांत शरीर, विभिन्न सिद्धांत शरीर... क्या सिद्धांत शरीरों में कोई अंतर है? मैं आपको बता सकता हूं कि मेरी एक ही चेतना से उन सभी की देखभाल की जाती है। जरा भी फर्क नहीं है। वास्तव में, सिद्धांत शरीर मैं ही हूं। मैं जो कुछ भी सोचता हूं, सिद्धांत शरीर वही सोचते हैं।

शिष्य: क्या आप कृपया हमें बता सकते हैं कि "सच्चा शरीर" क्या है और "गोंग शरीर" क्या है?

गुरु जी: अंतर होता है। देवताओं की दृष्टि में, इस मानव स्थान पर सब कुछ असत्य माना जाता है, और केवल बुद्ध या भगवान का शरीर ही वास्तविक है, इसलिए वे उस स्तर या उच्चतर के शरीर को "सच्चा शरीर" कहते हैं। एक "गोंग बॉडी" केवल मेरे पास है। ब्रह्मांड में किसी अन्य जीव के पास नहीं है। यह मेरा विशाल गोंग है जो एक ही समय में मेरी छवि का रूप ले सकता है। (तालियाँ)

शिष्य: जब मैं व्यायाम करता हूँ, तो मैं हमेशा गुरु जी को बात करते हुए सुनता हूँ।

गुरु जी: यदि यह फा के बारे में है, और वही है जिसकी पुस्तकों में चर्चा की गई है, तो यह चिंता का विषय नहीं है। यह एक तरीका है जिससे आपकी दिव्य सिध्दियां प्रकट होती हैं—यह आपकी दिव्य सिध्दियों का प्रकटन है। यदि यह कुछ ऐसा नहीं है जो फा में है, तो यह हस्तक्षेप होना चाहिए।

शिष्य: बच्चों को अभ्यास सिखाते समय, उन्हें अच्छा मनुष्य बनने के अलावा, क्या हमें उन्हें शास्त्र पढ़ कर सनाने की आवश्यकता है?

गुरु जी: जब आप उन्हें अच्छा मनुष्य बनने के लिए कहते हैं, तो आप उन्हें केवल साधारण लोगों के बीच अच्छा मनुष्य बनने के लिए कह रहे हैं। केवल फा ही लोगों को ऊपर उठा सकता है। क्या ऐसा नहीं है? बच्चे पाँचों व्यायामों को उस सीमा तक कर सकते हैं जितना वे कर सकते हैं। यदि वे उन्हें नहीं कर सकते हैं तो उनके लिए थोड़ा बड़ा होने के बाद व्यायाम करना ठीक है।

शिष्य: क्या दाफा के सिद्धांतों को बच्चों की समझ के शब्दों में समझाना उचित होगा?

गुरु जी: मुझे नहीं लगता कि यह कोई समस्या है। क्योंकि आप एक साधक हैं, आप इसे अनुचित तरीके से नहीं समझाएंगे। बच्चों को समझाने के लिए तर्क का प्रयोग करें। मुझे नहीं लगता कि इससे कोई समस्या होगी।

शिष्य: मेरी परीक्षा हुई थी लेकिन मैंने अपना दृढ़ संकल्प खो दिया। मैं साधना में फिर से शुरुआत करना चाहता हूं।

गुरु जी: अभी-अभी एक शिष्य ने मुझसे पूछा कि क्या वह अब भी साधना कर सकता है। दूसरे शब्दों में, ऐसी चीजें हो सकती हैं जिनमें उसने अच्छा नहीं किया या जहां उसे लगा कि वह एक शिष्य के मानकों के अनुरूप नहीं है। गलतियाँ करने के बाद भी, क्या आप साधना कर सकते हैं? आप साधना कर सकते हैं या नहीं, यह सब आप पर निर्भर करता है। आप पहले ही फा को सुन चुके हैं और फा प्राप्त कर चुके हैं। बेशक, आपने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और उस परीक्षा को पास नहीं किया—यह वास्तव में बहुत बड़ी हानि थी। आप फिर से साधना कर सकते हैं, अपने मन को शांत कर सकते हैं, दृढ़ निश्चयी बन सकते हैं और फिर से शुरू कर सकते हैं। क्योंकि आप पहले से ही दाफा में साधना करने के लिए दृढ़ हैं और आप पहले से ही अनुभव कर चुके हैं कि आप अनुचित थे, आप अपनी इच्छा को मजबूत क्यों नहीं करते और आगे बढ़ना शुरू कर देते हैं? जब तक आपके पास वह विचार है और आप ऐसा करना चाहते हैं, आपको मुझे या किसी और को बताने की जरूरत नहीं है—बस आगे बढ़ो और साधना करो, और मुझे लगता है कि आप ठीक हो जाओगे। वास्तव में, क्या आप सभी ने अपनी साधना केवल इसलिए प्रारंभ नहीं की क्योंकि आप साधना करना चाहते थे, और इसलिए आपने दाफा प्राप्त किया? लेकिन आप अपने मौके गंवाते और गलतियां करते नहीं रह सकते। साधना गंभीर है, इसलिए यदि आप गलतियाँ करना जारी रखते हैं, तो मुझे डर है कि भविष्य में आपको इस फा में आने के लिए इस तरह के और अवसर नहीं मिलेंगे। क्योंकि आपको फा में आने का अवसर मिला है, इसे दोबारा न चूकें।

शिष्य: उत्तरी अमेरिका में रहने वाले बहुत से शिष्य बिना विवाह किए अपने साथी के साथ सहवास करते हैं। कुछ के बच्चे भी हुए हैं। क्या उन्हें साथ रहने की तारीख से विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त करना चाहिए?

गुरु जी: हाँ। मैंने आपको अपनी साधना में सामान्य मानव समाज के तौर-तरीकों का अधिकतम रूप से पालन करने के लिए कहा है। आइए इसके बारे में दूसरे तरीके से बात करते हैं। चीन में, जब लोग अतीत में शादी करते थे, तो उन्हें दिव्यलोक और पृथ्वी दोनों की स्वीकृति की आवश्यकता होती थी, और इसीलिए

"दिव्यलोक और पृथ्वी के सामने नमन" करना होता था। उन्हें अपने माता-पिता के अनुमोदन की आवश्यकता थी, इसलिए उन्हें अपने माता-पिता के सामने नमन करना पड़ा। पश्चिमी समाजों में, लोगों को अपने देव या भगवान द्वारा स्वीकार किए जाने की आवश्यकता थी, और यही कारण है कि वे चर्च जाते हैं और देव के सामने प्रतिज्ञा लेते हैं, और देव या भगवान उनके साक्षी होंगे और उनके मिलन की गवाही देंगे। आज के पश्चिमी समाजों में इन चीजों को तोड़ दिया गया है और बहुत से लोग अब किसी भी औपचारिकता से नहीं गुजरते हैं। दो लोग बिना किसी रोक-टोक के बस मिल जाते हैं; जब वे एक साथ खुश होते हैं, वे एक साथ रहते हैं, और जब वे खुश नहीं होते हैं, तो वे दूसरा साथी ढूंढते हैं। यह अस्वीकार्य है। दाफा के शिष्य के रूप में, आपको कम से कम इन बुनियादी सिद्धांतों को जानना चाहिए। पश्चिम में अनैतिकता ने बहुत अधिक मात्रा में बुरे कर्म को जन्म दिया है। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व के लोग और भी बुरे हैं। आपको इन बातों पर ध्यान देना चाहिए। हम कहते हैं कि मनुष्य पतित हो गया है, फिर भी जब एक साधक ो स्वयं एक सामान्य व्यक्ति से भी बुरा आचरण करता है, तो क्या यह एक समस्या नहीं है? निःसंदेह, आप सोच सकते हैं, "भले ही हमने कागजी कार्रवाई नहीं की, हमारे मन और आचरण से वैसे ही व्यवहार करते हैं जैसे हम विवाहित हैं। और अब जबकि हमारे बच्चे हैं, इस समय अलग होना हमारे लिए लगभग संभव नहीं है।" लेकिन आप उचित प्रक्रियाओं से नहीं गुजरे हैं। यदि आपको लगता है कि आप एक-दूसरे के प्रति उत्तरदायी हो सकते हैं, तो मैं कहूंगा कि यह बहुत अच्छा है, लेकिन आप प्रक्रियाओं से क्यों नहीं गुजरते? कम से कम, सामान्य मानव समाज को आपको कानूनी रूप से विवाहित पति और पत्नी मानने की अनुमति दें। क्या ऐसा नहीं होना चाहिए? दूसरे शब्दों में, जब इन चीजों की बात आती है तो आपको बहुत अधिक लापरवाह नहीं होना चाहिए। मैं इस विषय को अधिक समय नहीं दूंगा। आपने अतीत में जो कुछ भी किया है, उसके बावजूद जो बीत चुका है उसे छोड़ दें। आगे बढ़ें और सही करें।

शिष्य: हम कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि जो हमें दिखता है वह मुख्य चेतना छोड़ने का परिणाम है या ज्ञान प्राप्ति का परिणाम है?

गुरु जी: इस पर पहले भी चर्चा की जा चुकी है। आप जानते हैं, मैंने इसे "क्यों कोई नहीं देख सकता" नामक गद्यांश में स्पष्ट रूप से समझाया है। आप क्यों नहीं देख सकते? जब आप देखेंगे तब भी यह स्पष्ट नहीं होगा। दूसरे शब्दों में, जब आप चीजों को देखने में सक्षम होते हैं तब भी यह उतना स्पष्ट नहीं होगा। यदि यह स्पष्ट है, तो यह एक सीमित क्षेत्र को घेर लेगा। [आपकी दृष्टि] निश्चित रूप से एक भगवान की तरह असीमित नहीं होगी, जहां आप सब कुछ जान सकते हैं और सबकुछ देख सकते हैं जैसे कि आप एक फिल्म देख रहे थे। निःसंदेह, ऐसे लोग हैं जिनकी विशेष परिस्थितियाँ हैं। मैं सामान्य स्थिति का चित्रण कर रहा हूं।

शिष्य: मैं एक बड़े बर्फीले तूफान में एक फा सम्मेलन में भाग लेने गया था और मेरी कार सड़क पर क्षतिग्रस्त हो गई। मेरे परिवार ने मेरे जोखिम भरे व्यवहार को नहीं समझा।

गुरू जी: कोई भी चीज एक साधारण फॉर्मूले में नहीं बैठाई जा सकता है, जहाँ सब कुछ उस फॉर्मूले के अनुसार किया जा सके। साधना में, प्रत्येक व्यक्ति जिन परिस्थितियों का सामना करता है, वे जटिल होती हैं, और किसी वस्तु का कारण कोई न कोई हो सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ लोगों को समस्या होती है क्योंकि उन्होंने नैतिक गुण की परीक्षा पास नहीं की थी, या ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि अन्य चीजें अधिक महत्वपूर्ण थीं। ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि परीक्षा होने वाली थी, और इसलिए आप कठिनाइयों में पड़ गए और बाधाओं का सामना करना पड़ा। इसलिए साधना बहुत जटिल है, और यह उतनी सरल नहीं है जितना आप सोचते हैं। यह भी हो सकता है कि आपकी कार के बिगड़ने से आप कई मील आगे कार दुर्घटना का शिकार होने से बच गए हों। विभिन्न कारणों में से कुछ भी हो सकता था। साधना में, आप जो कुछ भी अनुभव करते हैं वह एक अच्छी बात है, और आप अपना स्वयं का शक्तिशाली सदगुण स्थापित कर रहे हैं।

शिष्य: हमारे पास दाफा के परिचय से संबंधित सेमिनार आयोजित करने के लिए केवल दो दिन हैं। क्या यह ठीक है?

गुरु जी: यदि आपके पास फालुन दाफा के परिचय से संबंधित सेमिनार आयोजित करने के लिए केवल दो दिन हैं, तो समय बहुत कम है। यदि कोई जुआन फालुन को एकाग्रचित होकर नहीं पढ़ सकते, तो उनके लिए दोबारा पुस्तक उठाना मुश्किल होगा। ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है क्योंकि लोगों के पास विचार कर्म होते हैं। यह किसी के मन में धारणाएँ हैं जो कर्म का कारण बनती हैं। जब आप पुस्तक पढ़ते हैं, तो आपके मन के कर्म समाप्त हो जाते हैं। कर्म जीवित है, और जानता है कि आप इसे खत्म कर रहे हैं, इसलिए यह प्रयत्न करता है कि आप पुस्तक को छू न पाएँ। जब आपके पास समय होगा, तब भी आप पुस्तक पढ़ना भूल जाएंगे। यह पूरा प्रयत्न करेगा कि आपको पुस्तक पढ़ने का समय न मिले। यही कारण है कि बहुत से लोगों के पास पुस्तक को पढ़ना जारी रखने का समय नहीं रह जाता है यदि वे इसे पहली बार पूरा नहीं कर पाते हैं। टेप देखने के साथ भी ऐसा ही होता है। यदि आप पूरा सेट पूरा नहीं कर सकते हैं, तो बाकि देखने के लिए समय निकालना कठिन प्रतीत होगा।

असुर हस्तक्षेप कर रहे हैं। वे आपको समय नहीं देते हैं और वे आपको इसे फिर से छूने नहीं देने के लिए हर तरह के तरीकों का उपयोग करते हैं। इसलिए यह समस्या मौजूद है। दूसरी ओर, आपके पास फा को फैलाने के लिए अधिक समय नहीं है। इस मामले में आप अपनी स्थिति के अनुसार ही इसे संभाल सकते हैं।

शिष्य: यदि कोई लंबे समय तक साथी अभ्यासी द्वारा नेक इरादे से दिए गए उपहार स्वीकार करता है, तो क्या वह अपने पुण्य को हमेशा के लिए खो देगा?

गुरु जी: मैं आपको एक उदाहरण देता हूँ। एक शिष्य का परिवार अचानक आर्थिक संकट में पड़ जाता है। एक साधक के लिए, यह कठिनाई संभवतः अतीत में इस तरह के ऋण के कारण होती है। कर्म उन्मूलन प्रक्रिया के दौरान, उसे कुछ इस तरह से सहन करना होगा, लेकिन यह लंबे समय तक नहीं रहेगा। मैं कह रहा हूं कि ऐसा हो सकता है। फिर, कुछ शिष्य सोचते हैं कि क्योंकि वह इतने कठिन समय से गुजर रहा है, "हमें उसकी सहायता करनी चाहिए।" उसकी सहायता कैसे करें? हर कोई कुछ पैसों का योगदान देता है, उसे पैसे देता है, और उसके परिवार का

भरण-पोषण करता है। बस, वह तब से कुछ भी करना बंद कर देता है। फा का अध्ययन करने के अलावा, वह केवल घर पर रहता है और उनके पैसे पर जीता है।

थोड़ी देर बाद, वह फा का भी अध्ययन करना बंद कर देता है: "बस मेरे लिए पैसे लाओ और मैं अभी इसी तरह जीऊंगा।" सभी इसके बारे में सोचें। आपके पास करुणा है, लेकिन आप इन चीजों को इस तरह सें संभाल नहीं सकते। सबके अपने-अपने परीक्षाएं होती हैं। आप उसे नौकरी ढूंढने में सहायता करके या कुछ आपात स्थितियों में अस्थायी रूप से आगे आकर करुणा से उसकी मदद कर सकते हैं, लेकिन आप लंबे समय तक ऐसा नहीं कर सकते। आप उस मार्ग को बाधित कर रहे होंगे जो मैंने उसके लिए व्यवस्थित किया था, और उसके लिए साधना करना असंभव हो जाएगा। अंत में, वह साधना करना बंद कर देगा। वह नौकरी ढूँढना बंद कर देगा, और वह समस्या का समाधान नहीं करना चाहेगा क्योंकि उसके पास खर्च करने के लिए पैसा था, और वह कहेगाा, "बस मुझे हर माह पैसे ला दो ।" फिर, मैं कहूंगा, शिष्य वास्तव में क्या कर रहे हैं?

शिष्य: किसी जीव का पतन होना मुख्य चेतना के मोहभावों से दूषित होने का परिणाम है या मुख्य चेतना का स्वरूप बदल गया है?

गुरु जी: मैं चीजों को इस तरह नहीं देखता। एक व्यक्ति का अस्तित्व एक इकाई है, और आप यह नहीं कह सकते कि आपकी मुख्य चेतना, आपकी सह चेतना (फू युआनशेन), या आपका शरीर इस तरह या उस तरह से बन गया है। यदि कोई अनुचित है तो वह अनुचित है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपके हर एक विचार में आप सभी के विभिन्न स्तर शामिल हैं। जब कोई अपनी भूलों को सुधारता है, तो वह एक अच्छा व्यक्ति होता है। यदि कोई व्यक्ति स्वयं साधना करने में सक्षम है, तो वह उच्च प्रगति कर सकता है।

शिष्य: मानव शरीर के छोटे से ब्रह्मांड में, क्या सभी जीव उसी स्तर पर हैं, जिस स्तर पर उस मानव शरीर को नियंत्रित करने वाली मुख्य चेतना है?

गुरु जी: वे समान स्तर पर नहीं हैं। आप अपने शरीर के सभी जीवों से ऊंचे हैं। साथ ही, आपकी सभी कोशिकाओं को नियंत्रित करने के लिए एक एकीकृत, विचार-चालित प्रणाली है।

शिष्य: मैं तेरह साल का हूँ और मेरा जन्म जापान में हुआ है। भाषा की समस्या के कारण, मुझे नहीं पता कि साधना कैसे करनी है।

गुरु जी: [उसके आसपास के] वयस्कों को इस समस्या को हल करने में सहायता करनी चाहिए। जापान में जन्म लेने के कारण, वह चीनी नहीं समझता। इतना छोटा होने के कारण, वह जापानी में भी कुछ चीजों को पूरी तरह से समझ नहीं पाता है, और वह सभी अक्षरों को नहीं पहचानता है, इसलिए उसे समस्याएं हो सकती हैं। जब आप कुछ भागों को नहीं समझते हैं, तो बस बड़ों से पूछें, और धीरे-धीरे आप सब कुछ समझ जाएंगे। आखिरकार, बच्चे बहुत तेज होते हैं। आप जानते हैं, चीन में बुजुर्ग लोग हैं जो कभी स्कूल नहीं गए, लेकिन उन्होंने ज़ुआन फालुन को पढ़ा, और इसे बार-बार पढ़ने के बाद वे पूरी पुस्तक पढ़ने में सक्षम हो गए। दाफा के शिष्यों में ऐसे बहुत से लोग हैं। कुछ दशक या यहां तक कि उनके अधिकांश जीवन बीत चुके थे, और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे अक्षरों को पहचान सकेंगे। फिर भी, दाफा का अध्ययन करके, वे बहुत ही कम समय में ज़ुआन फालुन को पढ़ने में सक्षम हो गए, और वे पढ़ने के साथ-साथ पाठ से बहुत परिचित भी हो गए। यह सचमुच चमत्कार है! आखिर यह फा है, इसलिए ये चीजें हो सकती हैं। निःसंदेह, बच्चों में वयस्कों की तरह धैर्य नहीं हो सकता, लेकिन मैं इसे ध्यान में रखूंगा। बच्चे आखिर बच्चे होते हैं। यदि आप कुछ प्रयास करते हैं और बड़े कुछ सहायता करते हैं, तो समस्या हल हो सकती है।

शिष्य: सह चेतनाओं का आपस में किस तरह का पूर्वनिर्धारित संबंध होता है?

गुरु जी: हो सकता है कि उनके पूर्वनिर्धारित संबंध हों या न हों। इसका कोई सूत्र नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति के अपने पूर्व जीवन में अपनी विशेष परिस्थितियां थीं, और वे मनुष्यों के पूर्वनिर्धारित संबंध हैं जिनका आपकी साधना से कोई लेना-देना नहीं है। इतना ही पर्याप्त है कि मुख्य चेतना यहां पूर्ण जागरूकता के साथ फा

प्राप्त करती है। जैसे-जैसे आप साधना करेंगे अन्य सह चेतनाएं स्वाभाविक रूप से आपका अनुसरण करेंगी।

शिष्य: क्या हम मार्शल आर्ट स्कूल में फा का प्रचार कर सकते हैं?

गुरु जी: मुझे नहीं लगता कि किसी भी स्थिति में लोगों को फा प्राप्त करने में सहायता करने में कोई समस्या है। लेकिन एक बात है: कुछ मार्शल आर्ट दाओवादी मार्शल आर्ट हैं, जो कि चीगोंग की श्रेणी से संबंधित हैं। अन्य मार्शल आर्ट किसी भी हस्तक्षेप का कारण नहीं बनेंगे। बहुत से लोग जो दाफा का अभ्यास करते हैं, वे भी मार्शल आर्ट का अभ्यास कर रहे हैं, और उनमें से कोई भी हमें प्रभावित नहीं करता है।

शिष्य: गुरु जी के द्वारा, विज्ञान वास्तव में क्या है और मानव समाज की विभिन्न अपर्याप्तताओं के बारे में बताए जाने के बाद, चीजों की सही पहचान करने के लिए मेरा मन बहुत भ्रमित हो गया, और मैं इसे हल नहीं कर पा रहा हूँ ।

गुरु जी: मैं इसे फिर से दोहराता हूं: आपको अपनी साधना में अधिकतम सीमा तक सामान्य समाज के तरीके के अनुरूप होना चाहिए। मैं आपको बताता हूँ: मैंने विज्ञान के पीछे के वास्तविक कारकों को स्पष्ट किया है, लेकिन मैं विज्ञान के विरुद्ध नहीं हूँ। मैं इसे फिर से दोहराता हूं: मैंने स्पष्ट किया है कि विज्ञान वास्तव में क्या है, लेकिन मैं विज्ञान के विरुद्ध नहीं हूं क्योंकि, आखिरकार, ब्रह्मांड के सभी जीवों में से केवल एक प्रकार के जीव के पास कुछ ऐसा है। मैंने यहां बताया है कि मानव जाति को इस स्थिति में नहीं होना चाहिए, साथ ही मानव जाति के पतित होने का कारण भी। मैं विज्ञान का विरोध नहीं करता। आगे बढ़ो और जो भी काम कर रहे हो करो। यह केवल इतना है कि बुद्ध फा की तुलना में यह बहुत सीमित है। जैसे-जैसे आप अधिक साधना करेंगे, आप इसे धीरे-धीरे समझ पाएंगे।

शिष्य: जब मैंने शुरू में फा प्राप्त किया तो मैं बहुत उत्साहित था, लेकिन क्योंकि मैं भ्रम में बहुत गहराई से खोया हुआ था, इसलिए मैंने कुछ बहुत ही बुरे काम किए। क्या मैं बर्बाद हो गया हूँ?

गुरु जी: दाफा में साधना अभी भी चल रही है, और शिष्य अभी भी लगातार दृढ़ता से प्रगति कर रहे हैं। आप इस पर्ची को यहाँ पहुँचाने में सफल रहे, और मैंने इसे आपके लिए पढ़ा भी, इसलिए आपका पूर्वनिर्धारित संबंध बहुत मजबूत है। इस अवसर का लाभ उठाएं। (तालियाँ)

शिष्य: मैं लेबनान से हूँ। मेरा बाकी परिवार धार्मिक है। मैं नहीं हूं, लेकिन मुझे चिंता है कि मैं प्रभावित हो सकता हूं।

गुरु जी: आप प्रभावित नहीं होंगे। आप अपना अध्ययन करें और वे उनके अपने पर विश्वास कर सकते हैं। यह आपको प्रभावित नहीं करेगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे जिस चीज में विश्वास करते हैं, उसकी देखभाल भगवानों द्वारा नहीं की जा रही है, और क्योंकि कोई भी भगवान इसकी देखभाल नहीं कर रहा है, इसलिए इसका कोई प्रभाव होने की संभावना भी कम है।

शिष्य: मेरे फा-सम्मेलनों में भाग लेने से ठीक पहले मेरे नैतिक गुण की कुछ बड़ी परीक्षाएं हुई हैं। क्या वे आपके सिद्धांत शरीरों द्वारा व्यवस्थित की गई थीं?

गुरु जी: जब तक आप एक शिष्य हैं, मैं आपके प्रति उत्तरदायी रहूंगा। इस संबंध में कि क्या मैं आपको नैतिक गुण की परीक्षाओं से गुजार रहा था या यह किन्हीं अन्य विशिष्ट कारणों से था, आपका गुरु होने के नाते, मैं इन बातों के लिए आपके प्रति पूरी तरह से उत्तरदायी हूं। एक साधक के साथ जो कुछ भी होता है वह अच्छा होता है। बस आगे बढ़ो और स्वयं की साधना करो। आपने ध्यान नहीं दिया होगा कि कल सुबह जब एक शिष्य ने अपने अनुभव के बारे में बात की, तो उसने उल्लेख किया कि [एक समय,] चाहे वह कितनी भी मेहनत कर ले, उसे नहीं लगा कि वह आगे बढ़ रहा है। और फिर एक दिन, अचानक उसे अनुभव हुआ, "मेरे लिए इस क्षेत्र में बदलाव का समय आ गया है।" फिर जैसे-जैसे उसने अधिक साधना की,

वह दीवार तुरंत टूट गई, और उसकी आंखों के ठीक सामने पलक झपकते ही एक अलग आयाम था। मुझे लगता है कि आपको उस शिष्य के भाषण पर और अधिक विचार करना चाहिए।

शिष्य: फालुन दाफा ने प्रागैतिहासिक काल में लोगों को बचाया था। सभी जीव फा को क्यों भूल गए हैं?

गुरु जी: आप मनुष्यों की बात कर रहे हैं या भगवानों की? दाफा द्वारा बचाए गए सभी दिव्यलोक गए। फिर आप कैसे जानते हो कि जीव फा को भूल गए हैं? मैं आपको बताता हूं, जब कोई व्यक्ति साधना के माध्यम से फल पदवी पर पहुंच जाता है, तो उसका सब कुछ फा द्वारा गढ़ा जाता है, और सब कुछ फा में आत्मसात हो जाता है। जब आप दाफा में होते हैं, तो आप दाफा का भाग होते हैं। वास्तव में, पूरे ब्रह्मांड में सभी जीव दाफा का भाग हैं। यह केवल इतना है कि वे धीरे-धीरे फा से भटक गए हैं। जब कोई जीव भटक जाता है, तो वह गिर जाता है और जिस भी स्तर के अंतर्गत आता है, वहां चला जाता है। हालाँकि, जब सभी जीव भटक जाते हैं, तो उस खंड को भंग करना पड़ता है, और बाद में नए जीवों का निर्माण होता है।

शिष्य: साधना करना दाफा की समझ और स्मृति को गहरा करना है। क्या इसे इस तरह देखा जा सकता है?

गुरु जी: ऐसा नहीं है। जो आप अभी याद कर रहे हैं वह केवल सबसे निचला रूप है जिसमें फा व्यक्त होता है—वह जिसे मैं साधारण लोगों को सिखाता हूं। लेकिन जब आप विभिन्न आयामों में फल पदवी को प्राप्त कर लेंगे तो जिस फा का पता चल जाएगा, वह आंतरिक अर्थों को छोड़कर, उस फा से अलग होगा, जिसे मैं अभी आपको सिखा रहा हूं—एक भी शब्द समान नहीं होगा। क्या आप समझ रहे हैं कि मैं क्या कह रहा हूँ? (तालियाँ) तो आप अभी भी मानवीय धारणाओं के साथ भगवानों की चीजों के बारे में सोचना छोड़ नहीं पाते हैं।

शिष्य: मैंने पाया है कि मैं मोहभावों को हटाते हुए यहाँ तक पहुंचा हूँ, और वास्तव में मोहभाव सही या गलत होने के बारे में नहीं है; बल्कि, इसका आंतरिक अर्थ भिन्न है।

गुरु जी: यह सच है, क्योंकि जब दाफा विभिन्न स्तरों पर साधना के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करता है, तो आप इसे केवल अपने मन में ही समझ सकते हैं, लेकिन इसे शब्दों से व्यक्त नहीं कर सकते। जैसे ही यह साधारण लोगों की भाषाई सोच में प्रवेश करता है, यह विकृत हो जाता है—आपके बोलने से पहले, एक बार जब यह साधारण लोगों के भाषाई विचारों की संपादन प्रक्रिया में आ जाता है, तो यह पहले से ही भिन्न होता है। इसलिए एक बार जब आप इसके बारे में बात कर लेते हैं, तो यह उस आयाम का वास्तविक अर्थ नहीं रह जाता है। शायद आपको भी इस बात का अनुभव हो गया होगा। तो आप इसे केवल अपने मन में ही समझ सकते हैं लेकिन इसे शब्दों से व्यक्त नहीं कर सकते। लेकिन आप अपने अनुभवों और समझ के बारे में बात करने में सक्षम क्यों हैं?

ऐसा इसलिए है क्योंकि आप जिस चीज के बारे में बात करते हैं, वह सबसे निचले स्तर की और सबसे बाहरी सतह पर, या आपके अतीत की चीजें हैं। निःसंदेह, नए शिष्य जिस बारे में बात करते हैं, वे उनके वर्तमान अनुभव हैं, क्योंकि नए शिष्य जिस बारे में बात करते हैं, वह सतही होना तय है।

शिष्य: गुरु जी ने मुझे कई बार संकेत दिए हैं, लेकिन मैं स्वयं को बहुत ऊँचा नहीं समझना चाहता। क्या इस विचार के पीछे कोई मोहभाव है?

गुरु जी: आवश्यक नहीं है, क्योंकि कभी-कभी एक व्यक्ति को उत्साह का मोहभाव उत्पन होने का भय होता है, इसलिए वह स्वयं को नियंत्रित करने का प्रयास करता है और स्वयं को उत्साहित होने से या स्वयं को बहुत ऊँचा मानने से रोकता है। मुझे लगता है कि यह अच्छा है, लेकिन ऐसा करने का बहुत अधिक मोहभाव न रखें, नहीं तो यह एक और मोहभाव बन सकता है। बस आत्मविश्वास से और सम्मानजनक तरीके से साधना करें।

शिष्य: कुछ लोग दूसरों की यह कहकर आलोचना करते हैं कि "यह आपका मोहभाव है," और "वह आपका मोहभाव है।" लेकिन क्या यह उन लोगों का मोहभाव नहीं हैं?

गुरु जी: दोनों संभव हैं। उठाया गया प्रश्न बहुत रोचक है, लेकिन यह संभव है कि प्रश्न उठाने वाले व्यक्ति को किसी चीज का मोहभाव हो। जब आप में से कुछ कहते हैं कि दूसरों के मोहभाव हैं, तो क्या यह इसलिए है क्योंकि आपके अपने मोहभावों पर प्रहार किया जा रहा है, इसलिए आप अपने मोहभावों को यह कहकर ढँक लेते हैं कि दूसरों के मोहभाव हैं? (तालियाँ) और जिन्हें बताया गया है कि उनके मोहभाव हैं: क्या आप, स्वयं के मोहभावों को छोड़ने के बदले, यह कह रहे हैं कि जिन्होंने कहा कि आपके मोहभाव हैं, उनके मोहभाव हैं क्योंकि आप अपने मोहभावों को नहीं छोड़ सकते?

शिष्य: यदि एक उत्तरदायी व्यक्ति अपने पद को किसी ऐसे व्यक्ति को दे देता है जो अधिक सक्षम है, तो क्या वह दाफा की स्थापना में योगदान नहीं दे रहा है?

गुरु जी: आपके शब्दों के अर्थ को देखते हुए, हर कोई सहमत होगा कि आप उचित कह रहे हैं। यह कोई विषय नहीं है। जब कोई व्यक्ति जो न केवल स्वयं की साधना अच्छी तरह करता है बल्कि बहुत सक्षम भी है और इसके बाद भी वह काम नहीं करता है, तो यह दाफा के लिए हानिकारक होगा। यदि आप इसे इस दृष्टिकोण से देखने में सक्षम हैं, तो इस दृष्टिकोण से कि फा के लिए क्या अच्छा है, मैं कहूंगा कि यह वास्तव में उत्कृष्ट है। निःसंदेह, दूसरे दृष्टिकोण से, हालांकि, यदि आपके पास अन्य गहरे छिपे हुए विचार हैं और यह सोचने का साहस भी नहीं करते हैं कि वे मोहभाव हो सकते हैं, और यदि हर बार जब आपके मन में यह विचार उठते हैं तो आप उन्हें दबा देते हैं और उन्हें जाने देते हैं, तो वह उचित नहीं है।

शिष्य: मैं स्वयं से बार-बार कहता हूँ कि अपने मन का और जो कुछ भी मेरे पास है, उसका उपयोग गुरु जी के लिए करूँ।

गुरु जी: मैं सबकी भावना को समझता हूँ। आपको बता दें कि यह धर्मों की विरासत है। शाक्यमुनि ने वास्तव में कहा था—क्योंकि उनके शिष्यों को भिक्षा माँगने की आवश्यकता थी—भिक्षुओं को भोजन देना कुछ ऐसा था जो मनुष्य में असीम पुण्य लाएगा। लेकिन उन्होंने कभी नहीं कहा कि उनकी देखरेख का प्रबंध करना या उन्हें पैसे देने से असीम पुण्य मिलेगा। धर्म अब बुद्धों की आवश्यकताओं का पालन करने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए कुछ भिक्षु आजकल बहुत लालची हो गए हैं। वे बहुत सारा पैसा चाहते हैं, इसलिए वे इस विचार को बढ़ावा देते हैं: "केवल यदि आप मेरी देखरेख करेंगे तो आपको असीमित पुण्य मिलेगा।" फिर आप फिर आप यह देखरेख कैसे करेंगे? आपको लगता है कि जितना अधिक आप उन्हें देंगे, उतना अच्छा होगा। वे यह भी सोचते हैं कि यदि आप उन्हें अपने सभी वित्तीय संसाधनों के खाली होने की सीमा तक उन्हें प्रदान करते हैं तो यह बहुत अच्छा है। इसके बारे में सोचें, यह बहुत स्वार्थी विचार है। वे स्वार्थी विचार, यहाँ तक कि दूसरों की सारी संपत्ति लेने की सीमा तक और फिर भी संतुष्ट महसूस नहीं करना, दुष्ट असुरों से भी बदतर हैं। वे संभवतः साधक कैसे हो सकते हैं? दाफा को पैसे से मापा नहीं जा सकता। आप भी एक साधक हैं, तो कोई और आपकी देखरेख क्यों करे? आप दूसरों के पैसे क्यों स्वीकार करते हैं? *(तालियाँ)* दूसरे दृष्टिकोण से, जिस व्यक्ति से आप पाना चाहते हैं, वह भी बुद्धत्व की साधना कर रहा है। नहीं तो वह आपकी देखरेख क्यों करेंगे? हो सकता है कि उन्होंने आपसे बेहतर साधना की हो! ऐसा क्या है जो आपको उनके द्वारा देखरेख किए जाने का अधिकार देता है? आपको उनकी देखरेख करनी चाहिए! निःसंदेह, आजकल लोग धर्मों को पैसे और सत्ता के पीछे जाते और राजनीति में शामिल होते देखने के आदी हैं, इसलिए उन्हें अब यह आश्चर्य की बात नहीं लगती। तीन बार दोहराए जाने के बाद झूठ भी सच लग सकता है, इसलिए जितने अधिक लोग उन्हें सुनते हैं, वे उतने ही अधिक स्वीकार्य हो जाते हैं, और लोग यह सोचना बंद कर देते हैं कि क्या वे उचित हैं। निःसंदेह, कुछ शिष्य गुरु जी की रहने की स्थितियों से चिंतित हैं, और हमेशा गुरु जी के जीवन से संबंधित कुछ समस्याओं को हल करने में सहायता करने के बारे में सोचते हैं। आपको इसके बारे में सोचने की आवश्यकता नहीं है। मुझे पता है कि आपको कैसा लग रहा है।

शिष्य: जीवन का एकमात्र उद्देश्य जेन-शान-रेन को आत्मसात करना है। यदि मैं इससे भटक जाता हूं, तो मैं अनुरोध करूंगा कि मेरा शरीर और आत्मा दोनों नष्ट हो जाएं।

गुरू जी: आप पहले से ही फा की बहुत गहरी समझ रखते हैं, और फल पदवी तक पहुंचने का आपका संकल्प दृढ है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में अच्छा है। और मैं सोचता हूँ कि केवल वही व्यक्ति जिसके पास फा में साधना करने वाला एक बहुत ही ठोस आधार है, उन शब्दों को लिख सकता है।

शिष्य: भविष्य में क्या कोई गुरु जी के बाद दाफा का प्रचार-प्रसार करता रहेगा?

गुरु जी: इसके हो जाने के बाद यह समाप्त हो जाएगा। आप ब्रह्मांड में परिवर्तन के मोड़ पर हैं। फा-सुधार समाप्त होने के बाद, भविष्य में मानवजाति नए सिरे से विकसित होगी। वे दाफा के बारे में नहीं जानते होंगे, लेकिन उन्हें पता होगा कि इतिहास में ऐसा कुछ हुआ था। जहाँ तक इस दाफा के सिद्धांतों की बात है, उन्हें उनका एक भी शब्द नहीं दिखेगा। जब उनकी नई सभ्यता स्थापित हो जाएगी, तब नए बुद्ध, ताओ या भगवान लोगों को बचाने के लिए मानव संसार में उतरेंगे, इसलिए भविष्य के जीव भी बुद्ध फा को सुनेंगे। संभवतः उस समय पश्चिमी समाज में यीशु जैसे भगवान फिर से मानव संसार में आएंगे। वे चीजें नए युग में होंगी, और उनका आपसे कोई लेना-देना नहीं है।

शिष्य: क्या ज़ुआन फालुन और गुरु जी द्वारा प्रकाशित अन्य पुस्तकों में फा की समान शक्ति है?

गुरु जी: यह सही है। कोई भी चीज, जब तक वह दाफा की है, उसका वही असीम आंतरिक अर्थ है। [लेकिन] मैं आपसे कहता हूं कि यदि आप एक व्यवस्थित तरीके से साधना करना चाहते हैं, तो आपको एक पुस्तक, ज़ुआन फालुन पर ध्यान देना होगा। अन्य सभी पुस्तकें केवल आपके संदर्भ के लिए हैं। पूरक पुस्तकों का विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग पूरक मूल्य होता है, क्योंकि विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग आंतरिक अर्थ अस्तित्व में होते हैं। फिर भी यदि आप व्यवस्थित रूप

से साधना करना चाहते हैं, तो ज़ुआन फालुन का अनुसरण करें। इसलिए आपको ज़ुआन फालुन को बार-बार पढ़ना चाहिए।

शिष्यः क्या यह सच है कि सभी शिष्य जो फल पदवी तक पहुँचते हैं, उन्हें अत्यंत ऊँचे स्तरों पर ले जाया जाएगा; अन्यथा, उन्हें इतने बड़े फा की आवश्यकता नहीं होती?

गुरु जी: दूसरे शब्दों में, आप कह रहे हैं: "गुरु जी ने हमें इतना गहरा, उच्च-स्तरीय महान सिद्धांत सिखाया है। यदि, आपने हमें इतनी उच्च बातें सिखाई हैं, लेकिन हम उस ऊँचाई तक नहीं पहुँच सकते हैं, तो क्या आपने हमें वे बातें व्यर्थ ही सिखाई हैं?" मैं आपको बता दूं—और कुछ शिष्यों ने इसे देखा होग—प्रत्येक फा सम्मेलन में, जो फा को सुन रहे हैं वे आप मनुष्यों तक ही सीमित नहीं हैं। निःसंदेह, उसी वाक्य के आंतरिक अर्थ जो वे मुझसे सुनते हैं, जो आप सुनते हैं और जो इस स्तर पर साधक समझते हैं, उससे भिन्न होते हैं।

शिष्य: जब एक अन्य शिष्य ने अपने भाषण में कहा, "मैं अपने घर लौटना चाहता हूं," किसी कारण से मैं अपने मन की गहराइयों से स्वयं को रोने से रोक नहीं पाया।

गुरु जी: शायद इसने आपके सबसे मूल भाग को, आपके सबसे सूक्ष्म भाग को छुआ हो।

शिष्य: श्रीवत्स 卍 बुद्ध के स्तर का प्रतीक है। तो क्या ताओ के स्तर का कोई प्रतीक है?

गुरु जी: आप दिव्यलोक में चीजों पर एक सूत्र लागू नहीं कर सकते—ऐसा नहीं होता है। वास्तव में, विभिन्न भगवानों की अभिव्यक्तियाँ इस बात में नहीं हैं कि उनके पास किस प्रकार के प्रतीक हैं या कितने प्रतीक हैं। श्रीवत्स बुद्ध की केवल एक अभिव्यक्ति है—यह एक बुद्ध का प्रतिनिधित्व करता है। निःसंदेह, बुद्ध इसी तरह प्रकट होते हैं; बुद्धों के पास यह प्रतीक है जो उनके स्तर को दर्शाता है।

वास्तव में, आप एक नज़र में दिव्यलोक में भगवानों के स्तरों को बता सकते हैं—एक ही दृष्टि से आप उनके स्तरों को जान पाएंगे।

शिष्य: अतीत में, सभी साधना मार्गों में, वह सह चेतनाएं थी जिन्होनें गोंग प्राप्त किया था। फिर पश्चिमी धर्मों की साधना पद्धतियों में, गोंग को किसने प्राप्त किया?

गुरु जी: क्या इसके बारे में कोई संदेह है? पश्चिमी साधना के मार्गों में, क्या यह वही नहीं है—भौतिक शरीर के मरने के बाद सह चेतना निकल जाती है? पृथ्वी पर एक भी व्यक्ति कम नहीं हो सकता। इसलिए व्यक्ति की मुख्य चेतना का पुनर्जन्म होता रहता है।

शिष्य: पश्चिमी लोग सोचते हैं कि भगवान ही इस ब्रह्मांड का एकमात्र रचयिता है। हम इस बाधा को कैसे तोड़ सकते हैं?

गुरु जी: कुछ लोग ऐसा सोचते हैं। आप उनके साथ तर्क कर सकते हैं, या उन्हें पढ़ने के लिए पुस्तक दे सकते हैं। इनके अलावा और कोई उपाय नहीं है। आप उन्हें इस पर विश्वास करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। यदि वे स्वयं इस पर विश्वास नहीं करते हैं, तो अब कोई दूसरा रास्ता नहीं है। मैंने कहा है कि ब्रह्मांड में विभिन्न स्तरों के भगवानों के लिए, चाहे उनके स्तर कितने भी ऊंचे हों या वे किस स्तर के हों, उन्हें पता नहीं है कि उनके ऊपर क्या मौजूद है। आज, फा के सिद्धांतों में मैं सिखाता हूं, मैं आपको बताता हूं कि वे उच्च आयाम मौजूद हैं, और आप अब मानव भ्रम के बीच इन सभी सिद्धांतों को सुन रहे हैं। फिर भी जब आप वास्तव में फा में मिल जाते हैं, तो आप फा के उस स्तर का भाग होंगे, और उस समय, जब कोई आपको उच्च लोकों के बारे में बताता है, तो आप उस पर भी विश्वास नहीं करेंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपकी आंखों के ठीक सामने आप बिना किसी चूक के अपने स्तर पर और नीचे की हर चीज को सच में देखेंगे, और उस स्थिति में, आप किसी भी चीज के अस्तित्व में बिल्कुल विश्वास नहीं करेंगे जिसे आप नहीं देख सकते हैं। अब आप सोच रहे हैं, "क्योंकि गुरु जी ने हमें यह बताया है, मैं

भविष्य में इस पर विश्वास करूंगा।" मैं आपको बता दूं, उस समय न तो भाषाई शैली और न ही फा का रूप जो मैं आपको अभी सिखा रहा हूं, होगा जो अभी हैं।

शिष्य: क्या भगवानों की मुख्य चेतनाएं होती हैं?

गुरु जी: आप भगवानों की तुलना मनुष्यों से नहीं कर सकते क्योंकि मनुष्य भ्रम में हैं। भगवान के पास मुख्य चेतनाएं, सह चेतनाएं, या अस्तित्व के अन्य रूप नहीं होते हैं—भगवान केवल स्वयं ही होते हैं। लेकिन भगवानों के पास भगवानों के शरीर होते हैं, हालांकि जिस तरह का यह शरीर होता है, वह ऐसा नहीं होता है जैसे किसी मनुष्य की मुख्य चेतना का अपने मानव शरीर से संबंध होता है—यह संबंध ऐसा नहीं है, क्योंकि वे एक ही होते हैं। और वे इन सब बातों के बारे में बिलकुल स्पष्ट रूप से जानते हैं, जबकि मनुष्य कुछ भी नहीं जानते।

शिष्य: मैं एक नया शिष्य हूँ। मैं वास्तव में भगवानों और दिव्यलोक के अस्तित्व में विश्वास नहीं कर सकता। यदि मैं फा का ध्यानपूर्वक अध्ययन करूं, अपने मन की साधना करूं, और व्यायामों का अभ्यास करूं, तो क्या मैं आपका शिष्य बन सकता हूं?

गुरु जी: हाँ, आप बन सकते हैं। आप सभी बन सकते हैं। बस आगे बढ़ो और साधना करो। ऐसे बहुत से लोग हैं जिनकी सोच आपकी सोच से अधिक कठोर थी, और फिर भी अंततः उन सभी ने साधना के माध्यम से अपना स्तर ऊंचा किया है। इसकी चिंता न करें और केवल साधना करें। वास्तव में, आपके शब्दों से [मैं बता सकता हूं कि] आपके मन में दाफा सीखने का विचार आने लगा है, जो केवल अभी शुरुआत है। आपकी सोच के वर्तमान मूल को देखते हुए, सब कुछ बदलना यथार्थवादी नहीं है, इसलिए फा का अध्ययन करने से आप धीरे-धीरे फा के सिद्धांतों के निहित अर्थों को जान पाएंगे, और अंततः समझने, संपर्क में आने और चीजों को देखने की स्थिति तक पहुँच जाएंगे।

शिष्य: मैं देख रहा हूँ कि बहुत से लोगों की छवियां सहअस्तित्व में हैं। क्या ये लोग सच्चे शरीर की साधना करने में सफल हुए हैं?

गुरु जी: क्योंकि दाफा लोगों को अविश्वसनीय गति से परिवर्तित करता है, आपने उनके शरीर की उन छवियों को देखा जो अन्य आयामों में मौजूद हैं।

शिष्य: सोने से पहले मैं गुरु जी के व्याख्यानों की ऑडियो रिकॉर्डिंग सुनना पसंद करता हूँ, लेकिन मैं अक्सर उनके समाप्त होने से पहले ही सो जाता हूँ। क्या यह गुरु का अपमान है?

गुरू जी: मेरे विचार यह हैं: यदि आप लगन से अभ्यास करना चाहते हैं तो आपको फा के पठन को गंभीरता से लेना चाहिए। यदि आप सो नहीं सकते हैं और केवल इस फा को सुनते हुए सो सकते हैं, तो आप सोने में सहायता के लिए फा का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे विचार कहाँ से आ रहे हैं? हालाँकि, कुछ लोग फा को सुनते हुए सो जाते हैं। ऐसा क्यों होता है? जो आपको सुला देता है और फा को सुनने नहीं देता है उसे आप एक असुर के रूप में क्यों नहीं देखते? और यदि देखते हैं तो उसे परास्त क्यों नहीं कर देते?

शिष्य: एक साथी अभ्यासी जब व्यायाम करता है तो उसके कंधे बहुत बुरी तरह कांपते हैं, और स्थिति तब भी बनी रहती है जब वह अपनी आँखें खुली रखता है।

गुरु जी: उसे फा का अध्ययन करने और पुस्तकों को पढ़ने में अधिक समय बिताने के लिए कहें, और फा के आधार पर स्वयं को सच में बेहतर बनाने के लिए कहें। जब कोई व्यक्ति एक साधना मार्ग पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकता, तो इस प्रकार की घटना घटित होगी। या यदि साधना के दौरान, किसी व्यक्ति के कंधों में समस्या है, तो उसके कंधे उसी तरह कांप सकते हैं जब रोग ठीक हो रहे हों। यदि यह लंबे समय तक बना रहता है, तो इसका अर्थ है कि वह अभी भी रोग-उपचार के प्रारंभिक चरण में है और उसने कोई प्रगति नहीं की है। शुद्ध मन से साधना करें। जब वह वास्तव में फा के बारे में अपनी समझ में सुधार करता है, तो यह अवस्था जल्दी से गुजर जाएगी , और वह उस स्तर को पार कर जाएगा। जब आप अपनी

साधना के दौरान शारीरिक परेशानी महसूस करते हैं और यह लंबे समय तक दूर नहीं होती है, तो आप अपने मोहभावों को छोड़ कर दाफा में वास्तव में साधना क्यों नहीं करते? जब आप केवल व्यायाम के माध्यम से रोग-मुक्त होना चाहते हैं, या यदि आप साधना करना चाहते हैं लेकिन पुस्तकें नहीं पढ़ते हैं, तो आप अपने आप को कैसे परिवर्तित कर सकते हैं? और आप कैसे वहां फंसकर उस अवस्था में नहीं रहेंगे?

शिष्य: मैं अपने दैनिक जीवन में बहुत सी बातों की परवाह नहीं करता। क्या फिर यह मेरी अपनी साधना के दौरान होने वाली परीक्षाओं की भी परवाह नहीं करवाएगा?

गुरु जी: यदि आपकी साधना के दौरान दाफा आपको झकझोर नहीं देता है और यह अन्य सभी सामान्य चीजों से अलग नहीं लगता है, तो मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक समस्या है। उस स्थिति में आपको फा को पढ़ने पर ध्यान केंद्रित करने में अधिक समय व्यतीत करना चाहिए, और इस बाधा को दूर करना चाहिए। जब यह एक लोहे की दीवार की तरह है और इसे तोड़ा नहीं जा सकता है, और यह आपके ज्ञानोदय के गुण और फा के बारे में आपकी समझ को गंभीर रूप से बाधित करता है, तो आप इसे तोड़कर खोलते क्यों नहीं हैं?

शिष्य: मैंने कुछ भयानक किया। क्या मैं अब भी साधना कर सकता हूँ?

गुरु जी: एक बार फा प्राप्त करने के बाद आपको वास्तव में बार-बार गलतियाँ नहीं करनी चाहिए! आप जिन मोहभावों को जाने नहीं दे पाए हैं, वे आपको जानबूझकर अनुचित करवाते हैं। यदि आप अपने सबक नहीं सीखते हैं और उन्हें अपने आप को मौलिक रूप से बदलने और नए सिरे से शुरू करने के लिए प्रेरणा में नहीं बदलते हैं, तो आप इस अवसर को खो देंगे।

शिष्य: मुझे अक्सर फा-सत्य से नई समझ आती है। क्या ये केवल सैद्धांतिक स्तर पर हैं?

गुरु जी: जब आपको नई समझ आती है तो आप सुधार कर रहे होते हैं। आप एक बड़ा अंतर महसूस करते हैं, और जब आप एक अंतर महसूस करते हैं, तो आप प्रगति कर रहे होते हैं। साधारण लोग अपने आप में कुछ भी अनुचित नहीं देखते हैं। उस अवस्था में आप जिस समझ का ज्ञान पाते हैं वह केवल सैद्धांतिक स्तर पर नहीं है—ऐसा नहीं है। क्योंकि सूक्ष्म परिवर्तन सामान्य मानव समाज में प्रकट नहीं हो सकते, आप इसे केवल समझ सकते है या फा-सत्य से परिलक्षित धारणाओं से ही अनुभव कर सकते हैं। यह इस तरह है।

शिष्य: "यदि ईर्ष्या को समाप्त नहीं किया जाता है, तो आपके द्वारा विकसित किए गए सभी विचार भंगुर हो जाते हैं।" यह किस प्रकार के "विचार" (शिन) को संदर्भित करता है?

गुरू जी: यहाँ उल्लिखित "शिन" निश्चित रूप से आपकी साधना के दौरान सभी पवित्र विचारों को संदर्भित करता है। पवित्र विचार वास्तव में पवित्र समझ भी हैं। इसका अर्थ है कि आप का वह भाग जो पूरी तरह से विकसित हो चुका है, असुरक्षित हो जाता है।

यह मुझे कुछ याद दिलाता है। हांगकांग में प्रकाशित नई पुस्तक, टीचिंग्स एट द कांफ्रेंस ऑफ चांगचुन असिस्टेंट्स में बारहवें पृष्ठ पर तीसरी पंक्ति में "मानव जाति का फा" शब्द है। "मानव जाति" को "ब्रह्मांड" में बदलें ताकि यह "ब्रह्मांड का फा" पढ़ा जाये। मुख्यभूमि चीन में प्रकाशित हुई पुस्तक के लिए, यह संभवत: चौदहवें पृष्ठ पर है।

शिष्य: ज़ुआन फालुन पुस्तक का समूह अध्ययन और घर पर व्यक्तिगत अध्ययन अलग-अलग गति से आगे बढ़ते हैं। क्या इससे साधना बाधित होगी?

गुरु जी: यदि आप ध्यान से पढ़ते हैं तो इसका आप पर कोई असर नहीं होगा। मैं आपको बताता हूँ, जब आप ज़ुआन फालुन को पढ़ते हैं, तो शुरू से अंत तक पढ़ें। यदि आप आज समाप्त नहीं कर सकते हैं, तो कल वहीं से शुरू करें जहां आपने छोड़ा था; यदि आप इसे फिर से समाप्त नहीं करते हैं, तो अगली बार उस बिंदु से

पढ़ना जारी रखें जहां आप पहले रुके थे। इस तरह से पढ़ें, और अपने पढ़ने में चयनात्मक न हों। सबसे बुरी बात यह है कि जब लोग पहली बार ज़ुआन फालुन को पढ़ते हैं और फा का मूल्यांकन अपनी मानवीय धारणाओं के साथ करते हैं: "ओह, यह यहाँ सही लग रहा है। मुझे वहां बताई गई बातों पर संदेह है।" तब उसका पूरी पुस्तक पढना व्यर्थ होगा—उसे कुछ लाभ नहीं होगा, यह दुःख की बात है! ऐसा इसलिए है क्योंकि यह फा दिव्यलोक का एक गंभीर सिद्धांत है। मनुष्य को पता नहीं है कि उसके कितने बुरे कर्म हैं, या उसके विचार कहाँ से आते हैं। क्योंकि वह इस तरह के फा का मानव मन से मूल्यांकन करता है, वह कुछ भी देखने में सक्षम नहीं होगा। बिना किसी पूर्वधारणा के पुस्तक पढ़ें। पुस्तक को पढ़ने के बाद आप उसका मूल्यांकन कर सकते हैं। अपने पढ़ने की प्रक्रिया के दौरान इसका मूल्यांकन न करें।

शिष्य: सर्दियों में हमें बाहर व्यायाम करते समय बहुत भारी कपड़े पहनने पड़ते हैं, और हमारे हाथ बहुत आसानी से कपड़ो को छू जाते हैं। क्या यह ऊर्जा तंत्र के साथ हस्तक्षेप करेगा?

गुरु जी: जब आपके हाथ ठंड के मौसम में पहने जाने वाले भारी कपड़ों को छूते हैं, तो इससे आपके अभ्यास पर कोई असर नहीं पड़ेगा। जब ठंड बढ़ जाए, तो आपको व्यायाम के लिए दस्ताने पहनने चाहिए, और अपने आप को जमने ना दें । वास्तव में, अभ्यासियों को शीतदंश नहीं होता है, फिर भी कुछ लोगों को व्यायाम करते समय होता है। ऐसा क्यों हुआ? इसके बारे में सोचें : दाफा में किसी को भी साधना करने के लिए बाध्य नहीं किया जाता है—व्यक्ति को स्वयं इसे करने की इच्छा करनी पड़ती है। दाफा साधना के दौरान कई नए विद्यार्थी फा सीखने आते हैं। उनके पास इतना अच्छा या उच्च ज्ञानोदय गुण नहीं है, या इतने उच्च स्तर अभी तक नहीं हैं, और उनका अभी तक परीक्षण नहीं किया गया है, इसलिए हम अभी तक यह नहीं कह सकते कि वे यहां साधना करने आए हैं। दूसरे शब्दों में, यदि उन्हें हमारे वास्तव में साधना करने वाले शिष्यों के रूप में मानने से पहले शीतदंश हो जाता है, तो यह हमारे अभ्यास के लिए बहुत हानिकारक होगा, है ना? क्योंकि वे अभी शुरुआती स्तर पर हैं और अभी शामिल हुए हैं, यह अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है कि वे साधक हैं। यदि अभ्यास करते समय उन्हें शीतदंश हो जाए तो

इसका कितना बड़ा प्रभाव होगा। साधना करने के लिए हमेशा नए शिष्य आते रहेंगे, इसलिए आप इसे इस तरह नहीं कर सकते। ऐसा करने पर जोर देने के बाद से कुछ शिष्यों को शीतदंश हो गया है। यह, एक तरह से, उन्हें वास्तव में कर्म को समाप्त करने में सहायता करता है; और दूसरी तरह से, यह उन्हें यह एहसास करवाने में सहायता करने का एक तरीका है।

शिष्य: कुछ लोगों के व्यायाम करने का तरीका बहुत त्रुटिपूर्ण होता हैं। क्या यह ऊर्जा तंत्र और फालुन को प्रभावित करेगा?

गुरु जी: यदि व्यायाम करने का तरीका बहुत त्रुटिपूर्ण हैं तो यह एक समस्या है। थोडा सा इधर-उधर हो सकता है, हम यह आशा नहीं कर सकते कि हर कोई ठीक उसी तरह होगा जैसे कि वे एक ही सांचे से निकले हों। क्योंकि वे वैसे नहीं हैं जैसे वे मशीनों द्वारा बनाए गए थे, उनमें अंतर होना तय है। भले ही कोई भिन्नता न हों, लेकिन यदि आप दुसरे व्यक्ति से लम्बे-चौड़े हैं तो क्या फिर भिन्नताएं नहीं होंगी? कहने का तात्पर्य यह है कि सब कुछ एक जैसा होना असंभव है, है ना? लेकिन यदि आपके व्यायाम करने का तरीका बहुत अधिक भिन्न हैं, तो यह एक समस्या है। हमें अपने व्यायम करने के अपने तरीके को यथासंभव सटीक बनाना चाहिए।

शिष्य: क्या सर्दी की ठंड में या गर्मी के मौसम में बाहर व्यायाम करने से कर्म जल्दी समाप्त हो जाते हैं, जबकि घर के अंदर व्यायाम करने से नहीं होते हैं?

गुरु जी: जैसा कि मैंने कुछ समय पहले कहा था, बाहर व्यायाम करना निश्चित रूप से अच्छा है, लेकिन आप जानबूझकर कठिनाई की खोज नहीं कर सकते। यदि आप उत्तर में रहते हैं और सर्दियाँ में बहुत ठंडी होती हैं, तो आपको कोट और दस्ताने अवश्य पहनने चाहिए। वास्तव में, शीतदंश अधिक कर्म को समाप्त नहीं करता है। आपके नैतिक गुण का बढ़ना आपके सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। (तालियाँ)

शिष्य: हम चीन में गुरु जी को नहीं देख पाते। मेरे क्षेत्र के साथी शिष्य बार-बार मुझसे गुरु जी के प्रति अपना सम्मान उन तक पहुंचाने के लिए कहते हैं।

गुरु जी: आप सभी का धन्यवाद। (तालियाँ) मैं अच्छी तरह समझता हूँ कि चीन में शिष्य कैसा अनुभव करते हैं। जैसा कि आप देख सकते हैं, चीन के बाहर एक अनुभव साझा करने वाला सम्मेलन आयोजित करना बहुत सरल है। लॉस एंजिल्स में हमने अभी-अभी एक सम्मेलन किया है, और उसके बाद हम एक दूसरे से फिर से यहां मिल रहे हैं। चीन में शिष्यों के लिए यह बहुत कठिन है। चीन में दसियों लाख, लगभग 10 करोड़ शिष्य हैं, और वास्तव में उनके लिए मुझ से मिलना बहुत कठिन हो गया है। एक बार जब उन्हें पता चल गया कि मैं कहाँ जा रहा हूँ या मैं कहाँ रहूँगा, तो ऐसा लगता है कि सभी शिष्य वहाँ जाना चाहेंगे। हवाई जहाजों और ट्रेनों में क्षमता से अधिक लोग भर जाएंगे, सड़कें जाम हो जाएंगी, और सरकार को यह अस्वीकार्य लगेगा। इसलिए उनके लिए एक स्थिर वातावरण बनाए रखने के लिए, उन्हें बिना किसी हस्तक्षेप के साधना करने के लिए , और समाज को परेशान न करने या सरकार को असुविधा न देने, मैं उनसे इस तरह नहीं मिल सकता।

शिष्य: क्या गुरु जी को बेल्जियम जाने का अवसर मिलेगा? फा के प्रचार-प्रसार से संबंधित हमारी गतिविधियों के दौरान, हमने ऐसी स्थितियों का सामना किया है जिनमें अन्य लोग कक्षाओं या सेमिनारों के आयोजन के लिए शुल्क लेते हैं।

गुरु जी: मुझे बेल्जियम जाने का अवसर मिलेगा। (तालियाँ) जो कोई भी कक्षाएं या सेमिनार आयोजित करने के लिए शुल्क इकट्ठा करते हैं वह दाफा शिष्य नहीं है—वह निर्विवाद है। (तालियाँ) क्योंकि वह पैसे के लिए दाफा का आदान-प्रदान कर रहा है, यह कोई आम समस्या नहीं है। लेकिन यदि छात्र स्वेच्छा से किसी गतिविधि को आयोजित करने में सहायता करते हैं, तो मैं इसके विरूद्ध नहीं हूं। लेकिन इसके अलावा, यह अस्वीकार्य है।

शिष्य: हाल ही में मैंने अनुभव किया है कि पिछले साल की तुलना में इस साल समय और भी तेजी से बीत रहा है। इसका क्या अर्थ है?

गुरु जी: निःसंदेह, मैंने इस बारे में पहले भी बात की है। लोगों के लिए इस बात पर विश्वास करना कठिन हो सकता है कि मैं क्या कहता हूं, क्योंकि इस पर उच्च स्तर पर चर्चा की जानी है, और फिर भी आप इन चीजों के बारे में पूछते रहते हैं... मैंने वास्तव में ऐसा करने में हर काल-अवकाश पार किया है। अन्यथा—इसके बारे में सोचो—जब कोई जीव समय क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो वह उस समय में प्रतिबंधित हो जाता है; जब वह किसी अन्य समय क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो वह उस समय क्षेत्र से प्रतिबंधित हो जाता है। मेरा सारा जीवन समर्पित करने, या दस, सौ, एक हजार, या मेरे हजारों जीवन भी इस कार्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होंगे। क्योंकि मैंने ऐसा करने में हर काल अवकाशों को पार किया है, मैं किसी भी समय से प्रतिबंधित नहीं हूं। इसे शीघ्रता से करने के लिए, मुझे पूरे ब्रह्मांड के समय की गति बढ़ानी पड़ी। तो सबसे बड़ा फालुन अभी भी घूर्णन की गति को तेज कर रहा है और ऊपर से धकेल रहा है। पूरा ब्रह्मांड ऊपर से नीचे तक एक साथ जुड़ा हुआ है, इसलिए समय तेज और तेज होता जा रहा है। मोटे तौर पर, यह कितना तेज हो गया है? अलग-अलग अंतरिक्ष-समय में जीव इसे तेज अनुभव नहीं करते हैं क्योंकि यह कितना भी तेज हो, उनके आयामों में सब कुछ इसके साथ गति करता है। क्या आप समझ रहे हैं कि मेरे कहने का क्या अर्थ है? एक दिन में अभी भी चौबीस घंटे होते हैं और लोग अपने व्यवसाय में वैसे ही लगे रहते हैं। इस पूरे आयाम में समय को इतनी तेजी से आगे बढ़ाया गया है, फिर भी घड़ी अभी भी चौबीस घंटे के पैमाने के अनुसार चल रही है, इसलिए लोगों को यह नहीं लगता कि यह तेज है। और लोग हमेशा की तरह ही सूर्य के उगते और अस्त होने को दोहराते हुए देखते हैं। जब सब कुछ तेज हो रहा है, तो यहां भी सब कुछ तेज हो रहा है—आपका चयापचय, आपकी हर क्रिया, हर दृष्टि, और आपके सोचने का तरीका सभी इसके साथ तेजी से चल रहे हैं। इसी तरह, विभिन्न जीवों के रहने वाले वातावरण में भी तेजी आ रही है। सब कुछ तेज हो रहा है, इसलिए किसी को यह तेजी अनुभव नहीं होती है। तो यह कितना तेज़ हो गया है? आज लगभग एक दिन का समय एक सेकंड के बराबर है। वास्तव में, सोचा जाए तो, मनुष्य की स्थिति बहुत दयनीय है, फिर भी वे मानवीय चीजों को करने में अत्यंत व्यस्त हैं और फिर भी स्वयं को अद्भुत पाते हैं। मानव जाति अभी भी अपने विकास को

आगे बढ़ाना चाहती है। मानव जाति केवल मानव जाति है । जब वे अज्ञानवश स्वयं को नष्ट कर रहे होते हैं तो उन्हें इसका एहसास भी नहीं होता है। जिस दिन उन्होंने वास्तव में किसी व्यक्ति का क्लोन बनाया, उसी दिन परग्रही औपचारिक रूप से मनुष्यों का स्थान लेना शुरू कर देंगे। भगवान क्लोन किये गए मनुष्य के लिए आत्मा की व्यवस्था नहीं करेंगे, इसलिए जिस व्यक्ति का जन्म होगा वह एक लाश की तरह होगा। आत्मा के बिना यह जन्म के समय मृतहोगा। फिर क्या होगा? परग्रही इसका लाभ उठाकर उन शरीरों में प्रवेश करेंगे, और वे उनकी आत्मा बन जाएंगे।

शिष्य: क्या हम फल पदवी पर पहुंचने के बाद भी ज़ुआन फालुन का अध्ययन कर सकते हैं?

गुरु जी: दिव्यलोक के भगवान भी दाफा सीख रहे हैं, लेकिन शब्द ऐसे नहीं हैं। इसके बदले, वे अपने स्तर पर फा की अभिव्यक्ति हैं।

शिष्य: गुरु जी ने हमारे साधना मार्ग की व्यवस्था की। यदि हम जान-बूझकर अपने काम करने और रहने के वातावरण को बदलते हैं, तो क्या यह हमारी साधना को प्रभावित करेगा?

गुरु जी: मैं नहीं चाहता कि आप जानबूझकर कठिनाइयों को खोजें। लेकिन एक बात है: यदि परिस्थितियाँ अनुमति देती हैं और अनुकूल हैं, और आप एक अच्छा काम खोजना चाहते हैं, तो मैं आपके ऐसा करने का स्वागत करता हूँ। यदि परिस्थितियाँ योग्य हैं और अन्य कारक भी अनुकूल हैं, तो मुझे नहीं लगता कि रहने के लिए दूसरी जगह खोजने से कुछ भी प्रभावित होगा, और शायद यह भी आपकी साधना का भाग है। लेकिन निश्चित रूप से, यदि आप उन चीजों को करने पर जोर देते हैं जिन्हें प्राप्त करना असंभव है या यहां तक कि कठिनाइयों की खोज पर जोर देते हैं, तो शायद आप चीजों को बिगाड़ रहे हैं। जब आप दाफा में फा-सत्य से ज्ञानप्राप्ति का प्रयास करते हैं, तो आपको उन बातों पर विचार करने की आवश्यकता है और प्रकृति के मार्ग के विरूद्ध नहीं जाना चाहिए।

शिष्य: गुरु जी ने कहा कि हमें फा पर टिप्पणी या विश्लेषण नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सोचते हैं कि हम फा की अपनी समझ और ज्ञान के बारे में भी बात नहीं कर सकते हैं।

गुरु जी: यह कैसे उचित हो सकता है? क्या आज हमारे लिए यहां बैठना और बात्तों पर चर्चा करना अनुचित है? आप इसे इस तरह नहीं समझ सकते। यदि आप अपनी समझ और अनुभवों के बारे में बात भी नहीं कर सकते हैं जैसे हम आज के सम्मेलन में कर रहे हैं, तो मैं कहूंगा कि यह अनुचित है। दूसरी ओर, यदि आप उन चीजों पर भाषण देना चाहते हैं जिनसे आपके मोहभाव हैं और छोड़ नहीं दे रहे हैं, और आपके मोहभाव फा को ठीक से नहीं समझने का कारण बनता है या दाफा [से संबंधित बातों] की दिशा में समस्या डालता है, तो आपको सोचना चाहिए कि दूसरे आपको बोलने क्यों नहीं देते। यदि आपको ये समस्याएं नहीं हैं, तो दूसरा पक्ष गलत है। यदि इस पवित्र सम्मेलन में आप किसी की आलोचना करने के लिए मेरे मुख का उपयोग करना चाहते हैं तो आप सफल नहीं होंगे, क्योंकि मैं देख सकता हूं कि आपके विचार कहां से आ रहे हैं।

शिष्य: एक दिन अचानक मुझे अनुभव हुआ कि "गुरु जी" शब्द को बिल्कुल नया अर्थ दिया गया है। यह सबसे पवित्र शब्द है।

गुरु जी: तो ऐसा इसलिए है क्योंकि इस शब्द के पीछे का अर्थ आपके सामने प्रकट हो गया है। दाफा के किसी भी शब्द को कम मत समझिए। हर एक शब्द के पीछे बुद्ध उपस्थित हैं, और हर एक शब्द फा है। इसलिए जब कुछ लोग कहते हैं, "मैंने फा को चयनात्मक रूप से पढ़ा" और वे एक भाग या दूसरे को छोड़ देते हैं, या वे कहते हैं कि वे एक भाग को समझ सकते हैं लेकिन दूसरे अनुच्छेद से असहमत हैं, तो वे इससे कुछ भी प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

शिष्य: आपने अलग-अलग स्तरों पर अलग-अलग दिव्यलोक बनाए हैं। इन दिव्यलोक के नाम क्या हैं?

गुरु जी: मनुष्यों को शाक्यमुनि के स्तर तक ही तथागतों के बारे में जानने की अनुमति है। आपको उच्च स्तर पर भगवानों के बारे में कुछ भी जानने की अनुमति नहीं है। मैंने इस बारे में पहले भी कई बार बात की है—मैंने शुरुआती दिनों में भी इस पर चर्चा की थी। मनुष्य को जानने की अनुमति नहीं है। मनुष्यों को उच्च स्तर पर भगवानों के नाम जानने की अनुमति नहीं है। मनुष्यों को उनका नाम लेने की अनुमति नहीं है, क्योंकि यह भगवान की निंदा करने जैसा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके लिए मनुष्य बहुत कमतर हैं। मैं आपको बताता हूं, भगवान कभी भी मनुष्यों को अपना परिजन नहीं मानते। भले ही उन्हें मनुष्यों पर दया है और उनके प्रति करुणा है, लेकिन वे जिस पर दया करते हैं वह मानव जीवन रूप है। वे फिर भी मनुष्य को एक जानवर मानते हैं (जो कि विकासवाद के सिद्धांत में परिभाषित समान अवधारणा नहीं है)।

शिष्य: फालुन दाफा ने प्रागैतिहासिक काल में बड़े पैमाने पर लोगों को बचाया। मानव जाति के इस चक्र में पहली बार इतना उच्च स्तरीय फा सिखाया जा रहा है। क्या अतीत में फा की शिक्षा वैसी ही थी जैसी अब सिखाई जा रही है?

गुरु जी: सबसे पहले, आदिकाल से, ब्रह्मांड के इस फा को सिखाने वाला पहला व्यक्ति कौन था? दूसरी बात, यदि बाद के इतिहास में मैंने ब्रह्मांड के इस महान फा का एक भाग सिखाया, तो क्या मैं इस फा को नहीं सिखा रहा था? जब मैं मनुष्यों को फा सिखाता हूं, तो क्या मेरे लिए फा के बारे में उस उच्च स्तर पर बात करना आवश्यक है? नहीं। यदि इतिहास में मैं फा को सुधारने के लिए नहीं आया और केवल फा के उस भाग को सिखाया जो लोगों को बचा सकता था, तो क्या वह ब्रह्मांड का फा नहीं था? मैंने केवल उस स्तर पर सिखाया है जिस स्तर पर मनुष्य जानने के अधिकारी थे, उससे ऊँचा नहीं। क्या वह भी वही फा नहीं था? यह वही फा था।

शिष्य: ब्रह्मांड में जीव जन्म क्यों लेते हैं?

गुरु जी: जिस प्रकार सूक्ष्मजीव मनुष्य को समझने के लिए अपने सोचने के तरीकों का उपयोग नहीं कर सकते हैं, वैसे ही मानव मन कभी भी यह पता लगाने

में सक्षम नहीं होगा कि भगवानों का अस्तित्व किस प्रकार होता है और वे सोचते कैसे हैं। मनुष्य ब्रह्मांड को भी नहीं समझते हैं, और उन्हें पता नहीं है कि यह कैसा है, तो वे ब्रह्मांड में चीजों के बारे में कैसे पूछ सकते हैं? यह प्रश्न पूछना ऐसा होगा कि "ब्रह्मांड का अस्तित्व क्यों होना चाहिए?" हम इस बात की चिंता नहीं करेंगे कि ब्रह्मांड क्यों है या जीवन क्यों है, क्योंकि ये ऐसी चीजें नहीं हैं जिन्हें आप जान सकते हैं या जानना चाहिए। यहां तक कि जब आपने उच्च स्तर तक साधना कर ली हो, चाहे वह कितनी भी ऊँची हो, ये ऐसी चीजें नहीं हैं जिन्हें आप जानेंगे। निःसंदेह, जीवन या अन्य चीजों के बिना खाली ब्रह्मांड बनाना व्यर्थ होगा, है ना? मानवीय शब्दों का प्रयोग करते हुए, यह प्रभु (राजाओं के राजा), या, सभी बुद्धों, ताओ और भगवान के आदरणीय प्रभु थे, जो इसे इस तरह से चाहते थे।।

शिष्य: जीव के अस्तित्व का मौलिक अर्थ क्या है?

गुरु जी: आप ब्रह्मांड और जीवन के अर्थ के बारे में सोचने के लिए मानवीय सोच का उपयोग कर रहे हैं—यह वह बिल्कुल नहीं है जो मनुष्य इसे समझते हैं। आइए मनुष्यों के बारे में बात करें: यदि मनुष्य जीवन से ऊब गए होते, तो मुझे फा की शिक्षा देने के लिए आने की कोई आवश्यकता नहीं होती। ऐसा इसलिए है क्योंकि हर कोई जीना चाहता है। मैं आपसे सामान्य रूप से मनुष्यों के बारे में बात कर रहा हूँ। वास्तव में, जो मैं सिखाता हूं उसके आंतरिक अर्थ के बारे में आपको कोई जानकारी नहीं है जो कि आप जो जानने में सक्षम हैं उससे उच्च है। विभिन्न स्तरों पर जीवों के अस्तित्व के अपने अर्थ होते हैं और सभी के पास अपने अस्तित्व की अपनी सच्ची समझ होती है। उनके स्तर की सच्ची समझ आपकी समझ से बिल्कुल अलग है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मनुष्य की समझ उलट जाती है, वे सत्य को नहीं देख सकते हैं, वे अपना भविष्य नहीं देख सकते हैं, वे चीजों को पूरी तरह से समझने में सक्षम नहीं हैं, और वे चीजों का सही अर्थ नहीं देख सकते हैं। विज्ञान कितना भी उन्नत हो गया हो, वह अभी भी इस आयाम में रेंग रहा है। इसलिए आपके पास इतने असामान्य विचार हैं। यदि आप बिना किसी पूर्व-निर्धारित धारणा से चीजों का मूल्यांकन कर सकते हैं, तो आप अविश्वसनीय रूप से असाधारण भगवान बन जाएंगे। लेकिन मनुष्य के लिए ऐसा करना असंभव है। आप कह सकते हैं: "मैं यह कर सकता हूँ। आप देखिए, मैं जो कहता हूं वह सब

दूसरों के हित के लिए है, बिना किसी अन्य विचार के, फिर भी दूसरों को यह पसंद नहीं है।" क्या यह सच है कि आपके शब्दों में कोई अन्य विचार नहीं है? क्या आप जन्म के बाद बनी आपकी धारणाओं के मिश्रण, अलग-अलग समय अवधि में बनी आपकी धारणाओं और आपके बोलने पर आपके विचार कर्म के प्रभाव को महसूस करते हैं? मनुष्य के विचार कभी शुद्ध नहीं होंगे। कुछ ऐसे विचार आपके सामने प्रकट किये जा सकते हैं, तो आप समझ पाते हैं; कुछ को नहीं, इसलिए आप नहीं जान पाते। कुछ लोगों को पता ही नहीं चलता कि ये विचार कब प्रकट हुए। तो आप जो कहते हैं उसके कारकों में बहुत अधिक जटिल चीजें शामिल हैं। मनुष्यों के लिए देवताओं के वचन बिल्कुल शुद्ध होते हैं। आप कहते हैं कि आप दयालु हैं (सिबेई), लेकिन वास्तव में आपकी दया में विभिन्न समय अवधियों के दौरान मिश्रित मानवीय धारणाओं के कई कारक हैं। आपकी सोच मानवीय सोच है, और इसमें सब कुछ शामिल है। आपके मन द्वारा उत्सर्जित विचारों में कुछ भी और सब कुछ होता है। यह ठीक इसीलिए है कि वह साधना करता है जिससे हर उस चीज़ को समाप्त कर दिया जाये जो अशुद्ध और अपूर्ण है।

शिष्य: रोना एक निश्चित अवधि के लिए ही एक अवस्था होनी चाहिए, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मैं उस अवस्था से बाहर क्यों नहीं आ पा रहा हूँ?

गुरु जी: यह विघ्न हो सकता है। आप लंबे समय के बाद भी इसे पार क्यों नहीं कर पा रहे हैं? इतना रोओगे कि फा को भी नहीं सुन पाओगे तो अनुचित होगा। निःसंदेह, मैं इस शिष्य का उल्लेख नहीं कर रहा हूं। यदि कुछ चीजों की बात आती है—जब तक कि यह आपकी साधना में विघ्न उत्पन्न नहीं करता—आप इस अवस्था का अनुभव करते हैं, तो संभव है कि अन्य कारण भी हों। [उदाहरण के लिए,] आपने अतीत में गलतियाँ की हैं, आप देखते हैं कि आप कैसे परिवर्तित हो गए हैं—वे सभी परिवर्तन जो हुए हैं जो आपकी सोच से परे हैं—या [आप देखते हैं कि] आपको नर्क से बचा लिया गया है, शुद्ध किया गया है, और यहां तक कि ये सभी उत्कृष्ट चीजें भी दी गई हैं। तो आप कैसे नहीं रोओगे?

या, संभवतः किसी जीवनकाल में आपका मुझसे संबंध था, या अन्य कोई संभावनाएं। वे कारण हो सकते हैं।

शिष्य: मान लीजिए, उदाहरण के लिए, जब *18* कैरेट सोने जैसे शुद्ध विश्व में जन्म लेने वाले जीव अब शुद्ध नहीं रहे हैं, तो फा के सुधार होने के बाद उन्हें *24* कैरेट सोने के विश्व में लौटने के लिए, वे स्वयं को उच्च आदर्शों का पालन कर के ही फल पदवी तक पहुंच सकते हैं। क्या यह सही है?

गुरु जी: यह सही है। लेकिन यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे तुरंत प्राप्त किया जा सकता है; बल्कि, यह धीरे-धीरे साधना की सतत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। उस बिंदु पर पहुंचने पर, सब कुछ बहुत सहज और स्वाभाविक हो जाएगा, और आपसे कुछ भी बलपूर्वर् नहीं करवाया जाएगा। इसके बारे में बात करते हुए, मुझे वह याद आया जब मैं शुरुआत के वर्षों में आपके लिए कुछ चीजों का ध्यान रख रहा था। आपके अस्तित्व के सबसे सूक्ष्म स्तर पर सब कुछ संभालने के बाद, मुझे लगा कि अभी भी कुछ सही नहीं है। और भी गहरे छिपे हुए स्थानों में जहां आपका अस्तित्व सृजित हुआ था, मैंने पाया कि वह मूल पदार्थ भी पतित हो गया था, और यह कि उसने उन सभी चीजों को हठपूर्वक बना लिया था जिन्हें बदला नहीं जा सकता था। उस स्थिति में, दूसरे भगवानों की दृष्टि में, जीवों की मूल प्रकृति भी अब अच्छी नहीं रही थी और इस ब्रह्मांड को और अधिक रहने देना असंभव था। लेकिन मैंने आपके लिए वह सब उलट दिया। (तालियाँ) यह करना सच में कठिन काम था। जरा सी भी चूक या इसे ठीक से न करने से आपके भविष्य के हर पहलू पर प्रभाव पड़ता। इसे करना अत्यंत कठिन था। अंत में मुझे याद आया कि जब मैंने फा-सुधार पर काम करना शुरू ही किया था, तो यह वास्तव में कठिन था। मैं जिस बारे में बात कर रहा हूं वह आपके यहाँ के अस्तित्व की वास्तविकता है, लेकिन क्या उच्च स्तर पर वैसी ही और इससे भी अधिक सूक्ष्म परिस्थितियां नहीं हैं? इसलिए यह करना बहुत कठिन काम था, लेकिन मैंने इसे किया, आदर्शों को पूरा किया, और अब तक के सर्वोत्तम आदर्शों को पार कर गया।

मैंने यह भी पाया कि मानव जाति का अध:पतन बहुत उच्च स्तर पर चीजों के पतित होने के कारण हुआ था। और वे विकृत चीजें बहुत हठी हैं। जिस तरह से यह सीधे यहां मनुष्यों के बीच प्रकट होता है, उसे आज के युवाओं के बाहरी व्यवहार में देखा जा सकता है, जिनमें गैर-जिम्मेदार, अनुशासनहीन और आत्म-नियंत्रण की कमी है। वे चीखते और चिल्लाते हैं, अजीब तरह से संगीत पर नृत्य करते हैं और

वीडियो गेम खेलते हैं। संक्षेप में, उनका मन तथाकथित आधुनिक जीवन शैली की उन बातों से भरा हुआ है।

शिष्य: मैं अर्ध-कमल की स्थिति में ध्यान करता हूं। मेरे पैरों में जो तेज दर्द होता है वह लगातार होता है, रुक-रुक कर नहीं।

गुरु जी: निश्चित रूप से, मैं जिस लगातार होने वाले दर्द का उल्लेख करता हूं, वह तब होता है जब व्यक्तिो पूर्ण-कमल की स्थिति में आने में सक्षम होता है—फिर रुक-रुक कर दर्द होता है। जब आप अपने पैरों को एक-दूसरे पर सफलतापूर्वक चढ़ाते हैं तो दर्द स्थिर रहता है, और ऐसा इसलिए है क्योंकि आपने पहले कभी अपने दोनों पैरों को नहीं मोड़ा है। या, यदि आपने अभी-अभी आपने पैरों को इस प्रकार मोड़ा है, तो वास्तव में दर्द लगातार होगा, जैसे कि यह एक पल के लिए भी सहन नहीं किया जा सकता है और आपको तुरंत अपने पैरों को खोलना होगा। आपके अंदर यही भावना है। आप दर्द से कांपते हैं, जिसे सहना मुश्किल होता है और आपके मन को चुभता और परेशान करता है। मैं हर उस चीज को गहराई से समझता हूं जिससे आप गुजरते हैं। यदि हम इस स्थिति के बारे में बात करें, तो हम इसके बारे में दो कोणों से बात करेंगे: शायद आपने पहले कभी अपने पैरों को इस प्रकार नहीं मोड़ा है और इसलिए आपके पैरों की हड्डियां कठोर हैं और टेंडन लचीले नहीं हैं; या, यह बुरे कर्म का परिणाम हो सकता है। दोनों संभव हैं।

शिष्य: मुझे हमेशा लगता है कि मैं दाफा की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा हूँ, और मुझे हमेशा लगता है कि मेरे पास पर्याप्त समय नहीं है। क्या वह मोहभाव है?

गुरु जी: बाद वाला भाग मोहभाव है। पहला भाग सही कहा गया था। इस बारे में बिल्कुल भी चिंता न करें कि समय [पर्याप्त होगा या नहीं]। जब तक आप साधना करना जारी रखते हैं तब तक आप फल पदवी की ओर बढ़ रहे होते हैं। लेकिन एक बात है: आपको परिश्रमी होना है! यदि आप कहते हैं, "मैं अपना समय लूंगा, दस

साल, आठ साल, या बीस साल—मैं इसे थोड़ा-थोड़ा करके करूंगा," तो मैं आपका इंतजार नहीं करूंगा।

शिष्य: जिन जीवों को बचाया जाएगा और जिन्हें साधना में सफल हुए लोगों के दिव्यलोक में लाया जायेगा, क्या उनका साधकों के साथ पूर्वनिर्धारित संबंध है?

गुरु जी: आपके दिव्यलोक में सभी जीवों के मानव संसार में आपके साथ पूर्वनिर्धारित संबंध हो सकते हैं। मैं जो देख रहा हूं वह आपका मन है। जब आप फल पदवी पर पहुँचते हैं, तो आपको जो चुकाने हैं उन ऋणों का क्या? जब आप साधना कर रहे होते हैं, मैं आपके दिव्यलोक को फल पदवी तक पहुंचा रहा होता हूं। जिन जीवों के आप ऋणी हैं उनमें से कुछ आपके दिव्यलोक में सामान्य जीव बन जाएंगे, और फिर निश्चित रूप से वे इसके बारे में खुश होंगे। यह आपकी दया और आपके महान-पुण्य का प्रतिबिंब है, और साथ ही आपने उन्हें बचाया है, जो एक अच्छा कार्य होगा। (तालियाँ)

शिष्य: क्या यह कहना उचित है कि साधना के दौरान फा की ज्ञान प्राप्ति पाना ज़ेन-शान-रेन के विशिष्ट आंतरिक अर्थ की ज्ञान प्राप्ति पाने के उद्देश्य से है, जो उच्चतम स्तर पर है?

गुरु जी: ऐसा नहीं है। मैं जिस ज्ञानप्राप्ति की बात कर रहा हूं उसका संदर्भ यह है कि क्या आप अपनी साधना के दौरान हर चीज को पवित्र विचारों के साथ संभालने में सक्षम हैं। मैंने अभी जो वाक्य कहा है, वह ठीक उसी प्रकार की ज्ञानप्राप्ति का वर्णन करता है, जो दाफा में साधना के दौरान होता है। यह आपके यहाँ बैठकर उद्देश्य के साथ सोचने, या किसी निश्चित शब्द का कोई अर्थ निकालने का प्रयास करने के बारे में नहीं है। यह ऐसा नहीं है। कुछ लोग इन बातों को समझने में धीमे होते हैं। जब उन्हें थोड़ी सी भी असुविधा होती है, तो वे मुझसे पूछते हैं कि वे स्वस्थ महसूस क्यों नहीं कर रहे हैं: "गुरु जी, मेरा स्वास्थ्य खराब कैसे हो सकता है?" या, वे किसी और से पूछ सकते हैं, "आज मुझे क्या हो रहा है?"

अगले दिन जब वे परेशान करने वाली चीजों का सामना करते हैं, [वे कहेंगे,] "क्यों परेशान करने वाली चीजें हमेशा मेरे साथ हो रही हैं?" तब हम कहेंगे कि इन लोगों में ज्ञानोदय का गुण कम है। वास्तव में, जब उन्हें शारीरिक परेशानी होती है, तब उनकी बीमारियां दूर हो रही होती हैं, या यह उनके गोंग के विकसित होने की अभिव्यक्ति होती है। फिर भी वे इसे एक बुरी चीज मानते हैं। जब वे विपत्तियों का सामना करते हैं, तो यह उनके लिए अपने नैतिकगुण में सुधार करने का एक अवसर होता है। उन्हें स्वयं साधना करने की आवश्यकता है। ऐसी परिस्थितियों के बिना, वे इसे कैसे पूरा कर सकते थे? यदि वे इसे नहीं भुगत सकते और यह सहन नहीं कर सकते तो वे साधना कैसे कर सकते हैं? उनके लिए साधना करना असंभव होगा। इससे पता चलता है कि इन लोगों का ज्ञानोदय का गुण इतना कम है। मैं इस तरह के ज्ञानोदय की बात कर रहा हूं।

शिष्य: चीन और विश्व में बहुत से लोग हैं जो साधना अभ्यास नहीं करते हैं। गुरु जी, कृपया उन्हें कुछ सबसे महत्वपूर्ण बातें बताएं।

गुरु जी: फा के विषय में सारी बातें जो मैं करता हूं उसका एक अर्थ और उद्देश्य है। मानवजाति केवल मानवजाति है। आप मुझे मनुष्यों को क्या बताने के लिए कह रहे हो? मैं आपको बता दूं... मैं आपको कह सकता हूं कि मैं आपको मनुष्य के रूप में नहीं मानता, क्योंकि आप ऐसे लोग हैं जो साधना कर रहे हैं और भगवान-स्वरुप हैं। (तालियाँ)

शिष्य: सहायता केंद्र केवल [दाफा] शिष्य को अपने आस-पास अभ्यास करने की अनुमति देता है, और सामूहिक गतिविधियों को फा का प्रचार-प्रसार करने या अभ्यास करने की अनुमति नहीं देता है।

गुरु जी: आपने जिस स्थिति का वर्णन किया है वह आपकी अपनी गलतफहमी हो सकती है; यह उस सहायता केंद्र के स्वयंसेवक के कार्य में गलती भी हो सकता है। दोनों ही संभव हैं। मैं आपके लिए इस पर विशेष रूप से टिप्पणी नहीं कर सकता। लेकिन आपको एक बात याद रखने की आवश्यकता है जो मैंने कही है: जब दो लोगों में संघर्ष होता है और तीसरा व्यक्ति इसे देखता है, तो तीसरे व्यक्ति को भी

सोचना चाहिए कि क्या उसमें भी कोई समस्या है—"मैंने इसे क्यों देखा?" संघर्ष में शामिल दो लोगों के लिए यह और भी अधिक लागू होता है। उन्हें स्वयं की और भी अधिक जांच करनी चाहिए, क्योंकि उन्हें आंतरिक रूप से स्वयं साधना करने की आवश्यकता है। इसलिए जब आप पाते हैं कि आप किसी बात से सहमत नहीं हैं, तो क्या यह इसलिए है कि यह आपकी धारणाओं के अनुरूप नहीं है, या यह दाफा के अनुरूप नहीं है? आपको इसकी भी जांच करनी चाहिए। यदि आप सही हैं, तो दाफा के प्रति उत्तरदायी होने के कारण, आप स्वयंसेवक के साथ अपना तर्कसंगत और उचित दृष्टिकोण रख सकते हैं। मुझे लगता है कि क्योंकि वह एक साधक है इसलिए वह इसपर ध्यान देगा। यह इस तरह होना चाहिए।

शिष्य: शास्त्र "दृढ़ संकल्प" में गुरु जी कहते हैं कि अन्य आयामों से विघ्न, शिष्यों से संपर्क करने और उन्हें हानि पहुंचाने के लिए विभिन्न साधनों का उपयोग कर रहा है।

गुरु जी: मुझे इसे इस तरह से कहने दें: आप वो सब नहीं कर सकते, जो आपको बताया जाता है, यदि वह दाफा के अनुरूप नहीं है, आपको व्यायाम करने की जो भी विधि सिखाई जाती है, यदि वह फा के व्यायाम करने की विधि नहीं है, तो आप उसे नहीं सीख सकते, और आप कुछ भी करने के लिए उनका अनुसरण नहीं कर सकते जो हमें दाफा में नहीं करना चाहिए। [जब तक आप ऐसा करते हैं] यह उचित है। कुछ दुष्ट चीजें मेरे सिद्धांत शरीर होने का दिखावा करती हैं। अपने आप को अच्छी तरह से संभालें और दाफा के साथ चीजों का मूल्यांकन करें। यदि कोई उन सिद्धांत शरीरों पर निर्भर रहता है कि उन्हें क्या करना है, तो वह असुरों को आकर्षित करना होगा।

शिष्य: गुरु जी, क्या आप हमें कुछ बातें बता सकते हैं जो आपने फा प्रदान करते समय की थी?

गुरु जी: जो मैं आपको बता सकता हूं वह केवल यह फा है, और उच्च स्तरों की ओर साधना कैसे की जाए। बस अपना ध्यान उसी पर केंद्रित करें। अन्य सभी चीजें जो

आप जानना चाहते हैं, फल पदवी के बाद तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। अब अपना समय कल्पना करने में न लगाएं।

शिष्य: गुरु जी द्वारा शिष्यों को फालुन प्रदान करने का एक गहरा अर्थ है, जो यह है कि जब हम फल पदवी तक पहुँच जाते हैं और अपनी मूल स्थिति में वापस आ जाते हैं, तो हम फिर कभी नीचे नहीं गिरेंगे।

गुरु जी: मेरा यही उद्देश्य है। (तालियाँ)

शिष्य: गुरु जी, क्या आप अपनी आभा अफ्रीका में बिखेर सकते हैं?

गुरु जी: कुछ चीजें वैसी नहीं होती जैसी आप कल्पना करते हैं। वास्तव में, कुछ चीनी शिष्य अपने पिछले जन्मों में अश्वेत लोग थे; हमारे कुछ कोकेशियान शिष्य संभवतः भी अश्वेत थे। कहने का तात्पर्य यह है कि, यह जो इतना विशाल है उतना सरल नहीं है जितना कि सतही रूप से आप उसकी कल्पना करते हैं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति को पीछे नहीं छोड़ूंगा जिसे बचाया जाना चाहिए। (तालियाँ) मैं आशा करता हूँ कि आप पुस्तकें पढ़ेंगे और फा का खूब अध्ययन करेंगे, और स्वयं में लगातार सुधार करते रहेंगे।

शिष्य: कृपया बताएं कि जब आप फा सिखाना बंद कर देंगे तो हम फालुन दाफा को धर्म बनने से कैसे रोक सकते हैं।

गुरु जी: आपको इसकी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जब तक मैं इस मानव संसार में सब कुछ पूर्ण नहीं कर लेता, तब तक मैं इस दाफा के साथयहीं रहूंगा। (तालियाँ)

शिष्य: जब मुझे कुछ चीज़ें करने में आनंद आता है, तो मुझे अपराध बोध होता है। ऐसा क्यों है?

गुरु जी: मैं आपको यह बताता हूँ: आवश्यक नहीं कि बहुत सी सुखद चीजें अच्छी हों। क्यों? ऐसा इसलिए है क्योंकि आजकल लोगों ने स्वयं को वर्त्तमान समय की प्रवृत्तियों के अनुकूल बना लिया है, और चीजों के नकारात्मक पक्ष के अस्तित्व को पहचानने में असमर्थ हैं। यदि आप अतीत में लोगों के प्राचीन मूल्यों के साथ चीजों का आंकने में सक्षम हैं, तो आप पाएंगे कि [आज की कई चीजें] अनुचित हैं। यदि आप दाफा के साथ उनका मूल्यांकन करते हैं, तो आप पाएंगे कि वे और भी अनुचित हैं, और फा के साथ असंगत हैं। इसके अलावा, मौज-मस्ती करने की तीव्र इच्छा एक ऐसा मोहभाव है जो आपके दाफा की साधना को प्रभावित करेगा।

शिष्य: कभी-कभी, मेरे नैतिकगुण में सुधार का एक दृश्य मेरे मन में कौंधता है, जिससे मुझे लगता है कि यह वास्तव में हुआ है।

गुरु जी: नैतिक गुण में सुधार का एक सुखद दृश्य निश्चित रूप से एक अच्छी बात है, और यह वास्तविक है। वर्तमान में, जो आप अनुभव करते हैं उसे केवल आपकी समझ से ही अनुभव किया जा सकता है और साधारण लोगों की वास्तविकता में अभी तक प्रकट नहीं किया जा सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आप अभी भी साधना कर रहे हैं, अभी भी मानव शरीर के साथ साधना कर रहे हैं। और बहुत सी बुरी चीजें हैं जो मानव शरीर में मौजूद हैं, इसलिए उनके रहते आप देवों की तरह नहीं दिख सकते। वैसे, मैं फिर से कुछ चीजों का उल्लेख करूंगा। हाल ही में, कई लोगों ने, जिनमें नए शिष्य और अनुभवी शिष्य दोनों शामिल हैं, ने तीसरे नेत्र के प्रति गहरा मोहभाव विकसित किया है। मैं आपको एक ऐसी बात बताता हूँ जो बिल्कुल सत्य है, और इन सबके पीछे एक प्रमुख कारण है: आपके मन में बहुत से बुरे विचार और धारणाएँ हैं, और यदि आपके तीसरे नेत्र का विवेक नेत्र मानवीय आयाम से परे के दृश्यों को देखता है, तो वे चीजें भी उन दृश्यों को देख रही होंगी। लेकिन उन बुरी चीजों को यह देखने की अनुमति नहीं है कि वास्तव में देव कैसे होते हैं। क्या आप समझ रहे हैं? इसलिए बहुत से लोग अभी के लिए नहीं देख पा रहे हैं।

शिष्य: मैं अपने नैतिकगुण की स्थिति से अवगत हूं, और साथ ही, मुझे लगता है कि मुझमें असुर स्वभाव हैं। मुझे अपने असुर स्वभाव को कैसे समाप्त करना चाहिए?

गुरु जी: यह वास्तव में एक उत्कृष्ट स्थिति है। दूसरे शब्दों में, आप स्वयं के बुरे पक्ष को समझने में सक्षम हैं, इसलिए आपको इसे विकर्षित करना चाहिए, इसका विरोध करना चाहिए और इसे अस्वीकार करना चाहिए। आपको इसे अपने मन से हटाना चाहिए, उन विचारों का पालन नहीं करना चाहिए और उन बुरे कामों को करना बंद कर देना चाहिए। तब आप साधना कर रहे होंगे और सुधार कर रहे होंगे—इसे साधना कहते हैं।

शिष्य: समूह अभ्यास में, क्या प्रत्येक अभ्यास से पहले आपके द्वारा कहे गए सूत्र को केवल ऊंचे स्वर में सुनना बेहतर है, या इसे एक साथ ऊंचे स्वर में बोलना?

गुरु जी: अपने मन में इसे पढ़ना ही पर्याप्त है—हम हमेशा अपने मन में उन सूत्रों का पाठ करते हैं, है ना? लेकिन मैं आपके द्वारा उन्हें ऊंचे स्वर में पढ़ने का विरोध नहीं करता। निःसंदेह, यदि आप उन्हें ऊंचे स्वर में पढ़ते हैं, तो समूह अभ्यास के दौरान इसे एक साथ पढ़ना अच्छा होगा। यह आप पर निर्भर करता है। मुझे इसके तरीकों से कोई सरोकार नहीं है। लेकिन जब आप समूह अभ्यास के दौरान एकसमान और व्यवस्थित रूप से एक सुर में होते हैं, तो यह लोगों पर एक अच्छा प्रभाव छोड़ेगा, है ना? इसे अपनी स्थिति के अनुसार करें। मैं इसका विरोध नहीं करूंगा, और मैं आप पर कोई नियम नहीं थोप सकता। इसे अपनी परिस्थितियों के अनुसार करें—जो आपको अच्छा लगे वही करें।

शिष्य: गुरु जी, कृपया चीन के सभी शिष्यों से कुछ शब्द कहें। फा का अध्ययन करने और अपने विकास में और परिश्रमी होने में यह हमारे लिए अमूल्य होगा।

गुरु जी: वास्तव में, मैंने अभी जो कुछ भी बात की थी, वह चीन के शिष्यों के लिए भी थी, क्योंकि मुझे पता है कि आपके द्वारा टेप की गई वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग को चीन में प्रसारित किया जाएगा। (तालियाँ)

शिष्य: आपने भावनात्मक मोहभाव को समाप्त करने की बात कही है। फिर भगवान आंसू क्यों बहाएंगे?

गुरु जी: ये दया के आंसू हैं। और एक भगवान की भावनाएँ और अनुभूतियाँ मनुष्यों से बिलकुल भिन्न होती हैं। वे बिल्कुल समान स्तर पर नहीं हैं, न ही वे एक ही अवधारणा हैं। इसके अलावा, ऊँचे और उससे भी ऊँचे स्तरों के भगवान मनुष्यों के लिए आँसू नहीं बहाएँगे। वे केवल अपने से नीचे के जीवों के लिए आंसू बहाते हैं, क्योंकि उनकी दृष्टि में मनुष्य केवल मनुष्य होते हैं।

शिष्य: मेरे मन में मैं सोचता हूँ कि मुझे कुछ नहीं करना। गुरु जी के शास्त्रों को पढ़ने के बाद, मैं स्तब्ध और अत्यावश्यकता अनुभव करता हूँ, फिर भी मैं अपने मन को गति नहीं दे पाता हूँ।

गुरु जी: ऐसा इसलिए है क्योंकि आलस्य ने आपको हराना शुरू कर दिया है, इसलिए आपको इससे बाहर निकलना होगा। इसका सामना सभी करेंगे। कभी-कभी यह बहुत प्रबलता से प्रकट होता है; और कभी-कभी यह अपेक्षाकृत हल्का होता है। यही आपको अभ्यास करने या अपनी साधना में परिश्रमी होने से रोकता है। इससे बाहर निकलें ! इसे भेद कर निकलें। हो सकता है कि इसकी जकड़, या इस बाधा की जड़, आपका मोहभाव हो, और यदि आप इसे छोड़ देते हैं तो आप इसे तुरंत पार कर सकते हैं और इसे भेद सकते हैं। (तालियाँ)

शिष्य: भविष्य के ब्रह्मांड को मूल जीवों की आवश्यकता है, इसलिए गुरु जी आए। क्या इसलिए कि पृथ्वी पर ऐसे कई मूल जीव हैं?

गुरु जी: मैं यहाँ कुछ "मूल जीवों" को बचाने के लिए नहीं आया हूँ। वह विचार उचित नहीं है। जब मैं इस मानव स्थान पर फा सिखाता हूं, तो अन्य सभी आयाम भी फा को सुन सकते हैं, इसलिए मैं फा को सिखाने के लिए यहां आया था। अन्यथा, यदि मैं दूसरे स्तर पर फा की शिक्षा दूं, तो उस स्तर से नीचे के जीव इसे

सुनने में सक्षम नहीं होंगे, जिसमें मनुष्य भी शामिल हैं। निःसंदेह, सभी स्तरों पर मूल जीव होते हैं।

शिष्य: चीन बौद्धों से जुड़ी कुछ चीजों में बड़े पैमाने पर व्यस्त हो रहा है। यह किस बारे में है?

गुरु जी: हमें इन बातों से कोई सरोकार नहीं रखना चाहिए—ये सभी साधारण लोगों के विषय हैं। उनके बौद्ध-संबंधी कार्य करने का उद्देश्य आशीर्वाद प्राप्त करना या उससे धन कमाना है। वे पैसे कमाने या पर्यटन के लिए देवालय बनाते हैं। मानवजाति केवल मानवीय बातें कर रही है। हमें इससे कोई सरोकार नहीं रखना चाहिए। क्योंकि बौद्ध धर्म मानवजाति का भाग बन गया है, मानवजाति जो कुछ भी करती है, उसे करने दो।

शिष्य: चीन के उन्नीस विभिन्न प्रांतों, शहरों या जिलों और तैंतीस क्षेत्रों से इस सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी शिष्य अपने-अपने क्षेत्रों के शिष्यों की ओर से गुरु जी को सादर प्रणाम करते हैं।

गुरु जी: मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूँ। (तालियाँ)

शिष्य: अन्य देशों से इस सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी दाफा शिष्य अपने-अपने देशों या क्षेत्रों के शिष्यों की ओर से गुरु जी को सादर प्रणाम करते हैं।

गुरू जी: मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूँ। (तालियाँ)

कुछ शिष्यों ने मुझे महान हस्त मुद्राएँ करने के लिए कहा है। तो क्या आप सच में ऐसा चाहते हैं? (तालियाँ)

ठीक है, मैं आपके लिए महान हस्त मुद्राएँ करूँगा। तब हमारा सम्मेलन समाप्त होगा।

यह फा सम्मेलन शीघ्र ही समाप्त होगा। यह वास्तव में सफल रहा है। मुझे पता है कि इस सम्मेलन के माध्यम से सभी शिष्यों ने कुछ हद तक सुधार किया है, अपनी कमियों को पहचान पाए हैं, और महसूस किया है कि उन्हें और अधिक परिश्रम से साधना करनी चाहिए। (तालियाँ) सम्मेलन ने अपने उद्देश्य को अच्छी तरह से पूरा किया है। यह उत्कृष्ट है। अनुभवी शिष्यों के अलावा दर्शकों में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो पहली बार फा सुनने के लिए यहां आए हैं। मुझे आशा है कि जो भी इस सम्मेलन कक्ष में आये हैं, उन्हें ज़ुआन फालुन की एक-एक प्रति मिले, दाफा क्या है इसे जानने का प्रयत्न करें, और इसकी कुछ समझ प्राप्त करने का प्रयास करें, क्योंकि, मैं आपको बता सकता हूं, 10 करोड़ से अधिक लोग इसका अभ्यास कर रहे हैं।

(तालियाँ) यह मेरी इच्छा है कि यह फा सम्मेलन आपको अधिक परिश्रम से साधना करने और अधिक तेज़ी से ऊँचा उठने के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में काम करेगा, और जो लोग पिछड़ गए हैं वे जल्दी करें और आगे बढें और जो अनुचित मार्ग पर चले गए हैं वे जल्दी करें और लौट आएं! (तालियाँ) बेहतर होगा कि आप इस अवसर को न चूकें, क्योंकि वह क्षण दोबारा नहीं आएगा। आप अवसरों को बार-बार गवां नहीं सकते। मुझे पता है कि यह सम्मेलन पूर्वी तट, पूरे यू.एस. और अन्य क्षेत्रों के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में काम करेगा। दाफा साधना में शामिल होने के लिए और भी लोग आएंगे, दुनिया में अच्छे लोग बनेंगे, लोग और भी बेहतर बनेंगे, जब तक कि वे और भी ऊंचे आयामों के अच्छे लोग नहीं बन जाते। (तालियाँ) मैं यहीं रुकता हूँ। मैं बस इतना ही कहूंगा। आप सभी को धन्यवाद। मुझे आशा है कि हर कोई जल्द से जल्द फल पदवी पा लेगा। (तालियाँ)